

राष्ट्रीय दैनिक

# प्रातः किरण

दिल्ली एवं पटना से प्रकाशित

हर खबर पर पकड़

/Pratahkiran /Pratahkiran /Pratahkiran



11 भारत ने कैसे निकाली बैजबॉल की हवा ...

अभी और सांसद-विधायक टूटेंगे ... 12

वर्ष : 11 | अंक : 278 | पटना, मंगलवार, 20 फरवरी, 2024 | विक्रम संवत् 2080 | पेज : 12 | मूल्य ₹ : 03.00 | www.pratahkiran.com

**मौसम**

अधिकतम तापमान 31°C

न्यूनतम तापमान 25.0°C

| | |
|---|---|
| हां | 30% |
| नहीं | 50% |
| कह नहीं सकते | 10% |

**बाजार**

| | |
|---|---|
| सोना | 59,340 |
| चांदी | 55,350 |
| सेंसेक्स | 63,327 |
| निफ्टी | 18,816 |

## संक्षिप्त खबरें

### पीएम आईआईएम के तीन परिसरों का आज करेंगे उद्घाटन

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी शिक्षा क्षेत्र को बढ़ावा देने के लिए मंगलवार को जम्मू, बोधगया और विशाखापत्तनम में भारतीय प्रबंधन संस्थान के परिसरों का उद्घाटन करेंगे और 13,000 करोड़ रुपये से अधिक की कई परियोजनाओं की आधारशिला रखेंगे। मोदी जिन परियोजनाओं को राष्ट्र को समर्पित करेंगे उनमें सूचना प्रौद्योगिकी संस्थान भिलाई, आईआईटी तिरुपति, आईआईटी जम्मू, भारतीय सूचना प्रौद्योगिकी, अभिकल्पना एवं विनिर्माण संस्थान कांचीपुरम, कानपुर में उन्नत प्रौद्योगिकियों पर एक अग्रणी कौशल प्रशिक्षण संस्थान और उत्तराखंड के देवप्रयाग एवं त्रिपुरा के अगरतला में केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय के दो परिसर शामिल हैं। प्रधानमंत्री कार्यालय के एक बयान में कहा गया है, देश भर में कौशल संबंधी बुनियादी ढांचे और शिक्षा के उन्नयन एवं विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए प्रधानमंत्री लगभग 13,375 करोड़ रुपये की कई परियोजनाओं का उद्घाटन करेंगे, कई परियोजनाएं राष्ट्र को समर्पित करेंगे और कई परियोजनाओं की आधारशिला रखेंगे। बयान में कहा गया है, वह देश भर में केंद्रीय विद्यालयों के 20 नए भवनों और 13 नए नवोदय विद्यालयों भवनों का भी उद्घाटन करेंगे। प्रधानमंत्री मोदी देश भर में पांच केवी परिसरों, एक एनवी परिसर और एनवी के लिए पांच बहुउद्देशीय सभागार की आधारशिला भी रखेंगे।

### केजरीवाल ईडी के छठे समन पर भी पूछताछ के लिए नहीं हुये पेश

नई दिल्ली। आम आदमी पार्टी ने कहा कि दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल आबकारी नीति से जुड़े धन शोधन मामले में पूछताछ के लिए सोमवार को ईडी के सामने पेश नहीं होंगे। पार्टी ने अपने राष्ट्रीय संयोजक को एजेंसी द्वारा जारी छठे समन को अवैध करार दिया और कहा कि केजरीवाल को बार-बार समन भेजने के बजाय ईडी को अदालत के फैसले का इंतजार करना चाहिए। कई बार समन जारी करने के बाद भी केजरीवाल के पूछताछ में शामिल नहीं होने पर ईडी ने अदालत में शिकायत दर्ज कराई है। अदालत ने केंद्रीय एजेंसी द्वारा दायर शिकायत के संबंध में केजरीवाल को शनिवार को व्यक्तिगत तौर पर पेश होने से राहत दे दी थी। केजरीवाल के अधिवक्ता द्वारा दायर आवेदन में कहा गया कि दिल्ली विधानसभा का बजट सत्र 15 फरवरी से शुरू हो गया है और मार्च के पहले सप्ताह तक चलेगा।

### लेफ्टिनेंट जनरल उपेन्द्र द्विवेदी ने सेना उपप्रमुख का पदभार किया ग्रहण

नई दिल्ली, । लेफ्टिनेंट जनरल उपेन्द्र द्विवेदी ने सोमवार को लेफ्टिनेंट जनरल एम. वी. सुचिन्द्र कुमार की जगह सेना के उपप्रमुख का पदभार ग्रहण किया। लेफ्टिनेंट जनरल द्विवेदी इससे पहले नॉर्थन आर्मी कमांडर के पद पर कार्यरत थे। लेफ्टिनेंट जनरल कुमार को उधमपुर स्थित नॉर्थन कमांड का जनरल-ऑफिसर-कमांडिंग नियुक्त किया गया है। मौजूदा सेना प्रमुख जनरल मनोज पांडे 31 मई को सेवानिवृत्त होंगे। उनके बाद सेना प्रमुख बनने की दौड़ में लेफ्टिनेंट जनरल द्विवेदी सबसे आगे हैं। अपनी नई जिम्मेदारी संभालने से पहले लेफ्टिनेंट जनरल द्विवेदी ने यहां राष्ट्रीय युद्ध स्मारक पर शहीद नायकों को श्रद्धांजलि दी और गार्ड ऑफ ऑनर का निरीक्षण किया।

# विकास के साथ विरासत के मंत्र को आत्मसात कर रहा है नया भारतः मोदी

## प्रधानमंत्री ने श्रीकल्कि धाम मंदिर की आधारशिला रखी

प्रात : किरण

संभल/एजेंसी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को कहा कि आज का नया भारत विकास के साथ विरासत के मंत्र को आत्मसात कर रहा है। कल्कि मंदिर के शिलान्यास के अवसर पर श्री मोदी ने कहा, हम विकास भी, विरासत भी के मंत्र को आत्मसात करते हुए चल रहे हैं। आज एक ओर हमारे तीर्थों का विकास हो रहा है, तो दूसरी ओर शहरों में हाइटेक इंफ्रास्ट्रक्चर भी तैयार हो रहा है। आज अगर मंदिर बन रहे हैं, तो देश भर में नए मेडिकल कॉलेज भी बन रहे हैं। आज विदेशों से हमारी प्राचीन मूर्तियां भी वापस लाई जा रही हैं और रिकॉर्ड संख्या में विदेशी निवेश भी आ रहा है।

कांग्रेस का नाम लिये बगैर उन्होने कहा, कई ऐसे अच्छे काम हैं, जो कुछ लोग मेरे लिए ही छोड़ कर चले गए हैं। आगे भी जितने अच्छे काम रह गए हैं, उनको भी संतों और जनता-जनार्दन के आशीर्वाद से हम पूरा करेंगे। मुझे विश्वास है कि कल्कि धाम



भारतीय आस्था के एक और विराट केंद्र के रूप में उभरकर सामने आएगा। प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत पराभव से भी विजय को खींच लाने वाला राष्ट्र है। हम पर सैकड़ों वर्षों तक इतने आक्रमण हुए। कोई और देश होता, कोई और समाज होता तो लगातार इतने आक्रमणों की चोट से पूरी तरह नष्ट हो गया होता। फिर भी हम न केवल डटे रहे, बल्कि और भी ज्यादा मजबूत होकर सामने आए। आज पहली बार भारत उस मुकाम पर है, जहां हम अनुसरण नहीं कर रहे, उदाहरण पेश कर रहे हैं। उन्होने कहा कि आज पहली बार भारत को टेक्नोलॉजी और डिजिटल टेक्नोलॉजी के क्षेत्र में संभावनाओं के केंद्र के रूप में देखा जा रहा है। हमारी पहचान इनोवेशन हब के तौर पर हो रही है। पहली बार भारत का नागरिक चाहे वो दुनिया के किसी भी कोने में हो, अपने आप को गौरवान्वित महसूस करता है। श्री मोदी ने कहा, देश में सकारात्मक सोच और आत्मविश्वास का ज्वार अद्भुत है। इसलिए आज हमारी शक्ति भी अनंत है और हमारे लिए संभावनाएं भी अपार हैं। उन्होने कहा कि कई एकड़ में फैला ये विशाल धाम कई मायनों में विशिष्ट होने वाला है। ये ऐसा मंदिर होगा, जिसमें 10 गर्भगृह होंगे और भगवान के सभी 10 अवतारों को विराजमान किया जाएगा। दस अवतारों के माध्यम से हमारे शास्त्रों में केवल मनुष्य ही नहीं बल्कि अलग-अलग स्वरूपों में ईश्वरीय अवतार को प्रस्तुत किया गया है। यानी हमने हर जीवन में ईश्वर की ही चेतना के दर्शन किये हैं। श्री मोदी ने कहा कि आज छत्रपति शिवाजी महाराज की जन्म-जयंती भी है। ये दिन इसलिए और भी पवित्र और प्रेरणादायक हो जाता है। आज हम देश में जो सांस्कृतिक पुनरोदय देख रहे हैं, अपनी पहचान पर गर्व कर रहे हैं, ये प्रेरणा हमें छत्रपति शिवाजी महाराज से ही मिलती है। मैं इस अवसर पर छत्रपति शिवाजी महाराज के चरणों में श्रद्धापूर्वक नमन करता हूं। प्रधानमंत्री ने कहा कि आज यूपी की धरती से भक्ति, भाव और अध्यात्म की एक और धारा प्रवाहित होने को लालायित है। आज पूज्य संतों की साधना और जनमानस की भावना से एक और पवित्र धाम की नींव रखी जा रही है।

## मुख्यमंत्री ने 383 पुलिस वाहनों को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

# राज्य में पुलिसिंग की कार्यक्षमता एवं दक्षता और बढ़ेगी

## विधि व्यवस्था के संधारण में भी होगी सहूलियत

प्रात : किरण संवाददाता

पटना। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने सोमवार को पुलिस को सुदृढ़ करने हेतु थानों एवं इकाईयों के लिए 383 पुलिस वाहनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इन पुलिस वाहनों की उपलब्धता से राज्य में पुलिसिंग की कार्यक्षमता एवं दक्षता और बढ़ेगी, साथ ही विधि व्यवस्था के संधारण में सहूलियत होगी। 1 अणे मार्ग प्रांगण में आयोजित लोकार्पण कार्यक्रम में पुलिस महानिदेशक आरएस भट्टी ने मुख्यमंत्री को पौधा भेंटकर उनका अभिनन्दन किया। इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, उप मुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव दीपक कुमार, मुख्य सचिव आमिर




सुबहानी, पुलिस महानिदेशक आर एस भट्टी, गृह विभाग के अपर मुख्य सचिव सह मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव डॉ एस सिद्धार्थ, मुख्यमंत्री के सचिव अनुपम कुमार, गृह विभाग के सचिव प्रणव कुमार, गृह विभाग की विशेष सचिव के सुहिता अनुपम, मुख्यमंत्री के विशेष कार्य पदाधिकारी गोपाल सिंह सहित अन्य वरीय अधिकारीगण उपस्थित थे।

# रामभक्तों को लेकर रवाना हुई आस्था स्पेशल ट्रेन

प्रात : किरण संवाददाता

पटना। पटना से अयोध्या जाने वाले श्रद्धालुओं को लेकर सोमवार को आस्था स्पेशल ट्रेन रवाना हुई। पटना जंक्शन से रामभक्तों को लेकर जाने वाली आस्था स्पेशल ट्रेन को उपमुख्यमंत्री विजय सिन्हा ने झंडी



दिखाकर रवाना किया। इस दौरान पटना जंक्शन जय श्रीराम के नारे से गूंज उठा। इस मौके पर उप मुख्यमंत्री श्री सिन्हा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी सनातन के प्राचीन वैभव को पुनर्जीवित करने में लगे हैं। उन्होंने कहा कि 500 सालों के बाद न केवल टेंट में रह रहे प्रभु श्रीराम भव्य मंदिर में प्रवेश किए बल्कि आजादी के बाद इन गरीबों के लिए भी घर बने जो परिवार अब तक झोपड़ी में रहता था। उन्होंने कहा कि आज काशी का विकास हो रहा है तो अयोध्या में पर्यटकों की संख्या में अभूतपूर्व वृद्धि हुई है। उन्होंने कहा कि यह रामभक्तों के लिए अनोखा अवसर है जब उनके लिए किसी सरकार ने रामलला के भव्य मंदिर का दर्शन करने के लिए व्यवस्था की है।

# सीएम नीतीश के नेतृत्व में आगे बढ़ रहा बिहार : सम्राट

## सदन में बजट पर चर्चा के दौरान उपमुख्यमंत्री ने गिनाई सरकार की उपलब्धियां

- बोलें-2005 से पहले की स्थिति सबको पता है
- यह विकास और न्याय का बजट है

प्रात : किरण संवाददाता

पटना। उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में बिहार बदल रहा है। वित्तीय बजट 2024-25 में दो लाख 78 करोड़ से ज्यादा का बजट हो गया है। यह विकास और न्याय का बजट है। सोमवार को सदन में बजट पर चर्चा के दौरान सरकार का पक्ष रखते हुए वित्त मंत्री सम्राट चौधरी ने ये बातें कहीं। इस दौरान डिप्टी सीएम ने प्रमुख लालू यादव और उनके परिवार पर जमकर हमला बोला। सम्राट चौधरी ने कहा कि 2005 से पहले क्या स्थिति थी यह सब लोग जनते हैं। आज बिहार आगे बढ़ रहा है। उन्होंने सीएम नीतीश कुमार ड्रीम प्रोजक्ट सात निश्चय एक और दो की भी तारीफ की।

रोजगार पर विपक्ष के सवाल पर सम्राट चौधरी ने कहा कि यह लोग रोजगार की चिंता करते हैं, लेकिन इनको पता नहीं है कि बिहार में लालू जी मुख्यमंत्री रहे तब तक राज्य के लोगों को एक लाख नौकरी भी नहीं मिली। बिहार में 2005 से 2020 तक सात लाख से अधिक



नौकरी दी गई। सम्राट चौधरी ने दावा करते हुए कहा कि जातीय गणना करना बिहार की एनडीए सरकार का निर्णय था। जून 2022 के कैबिनेट में निर्णय लिया गया था। उन्होंने कहा कि नीतीश कुमार ने ठहरे बिहार को आगे बढ़ाया है। सम्राट चौधरी ने आरोप लगाते हुए कहा कि कभी मुख्यमंत्री आवास से अपराध को संरक्षण मिलता था। एक अणे मार्ग में वसूली होती थी। नीतीश कुमार ने इन सबको बदला। आज उनके नेतृत्व में बिहार न्याय और विकास के साथ साथ बढ़ रहा है।

उपमुख्यमंत्री ने कहा कि बिहार की अर्थव्यवस्था वर्ष 2022-23 के दौरान पूरे देश में 10.64 प्रतिशत की वृद्धि दर के साथ अग्रणी रहा है, जो एक बड़ी उपलब्धि है। मुझे यह बताते हुए हर्ष हो रहा है कि बिहार की यह वृद्धि दर देश के अन्य राज्यों एवं केन्द्र प्रशासित प्रदेशों से अधिक है जबकि 10.2 प्रतिशत के साथ असम दूसरे स्थान पर तथा 9.2 प्रतिशत के साथ दिल्ली तीसरे स्थान पर है। बिहार राज्य की इस आर्थिक विकास दर को आगे बढ़ाते हुए वित्तीय वर्ष 2024-25 में 13.69 प्रतिशत वृद्धि दर अनुमानित किया गया है।

राज्य के सर्वांगीण विकास हेतु मुख्यमंत्री के मंत्र न्याय के साथ विकास की यात्रा को अधिक तेजी से आगे बढ़ाने का संकल्प इस बजट के केन्द्र बिन्दु में है। सरकार द्वारा पूर्व से चलाये जा रहे योजनाओं व कार्यक्रमों के साथ-साथ वर्ष 2024-25 के बजट में नियुक्ति एवं रोजगार, महिला सशक्तिकरण, विभिन्न वर्गों का कल्याण, स्वास्थ्य प्रक्षेत्र, शिक्षा प्रक्षेत्र, कृषि एवं ग्रामीण विकास, उद्योग एवं उद्यमित्ता विकास एवं पर्यावरण संरक्षण एवं हरित विकास की प्राथमिकताएं भी निर्धारित की गई है। खिलाड़ियों के चहूँमुखी विकास के लिए एक नया खेल विभाग का गठन किया गया है। श्री चौधरी ने कहा कि स्वच्छता हेतु सघन अभियान चलाया जा रहा है। जीविका ने महिलाओं के सर्वांगीण विकास के लिए विभिन्न क्षेत्र जैसे वित्तीय समावेशन, कृषि उद्यमिता, दीदी की रसोई, बैंक सखी, स्वास्थ्य सहित स्वच्छता के क्षेत्र में भी उल्लेखनीय प्रदर्शन किया है।

# कमलनाथ के बारे में दुष्प्रचार भाजपा का एजेंडा : कांग्रेस

प्रात : किरण

नई दिल्ली/एजेंसी। कांग्रेस ने मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ के पार्टी से रिश्ता तोड़ कर भाजपा में जाने संबंधी अटकलों को सिरे से खारिज करते हुए सोमवार को कहा कि वह पार्टी के वरिष्ठ नेता हैं और राहुल गांधी की अगुवाई वाली भारत जोड़ो न्याय यात्रा के प्रदेश में पहुंचने के बाद इसमें शामिल होंगे। पार्टी महासचिव और मध्य प्रदेश प्रभारी जितेंद्र सिंह ने यह दावा भी किया कि कमलनाथ को लेकर जो अटकलें और दुष्प्रचार हैं वो सब भारतीय जनता पार्टी का किया धरा है। उन्होंने संवाददाताओं से कहा, कमलनाथ जी हमारे बहुत ही वरिष्ठ नेता हैं। जो भी अटकलें चल रही हैं, ये सब भाजपा और मीडिया के एक हिस्से द्वारा फैलाया गया दुष्प्रचार है। सिंह के अनुसार, कमलनाथ जी से मेरी रविवार भी बात हुई, शनिवार को भी बात हुई थी। उनसे चर्चा हुई कि यात्रा में किस तरह से तैयारियां करनी हैं। मंगलवार मैं भोपाल जा रहा हूं, सांसद, विधायकों और नेताओं के साथ बैठक होगी। बैठक में कमलनाथ जी भी शामिल होंगे। उनके सुझाव के हिसाब से यात्रा चलेगीकमलनाथ जी यात्रा में प्रमुख रूप से भाग लेंगे।

# सीएम नीतीश ने आईआईटी बिहटा में नवनिर्मित भवनों का लिया जायजा

## पीएम आज नवनिर्मित भवनों का करेंगे लोकार्पण

प्रात : किरण संवाददाता

पटना। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने सोमवार को आईआईटी बिहटा, पटना का परिभ्रमण कर नवनिर्मित भवनों का जायजा लिया। आईआईटी बिहटा पटना के प्रबंधन द्वारा प्रजेंटेशन के माध्यम से दूसरे फेज के तहत नवनिर्मित रेशिडेंसियल जोन, एकेडमिक जोन, स्पॉर्टस जोन, हॉस्टल जोन आदि के संबंध में मुख्यमंत्री को विस्तृत जानकारी दी गई। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा वर्चुअल माध्यम से बिहटा स्थित आईआईटी पटना के परिसर में नवनिर्मित भवनों का सोमवार यानी आज लोकार्पण करेंगे। फेज 2 के तहत लोकार्पित होने वाले नवनिर्मित 24 भवनों



का निर्माण 1 लाख 7 हजार 761 वर्ग फीट में कराया गया है जिसकी कुल लागत 426 करोड़ रुपये है। कल लोकार्पित होने वाले नवनिर्मित भवनों में शैक्षणिक भवन, गर्ल्स हॉस्टल, ब्वॉयज हॉस्टल, सेंट्रल लाइब्रेरी, ऑडीटोरियम, सेंट्रल लेक्चर हॉल, स्टूडेंट एक्टीविटीज सेंटर, सीनियर प्राध्यापक, फैकल्टी मेम्बर्स के आवासन सहित अन्य भवन शामिल है।

आईआईटी पटना के चेयरमैन डॉक्टर आनंद देश पांडे ने मुख्यमंत्री को अंगवस्त्र भेंटकर उनका अभिनंदन किया। मुख्यमंत्री ने वर्ष 2007 में भारत सरकार के तत्कालीन मानव संसाधन मंत्री से मिलकर पटना में आईआईटी के स्थापना के लिए विशेष आग्रह किया था, जिसे स्वीकार करते हुए अगले ही वर्ष 2008 में आईआईटी पटना की स्थापना कर दी गई। प्रारंभ में इसके संचालन के लिए पाटलीपुत्र पॉलिटेकनिक संस्थान परिसर में आवश्यक व्यवस्था की गई थी। इसके स्थाई परिसर के लिए बिहार सरकार द्वारा बिहटा में 500 एकड़ भूमि निःशुल्क उपलब्ध कराई गई। मूलभूत शैक्षणिक एवं प्रशासनिक भवनों का निर्माण होने पर वर्ष 2012 में यह संस्थान बिहटा के स्थाई परिसर में हस्थानांतरित हो गया। आईआईटी पटना के परिसर में दूसरे फेज के तहत अन्य नवनिर्मित भवनों का कल प्रधानमंत्री द्वारा लोकार्पण किया जाएगा ताकि अधिक बेहतर ढंग से इसका संचालन हो सके।

# भारत किसी भी आपदा से निपटने में सक्षम : शाह

प्रात : किरण

नई दिल्ली/एजेंसी। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने सोमवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बहुपक्षीय आपदा प्रबंधन योजना लागू की है और इसके तहत सरकार ने त्वरित कार्रवाई बल स्थापित करने के साथ ही पूर्व चेतावनी प्रणाली विकसित की है जिससे लाखों लोगों की जान बचाने में मदद मिली। शाह ने कहा कि एक आपदा रोधी देश के निर्माण के लिए प्रधानमंत्री ने आपदाओं के प्रति भारत की प्रतिक्रिया में शून्य-हताहत दृष्टिकोण अपनाया है और अब आपदा प्रतिक्रिया दल हर व्यक्ति को सुरक्षित करने के लक्ष्य से प्रेरित होकर पूरी तरह से पेशेवर बल के रूप में काम करते हैं। शाह ने एक्स पर आपदा रोधी भारत हैशटैग के साथ पोस्ट किया, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी ने एक बहुपक्षीय आपदा



प्रबंधन योजना लागू की है। इस दृष्टिकोण के तहत मोदी सरकार ने त्वरित प्रतिक्रिया बल स्थापित किये और सतर्क पूर्व चेतावनी प्रणाली विकसित की जिससे लाखों लोगों की जान बचाई गई। गृह मंत्री ने कहा कि मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व में भारत आज किसी भी आपदा से निपट सकता है।

# प्राण प्रतिष्ठा समारोह में राष्ट्रपति को नहीं बुलाया जाना दुर्भाग्यपूर्ण : राहुल

## दलितों, पिछड़ों व आदिवासियों का किया गया अपमान

प्रात : किरण

प्रतापगढ़/एजेंसी। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने सोमवार को कहा कि राम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा समारोह में दलितों, पिछड़ों, आदिवासियों यहां तक कि देश की राष्ट्रपति तक को नहीं बुलाया जाना, इन सब का अपमान है। राहुल गांधी की अगुवाई वाली भारत जोड़ो न्याय यात्रा सोमवार को प्रतापगढ़ पहुंची।

यहां रामपुर खास विधानसभा क्षेत्र के लालगंज इंदिरा चौक पर जनसमूह को संबोधित करते हुए गांधी ने कहा,



राम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा समारोह में अडाणी, अंबानी और अभिताभ बच्चन को बुलाकर मोदी ने यह संदेश दिया कि देश की 73 प्रतिशत आबादी का कोई महत्व नहीं है। राहुल गांधी ने मोदी सरकार पर दलितों, पिछड़े वर्ग और आदिवासियों की उपेक्षा का आरोप लगते हुए कहा कि उन्हें दरकिनार कर पूंजीपतियों को तरजीह दी जा रही है। उन्होंने कहा, प्रधानमंत्री मोदी किसानों कि जेब काटकर अमीरों की जेब भर रहे हैं। धर्म, मजहब के नाम पर देश में नफरत फैलाने का काम किया जा रहा। सरकार देश में युवाओं को रोजगार और महिलाओं की सुरक्षा देने में विफल रही है। ईडी और सीबीआई आदि एजेंसियां मोदी की कठपुतली हैं, जिसका उपयोग विपक्षी पार्टियों को धमकाने के लिए किया जा रहा है।

भारत जोड़ो न्याय यात्रा जिला मुख्यालय होते हुए लालगंज पहुंची। कांग्रेस कार्यकताओं ने जगह-जगह राहुल गांधी का स्वागत किया। इस अवसर पर राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी, विधायक मोना और कांग्रेस अल्पसंख्यक विभाग के राष्ट्रीय अध्यक्ष इमरान प्रतापगढ़ी मौजूद रहे।

**अभ्यास** — वायु सेना का एयर शो आज से शुरू होगा, दुनियाभर की प्रदर्शन टीमें होंगी शामिल

# सारंग हेलीकॉप्टर डिस्प्ले टीम सिंगापुर एयर शो के लिए पूरी तरह तैयार

## डिस्प्ले टीम ने सिंगापुर के चांगी एयरबेस पर पहला अभ्यास प्रदर्शन किया

प्रात : किरण

नई दिल्ली/एजेंसी। भारतीय वायु सेना की सारंग हेलीकॉप्टर डिस्प्ले टीम ने 12 फरवरी को सिंगापुर पहुंचने के बाद रविवार को पहला अभ्यास प्रदर्शन किया। यह टीम सिंगापुर गणराज्य वायु सेना के चांगी एयरबेस से काम कर रही है। सिंगापुर एयर शो 20 फरवरी से शुरू होगा, जिसमें दुनियाभर की प्रदर्शन टीमें शामिल होंगी। एयर शो में प्रमुख हेलीकॉप्टर उत्पादक कंपनियां एवं ऑपरेटर अपने उत्पादों का प्रदर्शन करेंगे। विंग कमांडर आशीष मोघे ने सोमवार को बताया कि सारंग टीम इस वर्ष सिंगापुर एयर शो में दर्शकों के लिए चार हेलीकॉप्टरों का प्रदर्शन कर रही है। इस डिस्प्ले को एडवांस्ड लाइट हेलीकॉप्टर ध्रुव की दक्षता और बहु उपयोगिता के साथ-साथ इन्हें उड़ाने वाले भारतीय वायुसेना पायलटों के उच्च स्तर के कौशल को प्रदर्शित करने के लिए



डिजाइन किया गया है। स्वदेश निर्मित एडवांस्ड लाइट हेलीकॉप्टर और इसके उन्नत संस्करण भारत की सभी सैन्य सेवाओं में संचालित किए जाते हैं। इस प्लेटफॉर्म का सफल इंडक्शन और परिचालन उपयोग रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता की शानदार सफलता की गाथाओं में से एक है। हिन्दुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड ने एडवांस्ड लाइट हेलीकॉप्टर (ध्रुव) का निर्माण किया है, जिसे सारंग टीम संचालित करती है। हालांकि, सारंग टीम का पहला अंतरराष्ट्रीय प्रदर्शन 2004 में चांगी प्रदर्शनी केंद्र एशियाई एयरोस्पेस एयर शो के लिए सिंगापुर में हुआ था लेकिन यह हेलीकॉप्टर पहली बार सिंगापुर एयरशो में शामिल हो रहा है। भारतीय वायु सेना की विश्व प्रसिद्ध सारंग हेलीकॉप्टर डिस्प्ले टीम 20 फरवरी से सिंगापुर में होने वाले एयर शो में एयरोबेटिक्स युद्धाभ्यास का प्रदर्शन करेगी। इसके लिए भारत के 71 वायु योद्धाओं की एक टीम सिंगापुर के पया लेबर एयरबेस पर पहुंच चुकी है। भारतीय वायुसेना के हेवी लिफ्ट परिवहन विमान सी-17 ग्लोबमास्टर से सारंग हेलीकॉप्टर डिस्प्ले टीम को सिंगापुर ले जाया गया है।

# एमएसपी की कानून गारंटी की मांग जारी : किसान नेता

## कहा- किसान केंद्र के प्रस्ताव पर चर्चा करेंगे

प्रात : किरण

चंडीगढ़/एजेंसी। किसान नेता सरवन सिंह पंधेर ने सोमवार को कहा कि सरकारी एजेंसियों द्वारा न्यूनतम समर्थन मूल्य पर दलहन, मक्का और कपास खरीदने के केंद्र के प्रस्ताव पर किसान चर्चा करेंगे, लेकिन उन्होंने इस बात पर भी जोर दिया कि वे फसलों के लिए एमएसपी की कानूनी गारंटी की अपनी मांग से पीछे नहीं हटेंगे। उनकी टिप्पणी किसान नेताओं और तीन केंद्रीय मंत्रियों की एक समिति के बीच रविवार को हुई बैठक के बाद आई है। दिल्ली चलो अभियान को लेकर हजारों किसान पंजाब और हरियाणा की सीमा पर डटे हुये हैं। शंभू सीमा पर संवाददाताओं से पंधेर ने कहा कि केंद्र की ओर से दिये गये प्रस्ताव पर किसान चर्चा करेंगे।

एक सवाल पर उन्होंने कहा कि किसान एमएसपी की गारंटी देने वाले कानून की अपनी मांग से पीछे नहीं हटे हैं और न ही कभी पीछे हटेंगे। पंधेर ने बताया कि किसान नेता खनौरी सीमा पर पहुंच रहे हैं जहां एक किसान की मौत हो गई थी। विरोध प्रदर्शन में शामिल एक 72 वर्षीय किसान की रविवार को दिल का दौरा पड़ने से मौत हो गई। इससे पहले शंभू सीमा पर एक अन्य 63 वर्षीय किसान की भी इसी तरह मौत हो गई थी।

# सैदपुर-पहाड़ी नाला को पाट समय-सीमा में रोड बनाने को धरना

## नहरनुमा नाला में गिर हुई मौत के परिजन को मुआवजा व नौकरी मिले

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता




सैदपुर-पहाड़ी नाला में गिर कर जिन लोगों की मौत हो चुकी है, उन सबों के परिजनों को 10-10 लाख का मुआवजा और एक-एक सदस्य को सरकारी नौकरी की मांग को लेकर धरना दिया गया। साथ ही सैदपुर नाला को आशियाना नगर नाला की तरह ढंक कर सड़क समय-सीमा के अंदर बनाने के मांग की गई। इसे लेकर सोमवार को जन संघर्ष मोर्चा के द्वारा अनुमंडल कार्यालय गेट पर महाधरना किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता मोर्चा के अध्यक्ष सह पूर्व पार्षद प्रदीप मेहता ने कहा कि सैदपुर नाला पर सड़क बनाने को लेकर मुख्यमंत्री ने 19 जनवरी, 2018 को सम्राट अशोक रिसर्च सेंटर, अगमकुआं के उद्घाटन के अवसर पर घोषणा किए थे और इसके छह साल बाद मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और बतौर उप मुख्यमंत्री तेजस्वी यादव ने 23 सितंबर, 23 को नाला पर सड़क बनाने के लेकर 259 करोड़ की योजना का शिलान्यास किए। नाला पर सड़क निर्माण के लिए नोडल एजेंसी बुडको को चयनित

किया गया, लेकिन बुडको की लापरवाही एवं कार्य संवेदनहीनता के कारण सैदपुर से अभी तक कोई भी निर्माण कार्य प्रारंभ नही हुआ। जहां पर नाला बहुत ही खतरनाक और दीवारविहीन है, वहां पर अभी तक बेरिकेडिंग नहीं किया गया है। इसके कारण पिछले छह माह में पांच युवा 4 फरवरी को सोनू उर्फ शाहिद, 4 जनवरी को रवि कुमार और 25 नवंबर को मनीष कुमार और दो अज्ञात व्यक्तियो की नाला में गिर कर अकाल मौत हो गई। सभी मृतक के छोटे-छोटे बच्चे और पत्नी है। उसे मानवीय सहायता की जरूरत है। यह सभी मौत बुडको और सरकार की लापरवाही के कारण हुआ है। इसलिए सरकार या बुडको सभी मृतक के परिजनों को एक सरकारी नौकरी और 10 लाख का मुआवजा दे, नहीं तो मोर्चा मुआवजा के लिए न्यायालय में भी जा सकता है।

जन संघर्ष मोर्चा धरना के माध्यम से सरकार से मांग करता है कि सैदपुर-पहाड़ी नाला पूर्णरूपेण ढंक कर सड़क का निर्माण कराया जाए, ताकि भविष्य में नाला में गिरकर किसी व्यक्ति का मौत न हो। संचालन मोर्चा के महासचिव उमेश पंडित ने किया। धरना को संबोधन करने वालों में कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राजकुमार राजन, राजद के पूर्व प्रदेश महासचिव राजाराम यादव, राजद के पूर्व महासचिव बलराम चौधरी, मोर्चा के पूर्व अध्यक्ष देवरत्न प्रसाद, डॉ इकबाल अहमद, महिला नेत्री प्रतिमा देवी, अमोद कुमार, मो जावेद, नंदकिशोर मेहता, माले के वरिष्ठ नेता शंभू नाथ मेहता, गुलाम सरवर आजाद, मो कैसर, मो सौकत, अजीत सिंह कुशवाहा, नीरज कसेरा, राजा जी, हिदायत अहमद, मुन्ना जायसवाल, शाहीन अनवर, फिरोज हसन, मो शमीम अख्तर, रणधीर यादव, चंद्रदीप मेहता, मो फिरोज, डॉ धीरज मेहता, अनूप कुमार सिंह, शेषनारायण मेहता, दशरथ प्रसाद केसरी, अरुण सोनकर, मुन्ना खान, आफताब अहमद, श्रवण मेहता, रामबाबू पाल, रविंद्र कुमार सिन्हा, शेषनारायण मेहता, चंद्रदीप मेहता आदि थे। धरना के बाद अनुमंडल कार्यालय में मोर्चा का प्रतिनिधिमंडल मिलकर मांगों के समर्थन में ज्ञापन सौंपा।

# दिव्यांगों के बीच कृत्रिम उपकरण व ट्राई साइकिल वितरित



पटना सिटी, प्रात : किरण संवाददाता

भारत विकास विकलांग न्यास के सेवा और संस्कार प्रकोष्ठ की ओर से पोलियो एवं करेक्टिव शल्य चिकित्सा शिविर पहाड़ी स्थित भारत विकास एवं संजय आनंद विकलांग अस्पताल सह रिसर्च सेंटर में किया गया। शिविर का उद्घाटन ब्रिगेडियर एके सिंह ने किया। आयोजन में डॉ एसएस झा, विद्यार्थी परिषद के राष्ट्रीय महामंत्री डॉ याज्ञवल्य शुक्ल, कैलाश चन्द्र झा, डॉ मिथिलेश कुमार, डॉ दिव्येन्दु चौधरी और मंजू खेतान ने विचार रखे। पद्मश्री बिमल जैन ने प्रतीक चिह्न देकर सम्मानित किया। अतिथियों का स्वागत चेयरमैन देशबंधु गुप्ता ने की। इस दौरान 35 दिव्यांगजनों को कृत्रिम उपकरण व दो दिव्यांगों को ट्राई साइकिल प्रदान किया गया। आयोजन में रोटरी नेक्स्टजेन के अध्यक्ष कुमार अभिज्ञान, श्री उदरीक विक्रम एवं आयुष अग्रवाल, अमर कसेरा, रेखा कसेरा, संतोष जैन आदि शामिल हुए। कार्यक्रम का समापन वीणा गुप्ता के धन्यवाद ज्ञापन से हुआ।

# पुलिस ने चोरी के 105 बैट्री के साथ तीन को किया गिरफ्तार



पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

चौक थाना की पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर मंगल तालाब स्लम बस्ती के पास से वाहन पर लदे 105 पीस बैटरी बरामद किया है। की कीमत करीब 15 लाख रुपया कहां की गई है। मामले में तीन लोगों को गिरफ्तार भी किया गया है। दो फरार की खोज जारी है। थानाध्यक्ष शशि कुमार राणा ने बताया कि सूचना मिली की मंगल तलब स्लम एरिया के पास तीन मालवाहक वाहन खड़ा है। तीनों वाहन पर चोरी के 105 पीस बैटरी लदा है। वाहन को थाना लाया गया और बैटरी को बरामद करते हुए तीन लोगों को गिरफ्तार किया गया है। छापेमारी के लिए पहुंची टीम ने जब मालवाहक वाहन के चालकों से बैटरी के कागजात की मांग की, तब चालक अजय राय, पिंटू महतो व चंद्रशेखर राय ने कागजात नहीं दिखाया। इन लोगों ने बताया कि दो लोगों, जो फुलौड़ी गली व बंदरिया गली के रहने वाले हैं, ने उनके वाहन को बुक कर यहां बैट्री पहुंचाने को कहा था। वाहन चालकों को दो मोबाइल नंबर भी दिया था। पुलिस ने जब उन दोनों नंबरों पर कॉल किया तो दोनों बंद मिल रहा है। पुलिस दोनों मोबाइल नंबर का कॉल डिटेल्स और उसके मालिक का पता कर रही है। पुलिस ने तीनों वाहन पर लदे 105 पीस ब्रांडेड बैटरी को बरामद करते हुए मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले में छानबीन कर रही है। पुलिस का कहना है कि ब्रांडेड कंपनी की चोरी का बैटरी है। पकड़े गए तीनों चालक को पूछताछ के बाद जेल भेज दिया गया है। पुलिस बैटरी मंगाने वाले और वाहन बुक करने वाले की तलाश में छापेमारी कर रही है।

# भाजपा विधानमंडल दल की बैठक में रणनीति पर हुई चर्चा: सम्राट

प्रात : किरण संवाददाता

- सदन में विपक्ष के आरोपों का दिया जाएगा समुचित जवाब

पटना। उपमुख्यमंत्री सह भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सम्राट चौधरी ने कहा कि सोमवार को प्रदेश कार्यालय के अटल सभागार में बिहार भाजपा विधानमंडल दल की बैठक में मौजूदा सत्र में पार्टी की रणनीति एवं योजनाओं पर विस्तृत चर्चा हुई। इस बैठक में उपमुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा, पूर्व उपमुख्यमंत्री रेणु देवी, हरि साहनी, पूर्व मंत्री मंगल पांडेय आदि के साथ सभी वरिष्ठ नेता शामिल हुए। श्री चौधरी ने कहा कि भाजपा विधानमंडल दल के सभी सदस्यों को सत्र में उपस्थित रहने का निर्देश दिया गया। इसके साथ ही विपक्ष के थोथे आरोपों का समुचित जवाब देने की रणनीति पर भी चर्चा की गई।उन्होंने कहा कि यह बजट सत्र है, जिसमें अन्य विधायी कार्यों के साथ ही विभागवार बजट पर भी चर्चा होगी। सत्ताधारी दल होने के नाते भाजपा सदन में अपनी भूमिका का जिम्मेवारीपूर्वक निर्वहन करेगी। विपक्ष से भी अपेक्षा है कि वह एक जिम्मेवार विपक्ष की तरह सदन के संचालन में सहयोग करें।

# राज्य के 14 जिलों में चलाया जाएगा राष्ट्रीय कृमि मुक्ति अभियान

प्रात : किरण संवाददाता

पटना। राज्य के 14 जिलों में आगामी 15 मार्च को राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस मनाया जाएगा. इस दौरान 1 वर्ष से लेकर 19 साल के बच्चों एवं किशोरों को एल्बेंडाजोल दवा की खुराक दी जाएगी. चिन्हित बच्चों एवं किशोरों को सरकारी एवं निजी विद्यालयों, तकनीकी संस्थानों एवं आंगनबाड़ी केंद्रों पर दवा खिलाना सुनिश्चित किया जाएगा. करीब 2 करोड़ 47 लाख 93 हजार बच्चों एवं किशोरों को दवा खिलाने का लक्ष्यः डॉ. विजय प्रकाश राय, राज्य कार्यक्रम पदाधिकारी, शिशु स्वास्थ्य ने बताया कि राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस के लिए 14 जिलों के 1 साल से 19 साल तक के लगभग 2 करोड़ 47 लाख 93 हजार बच्चों एवं किशोरों को दवा खिलाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है. राज्य के अररिया, भोजपुर, बक्सर, दरभंगा, किशनगंज, लखीसराय, मधेपुरा, मधुबनी, नालंदा, नवादा, पटना, पुर्णिया, रोहतास एवं समस्तीपुर जिले में राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस का आयोजन होगा. उन्होंने बताया कि आगामी 19 मार्च को छूटे हुए बच्चों एवं किशोरों को दवा खिलाने के लिए मॉप अप दिवस मनाया जायेगा. बच्चों के सीखने की क्षमता को प्रभावित करता है कृमिः डॉ. विजय प्रकाश राय ने बताया कि कृमि संक्रमण, बच्चों के बौद्धिक विकास को प्रभावित करता है जिससे उनकी सीखने की क्षमता पर नकारात्मक प्रभाव पड़ता है. कृमि से ग्रसित बच्चे एवं किशोर अक्सर कुपोषण का शिकार होते हैं और स्कूलों में उनकी नियमित उपस्थिति नहीं रहती है. उन्होंने अपील किया कि 15 मार्च को सभी बच्चे एवं किशोर कृमि मुक्ति की दवा का सेवन जरुर करें। डॉ. राय ने बताया कि जिन बच्चों एवं किशोरों के पेट में कृमि की संख्या ज्यादा होती है उनमे दवा सेवन के बाद जी मतलाना, कमजोरी का अनुभव करना, सर अथवा पेट में दर्द की शिकायत हो सकती है और यह स्वतः कुछ देर में समाप्त हो जाती है. उन्होंने बताया कि कृमि मुक्ति दिवस एवं मॉप अप दिवस के दिन स्वास्थ्य विभाग अलर्ट मोड में रहेगा और अभियान की सघन निगरानी की जाएगी. जिला एवं प्रखंड स्तर पर रैपिड रिस्पांस टीम गठित रहेगी जो दवा सेवन के उपरांत किसी भी समस्या का त्वरित निवारण करेगी. स्वच्छता का व्यवहार बचाएगा कृमि संक्रमण सेः डॉ. विजय प्रकाश राय ने बताया कि दैनिक जीवनचर्या में स्वच्छता को अपने व्यवहार में शामिल कर कृमि संक्रमण से सुरक्षित रहा जा सकता है. अभिभावक छोटी छोटी बातों को ध्यान में रखकर अपने बच्चों को कृमि के संक्रमण से बचा सकते हैं. उन्होंने कहा कि नंगे पैर घर से बाहर नहीं निकलना, खाने के पहले एवं शौच के उपरांत अच्छे से हाथों की सफाई करना, खाने में स्वच्छता का ध्यान एवं स्वच्छ पानी का सेवन, फल एवं सब्जियों को इस्तेमाल से पहले अच्छी तरह से धोना आदि जैसी छोटी छोटी आदतों को अपने व्यवहार में शामिल कर हम कृमि संक्रमण के खतरे से बच्चों को सुरक्षित रख सकते हैं।

# विपक्ष का प्रायोजित कार्यक्रम है किसान आंदोलन : प्रभाकर मिश्र

पटना, प्रात :किरण संवाददाता



भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रभाकर कुमार मिश्र ने कहा कि किसान आंदोलन विपक्षी दलों का प्रायोजित कार्यक्रम है। यह आंदोलन किसानों के हित के लिए नहीं, बल्कि विपक्षी दल के नेताओं के चेहरे चमकाने के लिए किया गया है। श्री मिश्र ने सोमवार को प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा कि किसानों का हित और उनकी आय बढ़ाना मोदी सरकार की प्राथमिकता में शामिल है। विपक्षी दल किसानों को गुमराह कर अपना स्वार्थ सिद्ध करने में जुटे हैं। वे आंदोलनकारी किसानों को आगे कर विखंडनकारी तत्वों को पोषित कर रहे हैं। श्री मिश्र ने कहा कि 21 फरवरी को एनडीए सांसदों का घेराव करने का कार्यक्रम बनाया गया है, लेकिन यह कभी सफल नहीं होगा। किसानों को गुमराह करने वाले तत्वों से सावधान रहने की जरूरत है। कारण कि विखंडनकारी तत्व आंदोलनकारी किसानों को बदनाम करने और उनकी छवि खराब करने की साजिश कर रहे हैं। किसानों को यह समझने कि जरूरत है कि आखिर कांग्रेस की सरकार ने उनके कल्याण के लिए क्या किया? मोदी सरकार ने किसानों के लिए अनेक योजनाएं चलायीं। किसान सम्मान योजना से लाखों किसान लाभान्वित हो रहे हैं। साथ ही, फसलों का एमएसपी बढ़ा कर मोदी सरकार ने किसानों की आय भी बढ़ायी है।

# पटना साहिब कॉरिडोर व सौंदर्यीकरण को ले केंद्र की पहल हुई तेज

- कभी भी पीएम कर सकते घोषणा, केंद्रीय मंत्री हरदीप पुरी कर रहे पहल

पटना सिटी, आनंद केसरी

सिखों के देश के पांच प्रमुख तख्त में से दूसरा प्रमुख तख्त, जो दशमेश पिता का अवतार स्थली तख्तश्री हरिमंदिर जी पटना साहिब भी है। यहां की प्रबंधक कमेटी लगातार प्रयत्न शील है कि पटना साहिब कॉरिडोर कैसे बने और सौंदर्यीकरण का काम कैसे हो। साथ ही गायघाट से कंगन घाट के बीच मरीन ड्राइव पर वाहन दौड़ने पर अशोक राजपथ पर वाहनों का दबाव बढ़ने से कैसे निबटा जाए, पर लगातार केंद्र और राज्य सरकार के मंत्रियों से लेकर अधिकारियों से तालमेल कर पत्राचार और मिलकर बात कर रहे हैं। तख्तश्री कमेटी के अध्यक्ष जगजोत सिंह सोही और महासचिव इंद्रजीत सिंह ने बताया कि फिलहाल कमेटी के द्वारा सीएसआर का रजिस्ट्रेशन केंद्र सरकार के विभाग से कराया जा रहा है। इसके लिए प्रक्रिया शुरू कर आवेदन किया गया है और जल्द ही उन सबों को रजिस्ट्रेशन मिल जाएगा। दरअसल यदि कोई तख्तश्री हरिमंदिर जी पटना साहिब को संसाधन या नगद फंड देना चाहते हैं, तो उसमें इस बात का जिक्र है कि दिए गए नगद किस उद्देश्य के लिए है और इस राशि का उपयोग किस मद में किया गया है। इसे लेकर अध्यक्ष श्री सोही, महासचिव इंद्रजीत सिंह, सचिव हरबंश सिंह, वरीय उपाध्यक्ष लखबिंदर सिंह, कनीय उपाध्यक्ष गुरुविंदर सिंह के अलावा सुमित सिंह कलसी और वर्चुअल रूप से चार्टर्ड अकाउंटेंट और लीगल एडवाइजर जुड़े। इस दौरान रजौली में जमीन से जुड़े मामले पर चर्चा की गई। कानूनविद् सौरभ सिंह से भी बातों पर चर्चा की गई। इसके अलावा नेशनल ट्रिब्यूनल यानी एनजीटी से जुड़े मामले पर भी कंगन घाट को लेकर जवाब दिया जाना था। बैठक में इस बात का भी निर्णय लिया गया कि हर शनिवार को वह सब पटना में रहे कमेटी के सदस्य व पदाधिकारी शारीरिक रूप से और बाकी सभी जूम पर उपलब्ध होकर चल रहे कार्यों और योजनाओं के बारे में रिव्यू करेंगे। वहीं अध्यक्ष ने कहा कि बहुत अधिक संभावना है कि मरीन ड्राइव गायघाट से कंगन घाट के बीच एलिवेटेड रोड पर इस माह के अंत तक या मार्च में उद्घाटन किया जाए। इसे लेकर कंगन घाट के एप्रोच से लेकर अशोक राजपथ के झाऊगंज (झाऊगंज डाकघर मोड़) के पास तक वाहनों का दबाव बढ़ेगा। ऐसे में कंगन घाट में मल्टी स्टोरी वाहन पार्किंग बनाने, जमीन का अधिग्रहण कर सड़क का चौड़ीकरण, रास्ते में जहां-जहां रास्ता संकरा हो रहा है, वहां ट्रेफिक पुलिस की तैनाती के संबंध में बिहार के डीजीपी और संबंधित पुलिस प्रशासन के अधिकारियों को लिखा गया है। सबसे बड़ी बात है कि उज्जैन के श्री महाकाल, श्री अमृतसर, अयोध्या धाम, मां कामाख्या मंदिर, श्री काशी विश्वनाथ आदि कॉरिडोर का निर्माण कर विकास और सौंदर्यीकरण का काम किया गया है। मगर बिहार इससे अछूता है। पिछली बार केंद्रीय शहरी विकास मंत्री हरदीप सिंह पुरी पटना साहिब आए थे और उन्होंने पटना में कॉरिडोर कैसे बने और सौंदर्यीकरण का काम कैसे हो, इस संबंध में खास चर्चा किया था।इसे लेकर केंद्र सरकार योजना बना चुकी है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सहमति मिलनी बाकी है। जहां तक जमीन अधिग्रहण से लेकर कुछ अन्य तकनीकी मामला, जो बिहार सरकार से जुड़ा है, वहां पेंच फंस रहा था। मगर अब बिहार में भी भाजपा-जदयू नीत एनडीए सरकार हो जाने से संभावना बनी है कि यदि योजनाओं की स्वीकृति केंद्र सरकार से मिल जाती है, तो काम तेजी से आगे बढ़ सकता है। तख्तश्री कमेटी के अध्यक्ष जगजोत सिंह सोही कहते हैं कि उनकी कोशिश है की कंगन घाट में मल्टी स्टोरी वाहनों के पार्किंग का बनना, कंगन घाट से लेकर अशोक राजपथ तख्तश्री हरिमंदिर जी पटना साहिब, हरिमंदिर गली, बाड़े की गली, कचौड़ी गली, अशोक राजपथ से होते हुए शहीद भगत सिंह चौक, गुरु गोविंद सिंह पथ, गुरुद्वारा बाललीला से होते हुए पटना साहिब स्टेशन को भी जोड़ा जाए। मंत्री श्री पुरी ने प्रदेश भाजपा के अध्यक्ष सम्राट चौधरी, स्थानीय विधायक और वर्तमान में विधानसभा अध्यक्ष नंदकिशोर यादव और सांसद रविशंकर प्रसाद के आग्रह पर पटना साहिब गुरुद्वारा तक मेट्रो की सुविधा दिए जाने की मांग की थी। इस पर केंद्रीय मंत्री श्री पुरी ने ठोस आश्वासन भी दिया था। इस पर भी घोषणा किया जाना बाकी है।

# रेलवे के केबूल चोरी कर ठेला से ले जाते चोर गिरफ्तार

प्रात : किरण संवाददाता

दानापुर। खगौल रेलवे स्टेशन के प्लेटफॉर्म संख्या 1/ए पर ड्यूटी में तैनात आरपीएफ ने रेलवे की केबूल चोरी कर ठेला से ले जाते दो लोगो को पकड़ा। आरपीएफ निरीक्षक विमल कुमार ने बल के साथ सूचना पर सोमवार की सुबह प्लेटफॉर्म संख्या 1/ए के पूर्वी अंतिम छोर ओभर ब्रीज के नीचे एक तीन पहिया ठेला पर रेलवे को केबल लाद कर ले जाते दो व्यक्ति देखा। पुलिस को देख सभी भागने को प्रयास करने लगे। आरपीएफ के जवानो ने दोनो को घड़ दबोचा। ठेला पर लदे दो बंडल रेलवे सिग्नल केबल को जप्त किया। पकडे गये लोगो में बरपेट्टा के छुटाबारी थाना क्षेत्र के बोकसरा निवासी निकिबुल अली व असम के बरपेट्टा थाना क्षेत्र के पक्का बेगबरी निवासी असरुद्दीन अली शामिल थेक दोनो फुलवारी के एफसीआई के निकट मोइनुल एवं इमामुल के कबाड़ी दुकान में रहते है। पकड़ा गया दोनो कभी-कभी रेलवे का सामान कबाड़ के साथ छिपाकर ले जाता है। पुछताछ में मिली जानकारी के बाद स्थानीय थाना की मदद से कबाड़ी में छापेमारी क गयी पर दोनो फरार हो गये।

# वोटरलिस्ट को अध्यक्ष के जारी पत्र को महासचिव ने किया रद्द




पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

प्रबंधक कमेटी, तख्तश्री हरिमंदिर जी पटना साहिब के चुनाव को लेकर अध्यक्ष और महासचिव के बीच खींचतान जारी है। दरअसल चुनाव कराए जाने को लेकर पांच निर्वाचन क्षेत्र के लिए मतदाता सूची तैयार कर लिया गया था, मगर उसे कमेटी की बैठक से अनुमोदन नहीं कराया जा सका। इसके पीछे कारण था कि महासचिव के पास बैठक के लिए जरूरी पांच सदस्यों का कोरम नहीं था। ऐसे में उन्होंने जिला एवं सत्र न्यायाधीश के द्वारा अगले सत्र के लिए मनोनीत दो सदस्यों आरएस जीत एवं रणजीत सिंह को बैठक में शामिल कर कोरम पूरा किया और उसे चुनाव प्राधिकार को भेज दिया। इस पर आपत्ति जताए जाने के बाद चुनाव आयोग ने इस संबंध में जिला एवं सत्र न्यायाधीश को पत्र भेजकर जानकारी मांगी। इस पर जिला न्यायाधीश सह तख्तश्री पटना साहिब के संरक्षक ने स्पष्ट तौर पर कहा कि तीन मनोनीत सदस्य कमेटी के अगले कार्यकाल के लिए हैं। वे सदस्य हैं, मगर फिलहाल उनकी कमेटी में कोई गतिविधि नहीं होगी। मतदाता सूची को बैठक से अनुमोदित करने के लिए अध्यक्ष की सलाह पर महासचिव इंद्रजीत सिंह ने आठ फरवरी को बैठक आहूत की थी। महासचिव के अनुसार उक्त बैठक में तय हुआ था की वोटर लिस्ट को जांच करके तैयार किया जाएगा। सभी सदस्यों की राय मशविरा के बाद जांच टीम तैयार करके नई जिम्मेदारियां दी जाएंगी। मगर अध्यक्ष के द्वारा कुछ सदस्यों को साथ लेकर पांच निर्वाचन क्षेत्र की वोटर लिस्ट जांच टीम तैयार कर दी गई। कमेटी के तीन पदाधिकारी को साथ बैठ कर जांच टीम तैयार करना भी अध्यक्ष के द्वारा उचित नहीं समझा गया। इस संबंध में महासचिव का कहना था कि इस मुद्दे को लेकर जब भी अध्यक्ष से संपर्क कर आपत्ति जताई गई, तो उन्होंने बार-बार आश्वस्त किया कि बैठ कर बात करेंगे। मगर बातचीत नहीं हो पाई और आश्वासन ही मिलता रहा। इस दौरान पांच निर्वाचन क्षेत्र से लेकर अन्य जगहों से खासकर वरीय उपाध्यक्ष लखविंदर सिंह, सचिव हरबंश सिंह ने भी पत्र भेज कर 10 फरवरी, 24 को अध्यक्ष सहित पांच लोगों के हस्ताक्षर से पत्र संख्या टीपीएस3/212/24 जारी कर दिया गया। महासचिव ने कहा कि इसके बाद भी वह बार-बार अध्यक्ष से आग्रह करते रहे, मगर उन्होंने इस बाबत कोई तवज्जो नहीं दी। इस कारण से अध्यक्ष के द्वारा जारी पत्र संख्या टीपीएस3/212/24 को रद्द किया जाता है। साथ ही उन्हें सलाह दी जाती है कि सभी पदाधिकारी और सदस्यगण मिल-बैठकर चुनाव प्राधिकार के दिशा-निर्देश पर तैयार की गई वोटर लिस्ट को सही करने की दिशा में काम करेंगे। महासचिव इंद्रजीत सिंह के द्वारा 17 फरवरी को पत्रांक तपस3/218/24 जारी कर अध्यक्ष के आदेश को रद्द किया गया। यही नहीं, अध्यक्ष के द्वारा जो पांच निर्वाचन क्षेत्र के लिए लोगों को जिम्मेदारी सौंप गई थी, उसमें हलका संख्या-एक से जोगेश्वर सिंह ने काम करने से मना करते हुए इस संबंध में पत्र भी कमेटी के कार्यालय को सौंपा है।

# मेमू पैसेंजर स्पेशल का छोटकी मसौढ़ी व नीमा हाल्ट पर ठहराव

प्रात :किरण संवाददाता

पटना। यात्रियों की सुविधा के मद्देनजर गाड़ी सं. 03275/03276 पटना-गया-पटना मेमू पैसेंजर स्पेशल का छोटकी मसौढ़ी हाल्ट तथा गाड़ी सं. 03269/03270 पटना-गया-पटना मेमू पैसेंजर स्पेशल नीमा हाल्ट पर प्रायौगिक तौर पर प्रदान किये गये ठहराव के तिथि में संशोधन किया गया है। इसके साथ ही गाड़ी सं. 03211/03212 पटना-गया-पटना मेमू पैसेंजर स्पेशल का भी नीमा हाल्ट पर प्रायौगिक तौर पर ठहराव प्रदान किया गया है। दानापुर मंडल के पटना-गया रेलखंड के छोटकी मसौढ़ी हाल्ट पर गाड़ी सं. 03276 गया-पटना मेमू पैसेंजर स्पेशल का 21 फरवरी से 14.08/14.09 बजे तथा गाड़ी सं. 03275 पटना-गया मेमू पैसेंजर स्पेशल का 22 फरवरी से 10.11/10.12 बजे ठहराव प्रदान किया गया है। दानापुर मंडल के पटना-गया रेलखंड के नीमा हाल्ट पर 21 फरवरी से गाड़ी सं. 03270 गया-पटना मेमू पैसेंजर स्पेशल का 12.50/12.51 बजे तथा गाड़ी सं. 03269 पटना-गया मेमू पैसेंजर स्पेशल का 15.11/15.12 बजे ठहराव प्रदान किया गया है। इसी तरह दानापुर मंडल के पटना-गया रेलखंड के नीमा हाल्ट पर 21 फरवरी से गाड़ी सं. 03212 गया-पटना मेमू पैसेंजर स्पेशल का 10.40/10.41 बजे तथा गाड़ी सं. 03211 पटना-गया मेमू पैसेंजर स्पेशल का 19.12/19.13 बजे ठहराव प्रदान किया गया है।

# साउथ बिहार एक्सप्रेस का परिचालन विस्तार

प्रात :किरण संवाददाता

पटना। पूर्व मध्य रेल द्वारा 20 फरवरी से दुर्ग और राजेन्द्रनगर के बीच चलायी जा रही गाड़ी संख्या 13287/13288 दुर्ग-राजेन्द्रनगर-दुर्ग साउथ बिहार एक्सप्रेस का परिचालन विस्तार आरा तक किया जा रहा है। 20 फरवरी से गाड़ी संख्या 13288 आरा-राजेन्द्रनगर-दुर्ग साउथ बिहार एक्सप्रेस आरा से 18.45 बजे खुलकर 19.01/19.03 बजे बिहटा, 19.30/19.40 बजे दानापुर एवं 20.05/20.15 बजे पटना जं. रूकते हुए 20.25 बजे राजेन्द्रनगर पहुंचेगी तथा यहां से यह अपने पुर्व निर्धारित समय 20.30 बजे आगे के लिए प्रस्थान करेगी। इसी तरह 20 फरवरी से दुर्ग से खुलने वाली गाड़ी संख्या 13287 साउथ बिहार एक्सप्रेस दुर्ग से 07.00 बजे खुलकर 21 फरवरी को 06.45 बजे राजेन्द्रनगर पहुंचेगी तथा यहां से यह 06.50 बजे खुलकर 07.00/07.10 बजे पटना, 07.23/07.33 बजे दानापुर एवं 07.44/07.46 बजे बिहटा रूकते हुए 08.30 बजे आरा पहुंचेगी।

# तख्तश्री कमेटी के चुनाव को कार्य. दंडा. आशा नोडल पदाधिकारी

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

प्रबंधक कमेटी, तख्तश्री हरिमंदिर जी पटना साहिब के चुनाव को लेकर सिटी एसडीओ ने कार्यपालक दंडाधिकारी श्रीमती आशा कुमारी को नोडल पदाधिकारी नियुक्त किया है। इस संबंध में एसडीओ गुंजन सिंह के द्वारा 16 फरवरी, 24 को जारी पत्रांक 156 के द्वारा कहा गया है कि बिहार राज्य निर्वाचन प्राधिकार के द्वारा चार जुलाई, 23 को ज्ञापांक 1242 के द्वारा तख्तश्री हरिमंदिर जी पटना साहिब के प्रबंधक कमेटी के गठन के लिए मतदाता सूची तैयार एवं कमेटी के निर्वाचन 2024 के सफल कार्यान्वयन के लिए कार्यपालक दंडाधिकारी श्रीमती आशा कुमारी को उक्त कार्य के दायित्वों के निर्वहन के लिए नोडल पदाधिकारी के रूप में प्राधिकृत किया गया है। कार्यपालक दंडाधिकारी को निर्देशित किया गया है कि तख्तश्री हरिमंदिर जी पटना साहिब के प्रबंधक कमेटी के निर्वाचन 2024 तक उससे संबंधित सभी संचिकाओं का वह खुद सतत अनुश्रवण करते हुए अधोहस्ताक्षरी को भी अवगत कराना सुनिश्चित करेंगी। यही नहीं, एसडीओ सह तख्तश्री कमेटी के निवार्ची पदाधिकारी गुंजन सिंह ने चुनाव को लेकर महासचिव से भी बातचीत की है। इस दौरान महासचिव ने एसडीओ सह निवार्ची पदाधिकारी को पूरी स्थिति से अवगत कराने का काम किया है। अब देखना है कि कमेटी मतदाता सूची को बैठक से अनुमोदित कर कब तक चुनाव के बाबत बिहार राज्य चुनाव प्राधिकार को सौंपने का काम करती है।

# महिला कल्याण संगठन द्वारा सैनेटरी पैड का वितरण किया गया

दानापुर खगौल नगर के अंतर्गत महिला कल्याण संगठन की अध्यक्षा शालिनी चौधरी एवं अन्य सदस्यायों के द्वारा खगौल दानापुर में 100 महिला सफाई कर्मचारी महिलाओं बालिकाओं गाईड के मध्य सैनिटरी पैड का वितरण किया गया। महिला कल्याण संगठन के अध्यक्षा ने उपस्थित महिला बालिकाओं से उन्हें शारीरिक स्वच्छता को किस प्रकार रखनी चाहिये इसकी जानकारी दी। उन्होंने कहा कि महिलाओं को अपने शरीर की स्वच्छता का विशेष ध्यान रखना चाहिए।विदित हो कि महिला कल्याण संगठन जनहित कार्यों में हमेशा बढ-चढ़कर हिस्सा लेती रही है। यह संगठन न सिर्फ रेल कर्मचारियों के परिवार के लिए बल्कि समाज के अन्य वर्गों के हितार्थ कल्याणकारी योजनाओं का संचालन भी करती है।

## संक्षिप्त खबरें

### कंगन घाट पर जारी है प्रवचन, रामलीला व रासलीला

श्री श्री 108 शांति महायज्ञ का आयोजन नागा बाबा उर्फ तेल पानी बाबा की देखरेख मे कंगन घाट पर चल रहा है। सोमवार की कथा में परशुराम, मयार्दा पुरुषोत्तम श्री राम और भगवान श्री कृष्ण की कथाओं पर चर्चा की गई। इसमें मनुष्य को मयार्दा के बारे में भी जानकारी दी गई। कथावाचक आचार्य गोपाल कृष्ण ने कथा के माध्यम से आज परिजनों के बीच चल रहे विवाद, बड़ों के प्रति बढ़े असम्मान आदि पर भी प्रकाश डाला। वृंदावन से आए रामलीला मंडली और रासलीला मंडली के द्वारा मंचन पर जीवंत मंचन किया गया। अयोध्या से आए आचार्य अजय तिवारी और प्रवचनर्कता गोपाल कृष्णा शास्त्री भी मौजूद हो मौजूद श्रद्धालुओं के बीच प्रवचन किए। आयोजन में राजनाथ मुखिया परिवार समेत वकील राय, राजेंद्र राय, राजीव राय, टुनटुन राय, उमेश राय, रामनाथ राय, जोगिंदर राय, बिरजू बाबा, पूर्व डीएसपी विजय कुमार यादव, डॉ राजीव गंगौल, पंडित राजेश शुक्ला टिल्लू, विकास राज जायसवाल आदि सक्रिय थे।

### शटर तोड़कर खाद दुकान से हजारों की चोरी

फतुहा। बीते रात्रि थाना क्षेत्र में डुमरी नत्थुपुर पर स्थित एक अलखदेव खाद भंडार नामक दुकान से चोरों ने दुकान का शटर तोड़कर पचास पैकेट यूरिया, सल्फेट पंद्रह पैकेट, इलेक्ट्रॉनिक तराजू एवं नगद दस हजार रुपए की चोरी कर लिया। इस संबंध में दुकानदार अलखदेव प्रसाद ने थाना में मामला दर्ज कराया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### शराब तस्कर गिरफ्तार

दानापुर। थाना क्षेत्र के अंतर्गत दानापुर पुलिस ने तकियापर मोड़ से बाईक सवार दो शराब तस्कर को गिरफ्तार किया। दोनों के पास से 750 एमएल के 12 बोतल अंग्रेजी शराब बरामद किया गया। दोनों के खिलाफ मामला दर्ज करते हुए न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। थानाध्यक्ष ने बताया कि गिरफ्तार सप्लायर में नासरीगंज निवासी मंटू कुमार और छपरा के दलदली बाजार निवासी पियुष कुमार है।

### सरस्वती पूजा पर हवन और विशाल भंडारा का आयोजन

फतुहा। शहर में स्टेशन रोड स्थित सनसन मार्ग के समीप सरस्वती पूजा के शुभ अवसर पर न्यू स्टार क्लब (यादव ग्रूप) द्वारा सोमवार को हवन के बाद विशाल भंडारा का आयोजन किया गया। जिसमें पूजा समिति के सोनी कुमार, राहुल यादव, शिबु यादव, कोमल यादव, नीतीश कुमार सहित समस्त यादव ग्रूप के दर्जनों कार्यकताओं ने अहम भूमिका निभाई। इस अवसर पर सैकड़ों श्रद्धालुओं ने भंडारा प्रसाद ग्रहण किया।

### ट्रेन से गिरने से एक युवक की मौत

दानापुर खगौल। बिहटा-नेउरा के बीच चलती ट्रेन से गिड़ने से एक युवक की मौत हो गयी। सूचना पर पहुंची रेल पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करा सौप दिया। मृतक की पहचान पुर्णिया के जानकीनगर थाना निवासी महाराजगंज निवासी मो सलाउद्दीन के पुत्र मो.फिरोज 28 के रूप में किया गया। इस संबंध में रेल थाना दानापुर यूडी कांड दर्ज किया गया। पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद शव सौप दिया। रेल थानाध्यक्ष ने बताया कि चलती ट्रेन से गिड़ने के कारण युवक की मौत की बात सामने आयी है।

### मंदिर पुनर्निर्माण को निकला कलश शोभायात्रा

पटना सिटी (प्राकि)। प्राचीन शिव मंदिर के पुनर्निर्माण और शिवलिंग, श्री हनुमान जी व शनि देव की प्रतिमा की प्राण प्रतिष्ठा के लिए सोमवार को कलश शोभायात्रा निकाली गई। पटना घाट से निकाले गए शोभायात्रा में 501 महिलाएं सिर पर कलश लेकर चल रही थीं। यह यात्रा पटना घाट से निकल कर श्री नंदगोला बड़ी देवी जी, श्री बड़ी देवी जी मारूफगंज व श्री बड़ी देवी जी दलहट्टा की परिक्रमा करता हुआ आयोजन स्थल पर वापस लौटा। आयोजन के मुख्य संयोजक रविशंकर शर्मा और रंजीत गुप्ता के नेतृत्व में शोभायात्रा में शामिल लोग भजन कीर्तन और जयकारा करते चल रहे थे। मंगलवार को वेद सम्मत विधि से अधिवास और धार्मिक अनुष्ठान किया जाएगा। आयोजन में शंकर जायसवाल, संजय यादव, अनूप जायसवाल आदि सक्रिय हैं।

# प्राथमिकता के आधार पर कब्रिस्तानों की हो रही घेराबंदी : बिजेन्द्र

## बोलें-कब्रिस्तान से शव चोरी मामले की जांच जारी

- कांग्रेस विधायक दल के नेता ने विधानसभा में उठाया सवाल

पटना, प्रात : किरण संवाददाता



बिहार विधानसभा में सोमवार को कब्रिस्तान से शवों की चोरी का मामला उठा। कांग्रेस विधायक शकील अहमद खां ने सरकार से इसको लेकर सवाल पूछा और कब्रिस्तान की घेराबंदी कराने की मांग की। मामला कटिहार के कदवा में कब्रिस्तान से तीन शवों को निकालकर उसके सिर और पेट काटने से जुड़ा है। इस सवाल का जवाब सरकार की तरफ से मंत्री विजेन्द्र प्रसाद यादव ने दिया। मंत्री ने कहा कि अज्ञात लोगों द्वारा इस घटना को अंजाम दिया गया। जिसको लेकर थाने में केस दर्ज हो चुका है। जहां तक कब्रिस्तान की घेराबंदी का सवाल है तो वहां के डीएम और एसकी के अलावा एक कमेटी है। संवेदनशीलता को देखते हुए प्राथमिकता के आधार पर कब्रिस्तानों की घेराबंदी होती है, लेकिन यहां चोरी का मामला है जिसकी जांच चल रही है। सरकार के जवाब से कांग्रेस विधायक शकील अहमद संतुष्ट नहीं हुए और कहा कि इससे बड़ी बात कोई नहीं हो सकती है। क्या वहां के डीएम और एसपी इस घटना को संवेदनशील नहीं मानते हैं? अगर वहां कोई घटना हो जाती तो इसकी जिम्मेवारी कौन लेता। इस पर मंत्री बिजेन्द्र यादव ने कहा कि पिछले साल 24 नवंबर को मामला दर्ज ही हुआ है। इसकी जांच चल रही है। अगर बहुत जल्दी है तो विधायक कोष से भी कब्रिस्तान की घेराबंदी कराई जा सकती है। डीम से कहेंगे कि वे आपसे बात कर लें। उन्होंने कहा कि संवेदनशील मामले को देखते हुए उस कब्रिस्तान की घेराबंदी कराई जाए। इससे अधिक कुछ भी संवेदनशील नहीं हो सकता कि कब्रिस्तान से तीन लाशें निकाली गई और उन्हें काटा डाला गया और अभी तक कब्रिस्तान की घेराबंदी की शुरूआत भी नहीं हो सकी है, यह लिस्ट में भी नहीं है। अगर कोई घटना घटती है तो उसपर तुरंत एक्शन होना चाहिए। दरअसल, कांग्रेस विधायक शकील अहमत खां ने सदन को बताया कि पिछले साल नवंबर महीने में कटिहार के कदवा में कब्रिस्तान में दफन तीन शवों को खोदकर निकाला गया, किसी के सिर काटे गए तो किसी के पेट काटे गए लेकिन ये तो अच्छ बात रही कि कोई और इस तरह की घटना न घटे इसके लेकर समाज ने मिल बैठकर सबकुछ ठीक कर लिया। सरकार की तरफ से इसपर जो जबाव आया वह आधा अधूरा है।

### घटनाओं पर कार्रवाई निरंतर प्रक्रिया :मंत्री

पटना। बिहार विधानसभा प्रश्नकाल में सोमवार को गृह, सामान्य प्रशासन, वित्त, उद्योग, अल्पसंख्यक कल्याण, मंत्रिमंडल सचिवालय और गन्ना उद्योग विभागों से जुड़े सवालों पर चर्चा हुई। प्रश्नकाला के दौरान भाजपा विधायक ने महागठबंधन सरकार पर बड़ा आरोप लगाया। भाजपा विधायक संजय सरावगी ने कहा कि दिसम्बर, 2023 में राष्ट्रीय अपराध रिकार्ड ब्यूरो द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार देश में 2021 के अनुपात में 2022 में कुल दर्ज हत्या के अपराध घटे हैं, जबकि बिहार में दर्ज हत्या के अपराध बढ़ें है, जो कि देश में दूसरे नम्बर पर है। इसके बाद जवाब के लिए गृह विभाग के प्रभारी मंत्री खड़े हुए और फिर जवाब दिया।
गृह विभाग के प्रभारी मंत्री विजेंद्र यादव ने कहा कि- चाहे जो भी महीना हो और किसी तरह की घटनाएं हो कार्रवाई निरंतर प्रक्रिया है और यह चलती रहेगी और चलती भी है। इस मामले में भी कार्रवाई की जाएगी।

# तेजस्वी का जन विश्वास यात्रा आज से

## मुजफ्फरपुर से नेता प्रतिपक्ष कार्यक्रम का करेंगे शुरूआत

- 32 की बजाय अब 33 जिलों मे करेंगे भ्रमण

पटना, प्रात : किरण संवाददाता




बिहार विधान सभा में नेता प्रतिपक्ष एवं पूर्व उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव की जन विश्वास यात्रा को लेकर शेड्यूल जारी किया गया है। राजद की तरफ से जारी शेड्यूल के मुताबिक, तेजस्वी यादव आगमी 20 फरवरी से अपनी यात्रा की शुरूआत करेंगे। मुजफ्फरपुर के सकरी से तेजस्वी यादव अपनी यात्रा की शुरूआत करेंगे जो विभिन्न जिलों से होती हुई यह यात्रा 01 मार्च को लखीसराय में समाप्त होगी। जिसके बाद उसी दिन तेजस्वी यादव पटना लौटेंगे। प्रदेश राजद के प्रधान महासचिव रणविजय साहू के द्वारा जारी परिपत्र के आलोक में राजद के प्रदेश प्रवक्ता एजाज अहमद ने बताया कि नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी प्रसाद यादव के नेतृत्व में जन विश्वास यात्रा कार्यक्रम 20 फरवरी को मुजफ्फरपुर से शुरू होगी जो अब 01 मार्च तक चलेगा। इस कार्यक्रम में संशोधन किया गया है, पहले जहां 32 जिलों में कार्यक्रम थे, उसे बढ़ाकर अब 33 जिला कर दिया गया है। पहले जहां दिनांक 23 फरवरी को सासाराम में आम सभा थी उसकी जगह अब दिनारा में आम सभा की जाएगी। उन्होंने बताया कि जो 29 फरवरी को पूर्व निर्धारित किया गया था उस कार्यक्रम में भी संशोधन किया गया है। उन्होंने ने यह भी बताया कि बिहार प्रदेश राष्ट्रीय जनता दल के प्रधान महासचिव रणविजय साहू के हस्ताक्षर से जारी परिपत्र के अनुसार दिनांक 29 फरवरी को कटिहार के राजेंद्र स्टेडियम में और भागलपुर के शाहगंजी मेला मैदान, नाथनगर में जन विश्वास कार्यक्रम में आम सभा को संबोधित करके तेजस्वी का रात्रि विश्राम बांका में होगा। एजाज ने आगे बताया कि दिनांक 01 मार्च 2024 को बांका के बेलहर मुख्यालय, जमुई के श्रीकृष्णा स्टेडियम, जमुई और लखीसराय में कार्यक्रम करते हुए नेता प्रतिपक्ष पटना वापस आ जाएंगे। इन्होंने यह भी बताया कि इस कार्यक्रम की तैयारी के लिए सभी जिला में जिला प्रभारी अपने-अपने प्रभार वाले जिला में जन विश्वास कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए तैयारी बैठक और समीक्षा बैठक कर रहे हैं।

# सूबे के सभी 40 लोस सीट जीतने का लक्ष्य होगा पूरा : उमेश कुशवाहा

- लोस चुनाव की तैयारियों को अंतिम रूप देने में जुटा जदयू

पटना, प्रात : किरण संवाददाता



लोकतंत्र के महायज्ञ लोकसभा चुनाव को लेकर जदयू मिशन मोड में आ गई है। बिहार की सभी 40 लोकसभा सीटों पर एनडीए की प्रचंड जीत सुनिश्चित करने के लिए जदयू के प्रदेश अध्यक्ष उमेश सिंह कुशवाहा की ओर से पार्टी के पदाधिकारियों को कई महत्वपूर्ण दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं। जिसमें कहा गया है कि पार्टी के सभी जिला प्रभारी लोकसभा चुनाव सम्पन्न होने तक अपने प्रभार क्षेत्र में ही प्रवास करेंगे एवं स्थानीय जिलाध्यक्ष एवं प्रखंड अध्यक्ष समन्वय स्थापित कर पंचायत अध्यक्षों के सहयोग से सात सदस्यीय बूथ कमिटी का गठन कर अपने प्रमंडल प्रभारी को सूचित करेंगे। इस कमिटि में 2 बीएलए एवं 2 पोलिंग एजेंट रहेंगे। इस कार्य के लिए पार्टी की ओर से औपचारिक पत्र जारी होने के बाद 15 दिनों की समयावधि तय की गई है। खासतौर पर बूथ कमिटी में समर्पित युवाओं, महिलाओं एवं सामाजिक कार्यों से जुड़े हुए लोगों को प्राथमिकता देने की बात कही गई है, साथ ही सामाजिक समीकरण का ख्याल रखने पर भी जोर दिया गया है। प्रदेश अध्यक्ष की ओर से जारी दिशा-निर्देश में कहा गया है आपसी तालमेल को मजबूत करने के लिए पार्टी के सक्रिय साथियों का प्रखंड स्तर, पंचायत स्तर एवं बूथ स्तर पर व्हाट्सएप ग्रुप तैयार किया जाए। जिसमें संबंधित जिला के जिलाध्यक्ष, प्रखंड अध्यक्ष, पंचायत अध्यक्ष तथा बूथ कमिटी अध्यक्ष शामिल रहेंगे। इस बात के भी सख्त निर्देश दिए गए हैं कि जिला प्रभारी विशेष परिस्थिति में अपने प्रभार क्षेत्र से बाहर जाने से पहले प्रमंडल प्रभारी को इसकी विधिवत सूचना देंगे। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि पार्टी के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता सांगठनिक कार्यों के साथ-साथ विशेष अभियान चलाकर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के कार्यकाल में हुए विकास के अनगिनत कार्य तथा एनडीए गठबंधन से बिहार में होने वाले फायदे के बारे आम मतदाताओं को अवगत कराएं। श्री उमेश सिंह कुशवाहा ने कहा कि एनडीए गठबंधन बिहार की सभी 40 लोकसभा सीट जीतने का लक्ष्य पूरा करेगी।

# राजद के पास बिहार के लिए कोई विजन नहीं : मंगल

- तेजस्वी के जन विश्वास यात्रा पर पूर्व मंत्री ने कसा तंज

पटना, प्रात : किरण संवाददाता



पूर्व स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडेय ने राजद के जनविश्वास यात्रा पर तंज कसा है। श्री पांडेय ने कहा कि राज्य की जनता के साथ जिसने हमेशा विश्वासघात किया हो, वो विश्वास यात्रा निकाल रहे हैं। राजद परिवारवाद की पार्टी है, जिसने हमेशा सरकारी खजाने को लूटकर अपना और अपने परिवार की सेवा की है। राजद नेता भला किस विश्वास की बात कर रहे हैं। उन्हें तो अपनी करतूतों पर जनता से क्षमा मांगनी चाहिए। यह सुनने में अत्यंत ही हास्यास्पद लग रहा है। देश की राजनीति में लालू जी का पूरा कुनबा न जन को मानता, न गण को मानता है। इनका तन और मन सिर्फ धन को जानता और मानता है। श्री पांडेय ने कहा कि चुनाव के समय ऐसी यात्रा का मकसद सिर्फ सुर्खियां बटोरना है। राजद के पास बिहार के लिए न कोई विजन है न कोई मिशन। राजद ने केवल जात-पात, भेद भाव व गुंडागर्दी वाला शासन चलाया है। राजद के राज में राजद नेता मस्त रहे हैं और जनता पस्त रही है। पूर्व में राजद ने बिहार के कितने लोगों और बिहार की कितनी समस्याओं का समाधान किया, इसका हिसाब देना चाहिए। अभी सांसद श्री राहुल गांधी न्याय यात्रा कर रहे हैं। बिहार के कितने लोगों को न्याय मिल गया। अब तेजस्वी के जन विश्वास यात्रा करने से क्या होगा। सबसे ज्यादा विश्वास राजद ने ही तोड़ा है। अपने शासनकाल में प्रदेश की विकास ठप की और भ्रष्टाचार और अपराध को बढ़ावा दिया है। श्री पांडेय ने कहा कि बिहार में लालू गरीबों के मसीहा बनने का नाटक करते हैं। मगर उनके शासन में न गरीबी मिटी न पलायन रुका और न ही युवाओं को रोजगार मिला। अब किस विश्वास की बात कर रहे हैं राजद नेता। अच्छा रहेगा कि राजद अपने जनविश्वास यात्रा का नाम बदल कर लूट में विश्वास यात्रा कर ले।

# पार्टी के एकाउन्ट सील होने के खिलाफ कांग्रेस का हल्लाबोल



- प्रजातंत्र को नष्ट करना चाहती है मोदी सरकार : अखिलेश

पटना, प्रात : किरण संवाददाता

केन्द्र की भाजपा सरकार के द्वारा भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के एकाउन्ट सील किये जाने के खिलाफ पार्टी नेताओं व कार्यक्रताओं ने जोरदार विरोध प्रदर्शन किया एवं जमकर नारेबाजी की। सोमवार को राजधानी पटना के इनकम टैक्स गोलम्बर पर प्रदर्शन का नेतृत्व कांग्रेस विधान मंडल दल के नेता डा शकील अहमद खान ने की। इस अवसर पर अपने संदेश में बिहार कांग्रेस अध्यक्ष डा अखिलेश प्रसाद सिंह ने केन्द्र सरकार पर जमकर हमला बोला। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार प्रजातंत्र को नष्ट करना चाहती है। वह नहीं चाहती कि देश में विपक्ष रहे ताकि उसकी करतूतों का पदार्फाश हो। कांग्रेस ईडी, इनकम टैक्स या सीबीआई से डरने वाली नहीं है। यह संघर्ष के लिए पैदा हुई पार्टी है और उसको दबाना मोदी के लिए मुमकीन नहीं। इस अवसर पर शकील अहमद खान ने कहा कि भाजपा सरकार जमहूरियत के वसूलों के खिलाफ है। और विरोध विहीन शासन प्रणाली में विश्वास करने वाली विचारधारा है जो नफरत की भावना के आसरे चलती है। कांग्रेसजनों ने शांतिपूर्वक विरोध प्रदर्शन किया एवं जमकर नारेबाजी की। विरोध प्रदर्शन में कौकब कादरी, कृपानाथ पाठक, प्रमोद कुमार सिंह, मनोज कुमार सिंह, निर्मल वर्मा, राज कुमार राजन, राजेश राठौड़, आलोक हर्ष, नागेन्द्र कुमार विकल, आनन्द माधव, शिव प्रकाश गरीब दास, डा संजय यादव, शरवत जहां फातिमा, डा विनोद शर्मा, मिन्नत रहमानी, कुमार आशीष, रीता सिंह, सुधा मिश्रा, असफर अहमद, दुर्गा प्रसाद, शशिकांत तिवारी, रामायण प्रसाद यादव, वैद्यनाथ शर्मा, उदय शंकर पटेल, राजेश मिश्रा, सुमन कुमार मल्लिक, शंकर स्वरूप, अविनाश कुमार, मिहिर झा, गुरूदयाल सिंह, सत्येन्द्र कुमार

# नौकरियों का झूठा श्रेय लेना बंद करे राजद : राजीव रंजन

पटना। जदयू के राष्ट्रीय प्रवक्ता राजीव रंजन ने सोमवार को कहा है कि अपने राजनीतिक गुरु राहुल गाँधी की ही तरह राजद के युवराज को भी झूठ की राजनीति करने का चस्का लग गया है। इसी का परिणाम है कि एक तरफ जहां राहुल जातिगत गणना पर लंबी लंबी फेंक रहे हैं, वहीं दूसरी तरफ तेजस्वी नौकरियों पर डींगे हांक रहे हैं। जबकि बिहार का बच्चा-बच्चा जानता है कि यह सारी उपलब्धियां नीतीश जी के निश्चयों का परिणाम हैं। उन्होंने कहा कि नीतीश जी की कृपा से सत्ता में इतने दिन गुजारने के बाद भी राजद नेता को नौकरियों के सृजन की प्रक्रिया तक पता नहीं चल पायी है। उन्हें यह तक नहीं मालूम है कि रिक्तियों की संख्या निकलने तथा उन्हें मुख्यमंत्री द्वारा मंजूरी मिलने से लेकर बहाली होने तक में अच्छा खासा समय लगता है। उन्हें जानना चाहिए कि सारी रिक्तियों की प्रक्रिया नीतीश कुमार के सात निश्चयों के तहत एनडीए काल में ही शुरू हो चुकी थी, जिनका नियुक्ति पत्र उन्हें नीतीश कुमार की कृपा से बांटने का सौभाग्य मिल गया। यहां तक कि शिक्षकों की बहाली भी तब ही संभव हुई जब राजद के शिक्षा मंत्री ने विभाग जाना छोड़ दिया था। यहां तक की बहाली की फाइल पर इनके शिक्षा मंत्री के दस्तखत तक नहीं है। उन्होंने कहा कि राजद नेता को यदि अपनी उपलब्धि बतानी ही है तो उन्हें बताना चाहिए कि 90 के

# मानदेय वृद्धि की मांग पर रसोईया का राज्यस्तरीय प्रदर्शन कल

पटना। बिहार राज्य विद्यालय रसोईया संघ महासचिव सरोज चौबे ने बयान जारी कर कहा है कि राज्य कि सवा दो लाख से ज्यादा विद्यालय रसोइया जो दलित,पिछड़ा व अत्यंत गरीब वर्ग से आने वाली महिला विद्यालय रसोईया सालों से मासिक 1650 रु पर खटने को मजबूर है, उन्होंने कहा कि 10 वर्ष के शासन में मोदी सरकार ने रसोईयों के मानदेय में एक रुपया की भी वृद्धि नहीं किया वहीं बिहार सरकार द्वारा साल 2019 में 250 रु की मामूली वृद्धि किया गया,इस वृद्धि के बाद राज्य की लाखों रसोइया पिछले 5 वर्षों से मात्र 1650 रु मासिक मानदेय पर खटने को मजबूर है। उन्होंने मुख्यमंत्री से रसोईयों के मानदेय राशि मे सम्मानजनक वृद्धि राज्य निधी से करने तथा साल के 10 माह के बजाए 12 माह मानदेय देने की मांग किया। उन्होंने बताया कि 31 अक्टूबर 2023 को रसोइयों ने बिहार के मुख्यमंत्री के समक्ष प्रदर्शन कर अपनी मांग को उठाया था । मांग पूरी नहीं होने पर 30 नवंबर 2023 से बिहार की रसोइया अपने 13 सूत्री मांगों को लेकर हड़ताल पर जाने का ऐलान किया था। हड़ताल की पूरी तैयारी पूरी हो चुकी थी। उन्होंने बताया कि तत्कालीन शिक्षा मंत्री और एमडीएम निदेशक के आश्वासन और मुख्यमंत्री के मानदेय बढ़ाने की सैद्धांतिक सहमति पर हड़ताल को एक महीने के लिए स्थगित कर दिया गया।

# संत रविदास की 647 वीं जयंती को लेकर जदयू की हुई बैठक



पटना। जदयू की ओर से आगामी 24 फरवरी को संत शिरोमणि गुरु रविदास की 647वीं जयंती समारोह मनाने का निर्णय लिया गया है। जयंती समारोह पार्टी मुख्यालय के कपूरी सभागार में मनाई जाएगी एवं मुख्यमंत्री नीतीश कुमार बातौर मुख्यातिथि इस कार्यक्रम में शामिल रहेंगे। इस सम्बंध में सोमवार को जदयू मुख्यालय में पार्टी के माननीय प्रदेश अध्यक्ष उमेश सिंह कुशवाहा की अध्यक्षता में तैयारी बैठक की गई। जिसमें कार्यक्रम की रूपरेखा और इसकी अपार सफलता को लेकर विस्तार से विचार-विमर्श किया गया। बैठक में बिहार सरकार के पूर्व मंत्री संतोष कुमार निराला, पूर्व विधायक अरुण मांझी, अनुसूचित जाति प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष राजेश त्यागी, प्रदेश प्रवक्ता हिमराज राम, डॉ हुलेश मांझी, दीपक रजक, रूबेल रविदास, डॉ प्रतिमा कुमारी, कांचन माला चैधरी, राम कुमार राम, जॉर्ज मांझी, नवीष कुमार नवेन्द्रू, मुन्ना चौधरी, डॉ मनोज राम सहित जदयू अनुसूचित जाति प्रकोष्ठ के कई पदाधिकारीगण मौजूद रहे।

# संपत्ति विश्वास यात्रा कर रहे तेजस्वी यादव : हिमराज

पटना, प्रात : किरण संवाददाता

जदयू प्रदेश प्रवक्ता हिमराज राम ने आरजेडी नेता तेजस्वी यादव की जन विश्वास यात्रा पर निशाना साधा है। मीडिया से बातचीत करते हुए उन्होंने कहा कि तेजस्वी यादव को अपनी यात्रा के दौरान राज्य के लोगों को ये भी बताना चाहिए कि पिछले 17 महीनों के दौरान महागठबंधन सरकार में शामिल रहकर उन्होंने और उनके दो सहयोगी मंत्रियों ने कितनी संपत्ति अर्जित की। प्रदेश प्रवक्ता ने कहा कि राजनीति को कमाई का धंधा बनाने वाले लोग भला जनता का विश्वास कैसे जीतेंगे। उन्होंने कहा कि आरजेडी नेता की यात्रा के दौरान ही उनकी सरकार में रहने के दौरान अर्जित संपत्तियों का भी खुलासा होगा। प्रदेश प्रवक्ता श्री हिमराज राम ने कहा कि आरजेडी नेता आज तक परिवारवाद से बाहर नहीं निकल पाए और ऐसे लोग भला राज्य की जनता की सेवा क्या करेंगे। उन्होंने सवाल पूछते हुए कहा कि जब-जब चुनाव आता है तब-तब ही तेजस्वी यादव को राज्य में यात्रा करने की याद क्यों आती है? उन्होंने कहा कि जनता की भलाई करने का ढोंग रचने वाले तेजस्वी यादव असल में अपने परिवार और अपने चाहने वालों का ही भला करते हैं और उन्हें राज्य के लोगों की भलाई से कोई मतलब नहीं है। प्रदेश प्रवक्ता श्री हिमराज राम ने कहा कि ऐसे लोगों को राज्य की जनता बखूबी पहचानती है और आगामी लोकसभा चुनाव में उनका हिसाब करेगी।

# मौसम में बदलाव:सूबे में एक बार फिर बारिश का अलर्ट

पटना। सूबे में मौसम ने एक बार फिर से करवट लेने वाला है, अगर आपने गर्म कपड़े समेटने शुरू कर दिए हैं तो सावधान, सूबे में 23 फरवरी से ठंड फिर से बढ़ने वाली है। मौसम विभाग के अनुसार पश्चिमी विक्षोभ के कारण 20 फरवरी से लेकर 22 फरवरी तक बिहार के कई जिलों में हल्की से मध्यम स्तर की बारिश हो सकती है। 21 और 22 फरवरी को उत्तर बिहार के साथ ही दक्षिण-पश्चिम भाग के जिलों में मेघगर्जन और वज्रपात के साथ बारिश होने की संभावना है। इस दौरान आसमान में बादल भी छाए रहेंगे। इसके बाद ठंड में बढ़ोत्तरी हो सकती है। न्यूनतम तापमान में गिराव के कारण फरवरी के अंतिम सप्ताह तक ठंड से राहत मिलने वाली नहीं है। सुबह और शाम के समय लोगों को ठंड का एहसास होगा। मौसम विभाग के अनुसार इससे सुबह-शाम में ठंड में वृद्धि हो सकती है।

# राम भारतीय स्वाभिमान, संस्कृति के अभिन्न अंश : मिथिलेश

## धर्म जागरण समन्वय द्वारा भगवान श्रीराम विषय पर व्याख्यान का आयोजन



पटना। धर्म जागरण समन्वय द्वारा आयोजित व्याख्यान श्रृंखला की अगली कड़ी के रूप में भारतीय स्वाभिमान के आदर्श श्रीराम विषय पर आशियाना के होटल रॉयल ब्लीस में व्याख्यान का आयोजन किया गया। विषय प्रवेश करते हुए प्रख्यात लेखक मिथिलेश कुमार सिंह ने कहा कि राम भारतीय स्वाभिमान, भारतीय संस्कृति के ऐसे अभिन्न एवं अक्षुण अंश हैं जिसके बिना भारत की कल्पना अधूरी है। भारतीय जनमानस पर राम का असर किसी भी अन्य ऐतिहासिक पुरुषों से ज्यादा है। आज का समाजवादी लोहिया को नहीं पढ़ते हैं जिन्होंने राम की महत्ता को देखते हुए रामायण के मेला का आयोजन शुरू करवाया था। यह राम एवं रामायण की आलोचना अज्ञानवश करते हैं। अगर उनकी स्थिति ऐसी ही रही तो यह भारत के राजनीतिक प्रदेश से मिट जाएंगे। मुख्य वक्ता के तौर पर बोलते हुए पत्रकार एवं प्रख्यात यूट्यूबर मनीष कश्यप ने कहा कि राम ने परिवार में कैसे जिया जाए उसको जी कर बताया। आज राम जन्मभूमि विशाल मंदिर का निर्माण विश्व पटल पर भारतीय स्वाभिमान की पुनर्स्थापना है। वक्ताओं ने समवेत स्वर से मांग की कि अब मुसलमान भाइयों को स्वतः ही ज्ञानवापी एवं मथुरा हिंदुओं को वापस कर देना चाहिए, इससे सांप्रदायिक सौहार्द बढ़ेगा। विशिष्ट वक्ता के रूप में बोलते हुए साध्वी लक्ष्मी माता ने कहा कि राम के चरित्र को केवल भारतीय जनमानस ही नहीं बल्कि संपूर्ण विश्व एक आदर्श के रूप में देखता है और निश्चय ही इस आदर्श चरित्र से हमारा स्वाभिमान जुड़ा हुआ है। मंच का संचालन वकील अवधेश कुमार सिंह ने किया। कार्यक्रम में धर्म जागरण समन्वय के क्षेत्र प्रमुख सूबेदार जी, अरुण कुमार सिंह, राज किशोर सिंह ,शशि आनंद ,बृजेश पाठक सहित गामान्य लोक उपस्थित थे।


**बिहार सरकार**
**भवन निर्माण विभाग**
कार्यपालक अभियंता, केन्द्रीय भवन प्रमंडल, पटना का कार्यालय
अल्पकालीन कोटेशन आमंत्रण सूचना संख्या– 174 वर्ष 2023–24
(विशेष शर्त्त मद एवं मात्रा के लिए वेबसाईट State.bihar.gov.in/prdbihar देखें)

समुचित श्रेणी मे निबंधित संवेदको / ख्याति प्राप्त फर्मों / कम्पनियों से दिनांक **28.02.2024** के अपराह्न 12.30 बजे तक निर्देशानुसार निम्नलिखित कार्यों के लिए मुहरबंद कोटेशन अधीक्षण अभियंता, दक्षिण बिहार अंचल, पटना का कार्यालय एवं अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में प्राप्त किया जाएगा और उसी दिन 3.00 बजे अपराह्न मे कोटेशनदात्ताओं या उनके द्वारा प्राधिकृत प्रतिनिधियों के समक्ष खोला जायेगा।

कोटेशन का मुल्य (रुपये में) प्रत्येक कार्य क्रमांक के कोटेशन–पत्र के साथ कोटेशन मूल्य ONLINE GOVERNMENT REVENUE AND ACCOUNTING SYSTEM (O-GRAS) के माध्यम से (कार्यपालक अभियंता, केन्द्रीय भवन प्रमण्डल, पटना) के पदनाम से जमा करना अनिवार्य होगा, जो कोटेशन प्रकाशन की तिथि के बाद का होना चाहिए। कोटेशन प्रकाशन के पूर्व के निर्गत ओ–ग्रास (O-GRAS) का कम्पयूटराईज्ड प्राप्ति रसीद पर कोई विचार नहीं किया जाएगा। कोटेशन मूल्य संवेदक के द्वारा कुल कोटेड राशि के अनुसार होगा, जो निम्न प्रकार है :– रू0 0 से रू0 50,000 तक– रू0 250/–, रू0 50,001 से रू0 2,50,000 तक– रू0 500/–, रू0 2,50,001 से रू0 5,00,000 तक– रू0 750/–, रू0 5,00,001 से रू0 10,00,000 तक– रू0 1,250/–, रू0 10,00,001 से रू0 15,00,000 तक– रू0 2,500/– एवं अग्रधन की राशि– 2% (कोटेड राशि का मूल्य दो प्रतिशत) कोटेशन कागजात के साथ संलग्न किया जाना अनिवार्य होगा।

कार्य का विवरणी :–

| Sl No. | Name of Work/Specification |
|---|---|
| 01- | Renovation of Wooden Partition Work (D. Cabin, Work Station Area) of Room No.- 412, 413 and 419 of Samaj Kalyan Vibhag at Vikash Bhawan, Patna for the year 2023-24. |
| 02- | Renovation of Wall Paneling, Wooden Partition Work of Room No. - 412, 413 and 419 of Samaj Kalyan Vibhag at Vikash Bhawan, Patna for the year 2023-24. |
| 03- | Renovation of Cupboard, Roller Blind Work of Room No. - 412, 413 and 419 of Samaj Kalyan Vibhag at Vikash Bhawan, Patna for the year 23-24. |

विशेष सूचना के लिए सूचनापट्ट या वेबसाईट www.state.bihar.gov.in/prd bihar देखें या अधोहस्ताक्षरी कार्यालय में सम्पर्क करें।
PR- 17699 ( B C D ) 2023-24
कार्यपालक अभियंता
केन्द्रीय भवन प्रमंडल, पटना।
नशे से बनानी दूरी है, क्योंकि परिवार जरूरी है



**भवन निर्माण विभाग**
बिहार सरकार
कार्यपालक अभियंता, भवन प्रमण्डल, उच्च न्यायालय, पटना का कार्यालय
अति अल्पकालीन कोटेशन आमंत्रण सूचना संख्या–14 वर्ष 2023–24

भवन प्रमंडल, उच्च न्यायालय, भवन निर्माण विभाग, पटना अंतर्गत निम्नलिखित कार्यों को कराने हेतु संवेदकों / ख्याति प्राप्त फर्मों / कम्पनियों से दिनांक 09.03.2024 के अपराह्न **3.00** बजे तक मुहरबंद कोटेशन आमंत्रित किया जाता है। मुहरबंद कोटेशन अधोहस्ताक्षरी एवं निर्धारित के कार्यालय में प्राप्त किया जाएगा और उसी दिन **3.30** बजे अपराह्न में कोटेशनदाताओं या उनके द्वारा प्राधिकृत प्रतिनिधियों के समक्ष खोला जायेगा। प्रत्येक कार्य के लिए कोटेशन का मूल्य, ओ–ग्रास के माध्यम से एवं अग्रधन की राशि 2% (कोटेड राशि का मूल्य दो प्रतिशत) कोटेशन के साथ संलग्न किया जाना अनिवार्य है।

**कार्य की विवरणी:–**

| क्र0सं0 | कार्य का नाम / विशिष्टियां | मात्रा | ईकाई | उद्धृत दर (अंक एवं अक्षर में) |
|---|---|---|---|---|
| 1 | Name of Work : Supply of office Stationary and consumable in the Office of the Executive Engineer, Building Division, High Court, Building Construction Department, Patna | | | |
| 2 | Name of Work : Supply of One Four wheeler Vehicle (On Monthly Hire basis) for the Use of The Executive Engineer, Building Division, High Court, Building Construction Department, Patna | | | |
| 3 | Name of Work:- Supply of sweeper/cleaner for Daily cleaning and cleaning/housekeeping Material etc. for the offices of Building division, Building Sub-Division and Building Section office, High Court, Patna | | | |

विस्तृत जानकारी state.bihar.gov.in/prdbihar से प्राप्त की जा सकती है।
कार्यपालक अभियंता
भवन प्रमंडल, उच्च न्यायालय, पटना
PR- 017605 (BCD) 2023-24
नशे से बचने का है एक ही उपचार, दृढ़ संकल्प और परिवार से प्यार



**जल संसाधन विभाग**
कार्यपालक अभियंता (यॉंत्रिक) का कार्यालय
क्षेत्र यंत्र प्रमंडल, दीघा, पटना।
बिहार सरकार
अति अल्पकालिन ई0–निविदा आमंत्रण सूचना संख्या :–13 / 2023–24
(केवल –ई–टेन्डर पद्धति के अनुसार वेवसाईट www.eproc2.bihar.gov.in पर)
(प्रतिशत दर निविदा)

| क्रमांक | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (लाख में) | अग्रधन की राशि (रूपये में) | परिमाण विपत्र का मूल्य (रूपये में) | बेल्ट्रॉन को देय प्रोसेसिंग फी (अप्रत्यार्पणीय) (केवल ऑनलाईन मोड में भुगतेय रूपये में) | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | Fabrication , Supplying , Fitting and Fixing of different size of M.S gate with Hoisting Arrangement of Paliganj distributory at 3.30 ( R) , 3.40 (R ) , 4.60 (L) ,5.2 (L) , 5,5 ( R) – 2 Nos , 5.9 , 6.3 (R ) , 7.1 (R ) – 3 Nos and 7.2 ( R) Km of PMC | 20.18 | 40360/- | 5000/- | 590/- | 10 DAYS |
| 2 | Fabrication , Supplying , Fitting and Fixing of MS gate with hoisting arrangement and Railing of both side of Khagaul Lock ate & Dharachak at 125.58 & 13.0 Km of PMC | 19.82 | 39650/- | 5000/- | 590/- | 10 DAYS |
| 3 | Renovation , Fabrication , Erection , Teting , supplying and Commissioning of 4 Nos U/S Gate (2 Nos left U/S and 2 Nos Right U/S Each ) of size 2200 X 2440 mm with Embedding , Hoisting Arrangement and painting and Civil work of 6 Nos , H/R Gate and 03 Nos C/R gate at Kulti Irrigation Scheme on Zirain River Dist Nalanda | 23.56 | 47150/- | 5000/- | 590/- | 10 DAYS |

2. निविदा निर्गत करने की तिथि :– दिनांक–15.02.2024
3. परिमाण विपत्र विक्री की तिथि :– दिनांक 27.02.2024 से 29.02.2024 तक। (सिर्फ वेवसाईट www.eproc2.bihar.gov.in पर)
4. प्री–बीड मीटिंग का समय, स्थान एवं तिथि :– दिनांक 28.02.2024 को 2.00 बजे अपराहन में, अधीक्षण अभियंता (यां0) सिंचाई यांत्रिक अंचल , मीठापुर, पटना के कार्यालय में।
5. निविदा अपलोड करने की अंतिम तिथि एवं समय :– दिनांक 29.02.2024 को समय 3.00 बजे अपराहन तक (सिर्फ वेवसाईट www.eproc2.bihar.gov.in पर)
6. तकनीकी बीड खोलने की तिथि एवं समय :– दिनांक 01.03.2024 को समय 3.30 बजे अपराहन में (सिर्फ वेवसाईट www.eproc2.bihar.gov.in पर)
7. वित्तीय बीड खोलने की तिथि एवं समय :– तकनीकी बीड की स्वीकृति के बाद अलग से सूचना दी जायेगी (सिर्फ वेवसाईट www.eproc2.bihar.gov.in पर)
8. निविदा खोलने का स्थान :– (सिर्फ वेवसाईट www.eproc2.bihar.gov.in पर)
9. निविदा की वैधता अवधि :– 120 दिन
10. विज्ञापनदाता का पदनाम एवं पता :– कार्यपालक अभियंता (यॉं0), क्षेत्र यंत्र प्रमंडल, दीघा, पटना।
11. विशेष जानकारी के लिए वेबसाईट www.eproc2.bihar.gov.in एवं **www.state.bihar.gov.in/prdbihar** पर देखा जा सकता है।

(ई0 विधाशंकर वर्मा)
कार्यपालक अभियन्ता (यॉं0)
क्षेत्र यन्त्र प्रमण्डल, दीघा, पटना।
मो0 न0 7903550446
PR- 17639 ( W R D ) 2023-24
नशे से बनानी दूरी है, क्योंकि परिवार जरूरी है

## संक्षिप्त खबरें

### ऋण वितरण शिविर कल

मुजफ्फरपुर। प्रधानमंत्री फआर्मलआइजएशन आफ माइक्रो फूड प्रोसेसिंग इन्टरप्राइजेज एवं प्रधानमंत्री रोजगार सृजन योजना 1 एवं 2 के अंतर्गत लाभार्थियों को ऋण की स्वीकृति एवं ऋण वितरण शिविर 21 फरवरी को आयोजित किया गया है।शिविर का आयोजन जिला परिषद सभागार में 11बजे पूर्वाह्न से किया जाएग, जिसमें शत प्रतिशत लक्ष्य की प्राप्ति हेतु लाभुकों के साथ शाखा प्रबंधक भी ऋण वितरण शिविर (कैम्प) में भाग लेंगे। इस बावत सभी आंचलिक प्रबंधक,सभी क्षेत्रीय प्रबंधक, प्रमुख जिला अग्रणी बैंक प्रबंधक, जिला समन्वयक, पब्लिक सेक्टर, प्राईवेट सेक्टर बैंक, मुजफ्फरपुर, जिला परियोजना प्रबंधक, जीविका, मुजफ्फरपुर एवं सभी डी.आर.पी., मुजफ्फरपुर उपस्थित रहने का निदेश दिया गया है।यह जानकारी जिलाधिकारी कार्यालय से जारी प्रेस विज्ञप्ति में दी गई है

### न्यूनतम और अधिकतम तापमान का अंतर हुआ 17डिग्री

मुजफ्फरपुर।आज न्यूनतम और अधिकतम तापमान का अंतर 17डिग्री सेल्सियस रहा।जलवायु परिवर्तन पर उच्च अध्ययन केंद्रडॉ० राजेंद्र प्रसाद केंद्रीय कृषि विश्वविद्यालय पूसा से मिली जानकारी के अनुसार ,आज का अधिकतम तापमान सामान्य से 0.4डिग्री अधिक होकर 26.4डिग्री सेल्सियस पहुंच गया जबकि आज का न्यूनतम तापमान 9.5डिग्री सेल्सियस रहा। सुबह में सापेक्ष आर्द्रता 94प्रतिशत और दोपहर बाद 49प्रतिशत हो गई। दक्षिण -पूर्वई हवा की गति 3.7किमी प्रति घंटा रही।

### बीडीओ ने किया बूथ का सत्यापन

कल्याणपुर, समस्तीपुर। कल्याणपुर प्रखंड क्षेत्र के तीरा जटमलपुर और खरसंड पश्चिमी पंचायत में सोमवार को बुथ का सत्यापन किया। जिसमें तीरा पंचायत के पंचायत भवन ओर उत्क्रमित मध्य विद्यालय ढाव का भी सत्यापन किया। जिसमें बिजली शौचालय सहित मुलभूत सुविधा का जानकारी लेते हुए की आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। मोके पर अपर थाना अध्यक्ष विशद विश्वास मुखिया प्रतिनिधि आशीष कुमार पटेल सहित जनप्रतिनिधि एवं कर्मी मौजूद थे।

### घर में छुपा कर रखी गई भारी मात्रा में विदेशी शराब बरामद

मुजफ्फरपुर ।पूर्ण शराब बंदी के बावजूद शराब का अवैध कारोबार थमने का नाम नहीं ले रहा । शराब कारोबारी शराब की तस्करी के नित नये हथकंडे अपना रहे हैं।पूलिस है कि वह इसका पता लगा ही लेती है।अपने शराब विरोधी अभियान के तहत पुलिस ने जिले के मनियारी थाना क्षेत्र के एक गांव में घर में भारी मात्रा में छुपा कर रखी गई विदेशी शराब बरामद किया है। डीएसपी पश्चिमी अभिषेक आनंद को गुप्त सूचना प्राप्त भी हुई थी कि मनियारी थाना क्षेत्र में शराब कारोबारियों द्वारा शराब का अवैध भंडारण किया गया है। जिसके बाद डीएसपी अभिषेक आनंद ने मनियारी थाना प्रभारी उमाकांत सिंह को कारवाई का निर्देश दिया। निर्देश प्राप्त होते ही मनियारी थाना प्रभारी उमाकांत सिंह और मनियारी थाने के एएलटीएफ प्रभारी अभिषेक कुमार ने पुलिस बल के सहयोग से थाना क्षेत्र के माधोपुर सुस्ता गाव में छापेमारी कर एक घर से भारी मात्रा में विदेशी शराब की खेप बरामद कर लिया। छापेमारी की भनक लगते ही कारोबारी फरार हो गया। वही मामले में मनियारी थाने कीपुलिस ने बताया कि वरीय अधिकारी के आदेश के आलोक में थाना क्षेत्र के माधोपुर सुस्ता गांव में छापेमारी कर विदेशी शराब की खेप को बरामद किया गया है। मामले में प्राथमिकी दर्ज कर कारोबारी की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है।

# बसेरा अभियान लागू करवाये सरकार, नहीं तो होगा बड़ा आंदोलन : श्याम पंडित

प्रात : किरण संवाददाता



मधुबनी भाकपा-माले प्रखंड कमिटी बेनीपट्टी की बैठक शहीद भवन में प्रखंड माले सचिव श्याम पंडित की अध्यक्षता में हुई. बैठक को संबोधित करते हुए भाकपा माले के जिला सचिव सह राज्य कमिटी सदस्य ध्रुब नारायण कर्ण ने कहा कि मोदी शासन के दस साल में जनता बदहाल और अडानी अंबानी जैसे पूंजिपति व अमीत मालोमाल हुए है. हजारों देशभक्तों के कुबार्नी से हासिल देश की आजादी संबिधान और लोकतंत्र का गला घोट रही है मंहगाई बेरोजगारी बास आवास के सवाल को दबाने के लिए राम व धर्म का सहारा ले रही हैं। इलेक्ट्रल बोण्ड घोटाला करके देश को लूटने का काम किया है. जनता के आवाज को दबाने के लिए सरकारी मशीनरियों का दुरुपयोग कर रही है. आंदोलन कारी किसानों पर गोली चलाये जा रहे है। नियोजित शिक्षकों के आंदोलन पर लाठीयां बरसायी जा रही है. अब इस तानाशाही मोदी राज को बदल करके ही जनता का अधिकार मील सकता है.मुख में राम बगल में छूरी वाली मोदी सरकार को पलटने के लिए जनता आगे आ रही हैं। इसलिए पार्टी ने नारा दिया है। बिहार जागाओ तानाशाह हराओ बैठक की अध्यक्षता करते हुए माले प्रखंड सचिव श्याम पंडित ने कहा कि भाकपा-माले के दबाब में महागठबंधन की सरकार ने सभी भूमिहीनों को 5 डिसमिल बास भूमि और पक्का मकान की योजना नये सिरे से लाई. बसेरा अभियान 2 पर काम शुरू था। भाजपा के आने के बाद भूमिहीन गरीबों के इस योजना को लागू कराने के लिए पार्टी और जनता को बड़े आंदोलन के लिए आगे बढ़ना होगा. क्योकि सामंती -सार्म्पदायिक भाजपा, इसे लागू नहीं होने देना चाहती है.बैठक को श्रवण राम,राम बिनय पासवान, पलटू चौपाल, असर्फी सदाय,धरम दास पासवान, मुहम्मद लुकमान, राजेंद्र पासवान वगैरह ने संबोधित किया।

# आग लगने से 13 घर जल कर राख, लाखों रुपये का नुकसान

प्रात : किरण संवाददाता



लालगंज। लालगंज प्रखंड क्षेत्र के पुरखौली पंचायत के वार्ड चार में अचानक आग लगने से तेरह घर जल कर राख हों गया। जिससे लाखो रुपये की क्षति का अनुमान लगाया जा रहा है जानकारी के अनुसार पुरखौली पंचायत के वार्ड नम्बर 04 में सोमवार को अचानक एक घर में आग लगी। आग की लपटें इतना तेज थी कि देखते देखते 13 घर जलकर राख हो गया। जिससे लाखों रुपए का समान जल कर राख हो गया। अगलगी की सूचना पर पंचायत के वार्ड सदस्य अजित मिश्रा ने अंचलाधिकारी को फोन कर सूचना दी और दमकल की गाड़ी भेजने का अग्रह किया। वार्ड सदस्य ने बताया कि सबसे पहले दिनेश राम के घर मे अचानक आग लगी। जिसके बाद आग ने योगेंद्र राम,कंचन राम, ब्रह्मदेव राम,चंदा देवी रेख देवी,मालती देवी सोनिया देवी लालब्ति देवी मुन्नी देवी सरिता देवी मानती देवी समीना देवी समेत कई घरों को अपनी चपेट में ले लिया। आग की लपटें इतनी तेज थी कि घर से कुछ भी समान निकालने का मौका गृहस्वामी को नही मिल सका।जिससे घर में रखा अनाज,कपड़ा, गहना, बक्सा, पेटी, नकदी समेत तीन बकरी के बच्चे भी जलकर राख हो गये।आग लगने के बाद शोर शराबा करते हुए लोग घर से बाहर निकले । जिसके बाद आसपास के ग्रामीण भारी संख्या में जुटकर बोरिंग, मोटर चलाकर एवं मिट्टी फेंक कर किसी तरह से आग पर काबू पाये। वही आग पर काबू पाने के बाद लालगंज से दमकल की गाड़ी पहुँची। काफी देर से दमकल की गाड़ी पहुँचने से ग्रमीणों में आक्रोश देखा गया। अगलगी की सूचना मिलने पर राजस्व कर्मचारी विवेक कुमार पहुंचे और जांच पड़ताल में जुट गए।

# प्रतियोगिता एवं दीवाल लेखन के माध्यम से मतदाता जागरूकता कार्यक्रम कराया गया

प्रात : किरण संवाददाता



मधुबनी खजौली नेहरू युवा केंद्र संगठन मधुबनी द्वारा आयोजित गहन मतदाता जागरूकता अभियान राष्ट्रीय युवा स्वयंसेवक मुकेश यादव के नेतृत्व में स्थानीय विलट सिंह बालिका +2उच्च विद्यालय खजौली के छात्राओं के साथ मतदाता जागरुकता रैली निबंध प्रतियोगिता एवं दीवाल लेखन के माध्यम से मतदाता जागरूकता कार्यक्रम कराया गया. बीडीओ लवली कुमारी उपस्थित होकर छात्र छात्राओं को सत प्रतिशत मतदान कैसे हो मतदाता जागरूक कैसे हो इस विषय पर विस्तार रूप से चचाएं की वहीं उपस्थित वरिष्ठ समाजसेवी बंद कर दीजिए शंभू नाथ ठाकुर जी ने कहा कि समाज में अभी भी कुछ लोग मतदान केंद्र तक नहीं पहुंचते हैं अपना मतदान नहीं करते हैं कुछ लोग प्रलोभन में आकर गलत मतदान करते हैं और वह फिर बाद में पछताते हैं इसी कुर्ती को समाज से दूर करने के लिए जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है इस कार्यक्रम में समाज से भी सुमित सिंह शिक्षक ललन कुमार विजय सिंह अखबार अहमद सुजीत राय एवं सैकड़ो छात्र छात्राएं उपस्थित हुए

## तीन दिवसीय किसान मेला 24 फरवरी से भाग लेंगे देश भर के 50हजार किसान एवं कृषि विशेषज्ञ

प्रात : किरण संवाददाता

मुजफ्फरपुर। डॉ राजेंद्र प्रसाद केंद्रीय कृषि विश्वविद्यालय अगामी 24 से 26 फरवरी तक किसान मेला का आयोजन करेगा।इस किसान मेले में उत्तर प्रदेश ,बिहार और झाडखंड समेत अन्य राज्यों से करीब 50हजार किसानों एवं कृषि विशेषज्ञों के शामिल होने की सम्भावना है। इसबार के किसान मेला का थीम खाद्य सुरक्षा से पोषण सुरक्षा की ओर रखा गया है।

विश्वविद्यालय के कुलपति डाक्टर पीएस पाण्डेय ने पत्रकारों को यह जानकारी दी है । उन्होंने कहा कि तीन दिवसीय कार्यक्रम का उद्देस्य एक व्यापक कार्यक्रम के माध्यम से किसानों को सहन और कृषि नवाचार को बढावा देना है। पहले दिन 24 फरवरी को कृषि में सभी हितधारकों की भलाई सुनिश्चित करने से संबंधित महत्वपूर्ण मुद्दों को संचित करते हुए खाद्य और पोषण सुरक्षा पर केंद्रित किया गया है। दूसरा दिन 25 फरवरी टिकाऊ कृषि पद्धतियों को समर्पित होगा।तीसरा दिन 26 फरवरी कृषि में प्रौद्योगिकी के एकीकरण को समर्पित होगा। जिसमें ड्रोन और सेसर आधारित प्रौद्योगिकियों सहित डिजिटल कृषि नवाचारों पर विस्तृत चर्चा होगी। इस दौरान विश्वविद्यालय द्वारा प्रकाशित विभिन्न पत्र-पत्रिकाओं का लोकार्पण भी किया जायेगा।

## आग्नेयास्त्रों के सत्यापन के लिए दंडाधिकारियों को किया गया प्रतिनियुक्त

प्रात : किरण संवाददाता

मुजफ्फरपुर। जिलाधिकारी ने जिले के सभी थानों मे आग्नेयास्त्रों के सत्यापन हेतु दंडाधिकारियों की प्रतिनियुक्ति कर दी है। 21 से 23फरवरी तक आग्नेयास्त्रों का सत्यापन किया जाएगा।जिलाधिकारी ने कहा है कि आगामी लोक सभा निर्वाचन को निष्पक्ष एवं स्वच्छ वातावरण में सम्पन्न कराने के उद्देश्य से इस जिले के आग्नेयास्त्र अनुज्ञप्तिधारियों द्वारा धारित शस्त्र का भौतिक सत्यापन आवश्यक है। नियमानुसार आग्नेयास्त्र अनुज्ञप्ति का नवीनीकरण प्रत्येक पॉच वर्ष पर तथा आग्नेयास्त्र का भौतिक सत्यापन प्रत्येक वर्ष में करना अनिवार्य है। इस क्रम में ब्रह्मपुरा थाना, नगर थाना, काजी महम्मद्पुर थाना, विश्वविद्यालय थाना, मिठनपुरा थाना, बेला थाना, अहियापुर थाना, सदर थाना, मुशहरी थाना, सिवाईपट्टी थाना, मीनापुर थाना, पीयर थाना, बोचहाँ थाना, गायघाट थाना, हथौड़ी थाना, सकरा थाना, कटरा थाना, औराई थाना, काँटी थाना, करजा थाना, कथैया थाना, बरूराज थाना, मोतीपुर थाना, पारू थाना, देवरिया थाना, सरैया थाना, जैतपुर थाना, कुढ़नी थाना, मनियारी थाना एवं साहेबगंज थाना ,कुल 27 थानों में दिनांक 21 22 एवं 23.फरवरी को आग्नेयास्त्रों के भौतिक सत्यापन हेतु दण्डाधिकारियों की प्रतिनियुक्ति की गयी है। प्रतिनियुक्त सभी दण्डाधिकारी निर्धारित तिथियों को 10:30 बजे पूर्वाह्न से 4:00 बजे अपराह्न तक संबंधित थाना पर उपस्थित रहकर शस्त्रों का भौतिक सत्यापन करेंगे। सभी थानाध्यक्ष अपनी थाना शस्त्र पंजी के अनुसार सभी अनुज्ञप्तिधारियों को चौकीदार,दफादार के माध्यम से लिखित सूचना भी तामिला करायेंगे ताकि सभी अनुज्ञप्तिधारियों को सूचना मिल सके।

## ट्रेन की देरी से यात्री परेशान, समय सारणी में संशोधन एवं लूज टाइमिंग को समाप्त करने की मांग

विभूतिपुर, प्रात : किरण संवाददाता

विभूतिपुर प्रखंड का एक मात्र रेलवे स्टेशन सिंघियाघाट के यात्रियों को ट्रेन से समस्तीपुर जाना काफी कष्टदायक साबित हो रहा है। मात्र 24 किलोमीटर कि दूरी यात्रा करने में रेलवे के समय सारणी के अनुसार 1 घंटा 52 से मिनट तय किया हुआ है। लेट लतीफी को जोड़ दिया जाए तो यह दूरी 2 घंटा लगता है। जबकि इतना ही दूरी समस्तीपुर से सिंघीया घाट आने के क्रम में अधिकतम 33 मिनट और कम से कम 26 मिनट समय लगता है। आने में भी उतना ही किलो मीटर और जाने में भी उतना किलो मीटर तो आने और जाने के समय चार गुणा का फासला है। इस प्रकार से यात्रिओ का समय कि काफी बबार्दी होती हैं। एक तरफ समय बचाने के लिए रेलवे तरह तरह के तकनीक विकसित कर रही है तो दूसरी तरफ समस्तीपुर खगड़िया रेल खंड लूज समय सारणी से यात्रा काफी कष्टदायक बना हुआ है। खासकर अप ट्रेन से यात्रा करने काफी समय की बबार्दी होती है। जिसका उदाहरण इस प्रकार है सहरसा से समस्तीपुर जाने वाली ट्रेन 05221से सिंघीया घाट से समस्तीपुर जाने में 1 घंटा 52 मिनट लगता है, 05275से 1 घंटा 36 मिनट, 05243से 1 घंटा 22 मिनट, 05277से 1 घंटा 03 मिनट, 05291से 1 घंटा 01 मिनट तथा 05549से 24 किलो मीटर कि यात्रा करने में 50 मिनट समय लगता है। दैनिक यात्री संघ सिंघीया घाट स्टेशन संयोजक मनोज कुमार ने रेलवे के अधिकारियों से मांग किया है कि समय सारणी में संशोधन करते हुए लूज टाइमिंग को समाप्त कर यात्रिओ का बहुमूल्य समय बर्बाद होने से बचाया जाए।

# जमाबंदी को आधार से जल्द कराए सीडिंग

विभूतिपुर, प्रात : किरण संवाददाता



विभूतिपुर प्रखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत खास टभका उत्तर के पंचायत भवन के सभागार में जमाबंदी को आधार से सीडिंग कराने के लिये मुखिया प्रतिनिधि रंधीर कुमार राय की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई। जिसमें नये पदस्थापित अंचलाधिकारी रंधीर रमण और राजस्व कर्मचारी विधुत कुमार मौजूद थे। जिसमें आम जन बाड़ी बाड़ी से अपनी समस्या अंचलाधिकारी के समक्ष रखा। सभी लोगों को अंचलाधिकारी ने हरसंभव उचित न्याय दिलाने का भरोसा दिलाया। सीओ ने कहा कि विभूतिपुर में पदस्थापित होने के तुरंत बाद सर्वप्रथम अपना जनसंवाद खास टभका उत्तर पंचायत से हीं शुरू किया हूं। इसीलिए आप सभी जनप्रतिनिधियों एवं आम जन से सहयोग की अपेक्षा रखता हूं। उन्होनें कहा कि ज्यादा से ज्यादा जमाबंदी को आधार से सीडिंग कराये ताकि आधार सीडिंग आपका पंचायत प्रथम स्थान ला सके। उन्होंने इसके लिये जनप्रतिनिधियों से सहयोग करने की अपील की। उसके बाद मुखिया प्रतिनिधि रंधीर कुमार राय के द्वारा अंचलाधिकारी को चादर पाग एवं माला से सम्मानित किया गया। मौके पर वार्ड सदस्य पिंटू कुमार झा, महावीर राम, सुशील झा, विशाल कुमार राय, तपेश्वर राय,ललित यादव, विनोद रजक,रंजीत कुमार झा, अशोक राय,मिन्टू कुमार राय, अशोक सहनी,रामपुकार महतो, राजेश महतो,संजय महतो, अमन कुमार, सुमंत कुमार राय, राजाबाबू महतो, अशोक महतो, अवधेश राय, गनौर राय आदि लोग उपस्थित थे।

## डुप्लीकेट पान मसाला और तुलसी जर्दा का मिनी फैक्ट्री का हुआ पदार्फाश

कल्याणपुर, प्रात : किरण संवाददाता

कल्याणपुर थाना क्षेत्र के मुक्तापुर हाई स्कूल के समीप एक पान मसाला की दुकान के गोदाम से गुप्त सूचना पर तुलसी ब्रांड जीरो डबल री पैकिग मशीन व मटेरियल पुलिस ने बरामद किया है। डुप्लीकेट री पैकिंग कर बाजार में लाखों रुपए मूल्य का पान मसाला सप्लाई भी किया जाता था। इस मामले में पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार सूचना प्राप्त हुई कि थाना क्षेत्र में पान मसाला की दुकान के गोदाम में तुलसी ब्रांड की पान मसाला का अवैद्य मिनी फैक्ट्री संचालित की जा रही है। इसके आधार पर त्वरित कार्रवाई करते हुए थाना के एसआई संतोष कुमार के नेतृत्व में पुलिस बल के साथ मिनी फैक्ट्री का मशीन व रॉ मेटेरियल बरामद कर लाया गया। वहीं थानाध्यक्ष राजन कुमार का बताना है कि बरामद सामान के आधार पर दुकानदार के विरुद्ध मामला दर्ज किया जा रहा है। जिसमें तुलसी डबल जीरो डब्बा का 175 पैकिंग सील के साथ लगभग डेढ़ लाख से अधिक मूल्य का नकली तुलसी पान मसाल जब्त किया है।

## रहिका पुलिस ने 45लीटर देशी विदेशी शराब के साथ तस्कर को किया गिरफ्तार



प्रात : किरण संवाददाता

मधुबनी जिला मुख्यालय से सटे रहिका थाना पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर समकालीन अभियान के तहत ग्राम सतलाखा से एक शराब कारोबारी को 15लीटर विदेशी शराब व 30लीटर देशी नेपाली शराब के साथ गिरफ्तार कर लिया गया।रहिका थानाध्यक्ष रविंद्र कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि गुप्त सूचना मिला कि ग्राम सतलखा के ठक्कू मंडल के पुत्र कार्तिक मंडल अपने घर में शराब रख कर खरीद बिक्री का काम करता है सूचना की सत्यापन करने पहुंचे पुलिस बल को देखते ही शराब कारोबारी भागने लगा जिसका पीछा करते हुए खदेड़ कर पुलिस बल के द्वारा पकड़ लिया गया तथा घर में तलाशी लेने पर घर से देशी विदेशी शराब जिसकी कुल मात्रा 45लीटर बरामद किया गया। साथ ही न्यायालय द्वारा निर्गत अधिपत्र के आधार पर समकालीन अभियान के तहत एक वारंटी महेंद्र साह को गिरफ्तार कर लिया गया। गिरफ्तार दोनो व्यक्तियो को न्यायिक हिरासत में लेने हेतु व्यवहार न्यायालय मधुबनी भेज दिया गया।

# समाहरणालय परिसर स्थित स्वीप गार्डेन में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का औपचारिक शुभारंभ हुआ



प्रात : किरण संवाददाता

मधुबनी आगामी लोकसभा आम निर्वाचन 2024 में व्यापक मतदाता जागरूकता अभियान चलाने एवं जिले के मतदान प्रतिशत में वृद्धि को लेकर जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह जिलाधिकारी अरविन्द कुमार वर्मा ने समाहरणालय परिसर स्थित स्वीप गार्डेन में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का औपचारिक शुभारंभ किया। मतदाता जागरूकता श्लोगन के साथ गुब्बारा गुच्छ हवा में उड़ाकर कार्यक्रम का आगाज किया गया। मतदाता जागरूकता गीत-संगीत हस्ताक्षर अभियान एवं सेल्फी कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया। जिलाधिकारी ने उपस्थित सभी अधिकारियों,कर्मियों एवं मतदाताओं को वोट को लेकर शपथ भी दिलाई।जिला निर्वाचन पदाधिकारी के नेतृत्व में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम में काफी संख्या में अधिकारियों कर्मियों छात्रों एवं आम जनता ने भाग लिया। कार्यक्रम में उपस्थित युवाओ विशेषकर महिलाओं का उत्साह देखते ही बन रहा था,मानो कल ही मतदान पर्व हो। हस्ताक्षर अभियान एवं सेल्फी में भाग लेने वालों में पहले भाग लेने की होड़ मची थी। मेरा वोट मेरा अधिकार मतदान को लेकर मधुबनी तैयार वोट का जोश हाई है आदि नारो से पूरा समाहरणालय गूंज उठा।जिला निर्वाचन पदाधिकारी द्वारा मतदाता जागरूकता श्लोगन युक्त गुब्बारे को उड़ाकर आगामी लोकसभा निर्वाचन में शतप्रतिशत करेंगे मतदान,मधुबनी वोट को लेकर तैयार,वोट का जोश आदि का संदेश दिया। इस अवसर पर डीडीसी दीपेश कुमार, एडीएम शैलेश कुमार डीपीआरओ परिमल कुमार एसडीओ अश्वनी कुमार एसडीसी सुजीत कुमार वर्णवाल,मयंक सिंह,उप निर्वाचन पदाधिकारी प्रशांत कुमार, डीपीएम जीविका सहित कई पदाधिकारी काफी संख्या में महिला एवं युवा मतदाता,आदि उपस्थित थे।

## दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल हुए जिला प्रवक्ता का कुशल क्षेम लेने पहुंचे विधायक



समस्तीपुर, प्रात : किरण संवाददाता

जिला राजद प्रवक्ता राकेश कुमार ठाकुर पिछले दिनों एक दुर्घटना में गंभीर रूप से चोटिल हो गये थे। उनका इलाज शहर के एक निजी अस्पताल में चल रहा है। रविवार की देर शाम स्थानीय विधायक अख्तरुल इस्लाम शाहीन विशनपुर स्थित उनके आवास पर पहुंचे तथा उनका कुशल-क्षेम जाना। विधायक ने कहा कि जिला प्रवक्ता राकेश कुमार ठाकुर एक ऊजार्वान व निष्ठावान राजद नेता है। वे बेहद विन्रम, सामाजिक सद्भाव के धनी इंसान हैं। हम उनके अच्छे स्वास्थ्य व कुशलता की कामना करते हैं। मौके पर उत्कर्ष बैंक के वरीय प्रबंधक रवि आनंद, पटना बीडी कॉलेज के सहायक प्रोफेसर डॉ रजनीश कुशवाहा, समाजसेवी मो. बशीर अहमद, मो. आसिफ इकबाल, प्रमोद कुमार पप्पू, रंजीत कुमार रम्भू, ई. राजेश कुमार राय, जयलाल राय, जयशंकर ठाकुर, ज्योतिष महतो, मनोज पटेल, मनोज कुमार राय, मो. रूहुल्लाह खान गुड्डू, मौजेलाल सिह, रामयतन राय, डॉ रामपुकार कुशवाहा, राकेश मिश्रा, नीलू शर्मा आदि मौजूद थे।

## एसपी को बिहार प्रदेश स्वतंत्रता सेनानी उत्तराधिकारी संगठन ने किया सम्मानित

प्रात : किरण संवाददाता

हाजीपुर ।बिहार प्रदेश स्वतंत्रता सेनानी उत्तराधिकारी संगठन ने पुलिस कप्तान कार्तिकेय के शर्मा को अंग वस्त्र ,बुके ,एवं भगवान राम की प्रतिमा भेंट कर अभिनंदन किया ' सम्मानित करते हुए बिहार प्रदेश स्वतंत्रता सेनानी उत्तराधिकारी संगठन के प्रदेश अध्यक्ष डॉ मनोज कुमार सिंह ने बताया की नए दायित्व में आने पर वैशाली की धरती पर उनका स्वागत है निश्चित ही वैशाली जिला में अपराध नियंत्रण में होंगे, विधि व्यवस्था ठीक होंगे ,सबको सम्मान सब को इज्जत मिलेंगे' इस अवसर पर वैशाली जिला स्वतंत्रता सेनानी के महासचिव श्री सत्यवीर कुमार सिंह विशेष रूप से उपस्थित थे ' एक मांग पत्र देते हुए डॉक्टर मनोज ने मांग की वैशाली जिला में स्वतंत्रता सेनानी उत्तराधिकारी प्रमाण पत्र बनाने हेतु वैशाली जिला में बहुत से थाने में चरित्र सत्यापन हेतु आवेदन पड़ा हुआ है ' जिनके कारण बहुत से उत्तराधिकारी को प्रमाण पत्र जिलाधिकारी द्वारा निर्गत नहीं किया जा रहा है इसके लिए अपने स्तर से तुरंत पहल कर चरित्र सत्यापन करने की कृपा की जाए

# थाना परिसर में प्रेमिका को कंधे पर लेकर भागने का वीडियो वायरल

समस्तीपुर, प्रात : किरण संवाददाता



समस्तीपुर से अजीब प्रेम कहानी सामने आई है। यहां पर एक लड़की ने अपने प्रेमी के साथ जाने से इनकार किया तो लड़के ने उसे कंधे पर उठाकर भागने लगा। जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। बताया जा रहा है कि पहले प्रेमी जोड़े के बीच समस्तीपुर नगर थाने के सामने किसी बात को लेकर बहस हुई। कुछ देर बात प्रेमी ने लड़की को कंधे पर उठाया और भागने लगा। बताया जा रहा है कि दोनों के बीच इंस्टाग्राम के जरिए बातचीत शुरू हुई थी। एक साल से दोनों एक दूसरे बात कर रहे थे। कुछ दिनों से लड़की ने बात करना बंद कर दिया। इसपर लड़का उससे मिलने समस्तीपुर पहुंचा और उसे मिलने के लिए बुलाया। थाने के सामने दोनों के बीच बहस हुई। इसी दौरान अचानक लड़के ने लड़की को कंधे पर उठाकर भागने की कोशिश की। सोशल मीडिया पर जो वीडियो वायरल हो रहा है, उसमें साफ देखा जा सकता है कि एक युवक लड़की से बात कर रहा है। दोनों के बीच किसी बात को लकेर झगड़ा हो जाता है। युवती के साथ एक महिला और लड़की नजर आ रही है। इसी बीच युवक लड़की को उठाकर थाने की तरफ दौड़ पड़ता है। थाने पहुंचकर पुलिस को देखते ही लड़की को नीचे उतार देता है, और मौके से फरार हो जाता है। बताया जा रहा है कि युवक सेना में कार्यरत है और छुट्टी पर घर आया हुआ है। जानकारी के अनुसार, प्रेमिका सोनवर्षा मोहल्ले की रहने वाली है। उसे एक सैनिक से इंस्टाग्राम पर प्यार हो गया था। एक साल से दोनों एक दूसरे के संपर्क में थे। कई बार मिल भी चुके थे। कहा तो ये भी जा रहा है कि दोनों एक-दूसरे से प्यार भी करते थे। हालांकि कुछ दिनों से लड़की ने लड़के से दूरी बना रही थी। रविवार को युवक समस्तीपुर आया और लड़की को मिलने के लिए बुलाया। लड़की की मां और बहन भी पीछे-पीछे आ गईं। समस्तीपुर शहर के थानेश्वर मंदिर के पास दोनों मिले इस दौरान विवाद हो गया। लड़का ने लड़की को अपने साथ चलने को कहा लेकिन लड़की तैयार नहीं थी। लड़की की मां और बहन ने लड़के को खूब सुनाया, इसके बाद तीनों वहां से जाने लगी। इसी दौरान लड़के ने तीनों को घेर लिया और लड़की को कंधे पर उठाकर भागने लगा। बताया जा रहा है कि वहां मौजूद अन्य लोगों ने पूरी घटना का वीडियो बना लिया, जो अब सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। फिलहाल इस मामले पर पुलिस कुछ भी बोलने से बच रही है।

राष्ट्रीय दैनिक
प्रात:किरण
पटना, मंगलवार, 20 फरवरी, 2024



## संक्षिप्त खबरें

### स्नातकोत्तर या पीएचडी उपाधि प्राप्त कर चुके विद्यार्थियों की आज बैठक

दर्शनशास्त्र विभाग, भूपेंद्र नारायण मंडल विश्वविद्यालय से स्नातकोत्तर या पीएचडी उपाधि प्राप्त कर चुके विद्यार्थियों की एक बैठक मंगलवार को पूर्वाह्न 11: 00 बजे से होगी। इसमें विभागीय पूर्ववर्ती छात्र परिषद् (एलुमनी एसोशिएशन) का गठन किया जाएगा। प्रभारी विभागाध्यक्ष डॉ. सुधांशु शेखर ने बताया कि बैठक की अध्यक्षता पूर्व विभागाध्यक्ष प्रो. ज्ञानंजय द्विवेदी करेंगे। उन्होंने बताया कि बैठक में भाग लेने के लिए सभी सत्रों के विद्यार्थियों को आमंत्रित किया गया है।

### मानव अस्तित्व का दार्शनिक विश्लेषण विषय पर आज होगा व्याख्यान

मधेपुरा भूपेंद्र नारायण मंडल विश्वविद्यालय, मधेपुरा के शैक्षणिक परिसर अवस्थित विश्वविद्यालय दर्शनशास्त्र विभाग में मंगलवार को एक व्याख्यान का आयोजन किया गया है। प्रभारी विभागाध्यक्ष डॉ. सुधांशु शेखर ने बताया कि व्याख्यान का विषय मानव अस्तित्व का दार्शनिक विश्लेषण रखा गया है। इसके मुख्य वक्ता दर्शनशास्त्र विभाग, बी. आर. अंबेडकर बिहार विश्वविद्यालय, मुजफ्फरपुर के प्रोफेसर डॉ. राजेश्वर सिंह होंगे। उन्होंने बताया कि व्याख्यान का उद्घाटन पूर्व कुलपति प्रो. ज्ञानंजय द्विवेदी करेंगे। इस अवसर पर मुख्य अतिथि मानविकी संकायाध्यक्ष प्रो. आर. के. मल्लिक, विशिष्ट अतिथि निदेशक (आईक्यूएसी) प्रो. नरेश कुमार एवं सम्मानित अतिथि हिन्दी विभागाध्यक्ष प्रो. उषा सिन्हा होंगी। अतिथियों का स्वागत प्रभारी विभागाध्यक्ष डॉ. सुधांशु शेखर, संचालन असिस्टेंट प्रोफेसर श्री विनय कुमार एवं धन्यवाद ज्ञापन अतिथि व्याख्याता डॉ. कुमार ऋषभ करेंगे।

# शारीरिक दक्षता बनाये रखने के लिए खाएं फाइलेरिया रोधी दवा

- 95 होमगार्डों के सेवन करायी गई दवा
- आमजनों से फाइलेरिया रोधी दवा खाने की अपील

प्रात : किरण संवाददाता



सहरसा। जिले में लोगों को फाइलेरिया मुक्त करने एवं बचाव के लिए कहरा प्रखंड में फाइलेरिया उन्मूलन अभियान के तहत सर्वजन दवा सेवन कार्यक्रम के तहत पूर्व सुनियोजित कार्यक्रम के तहह आज होमगार्ड के अधीक्षक को दवा सेवन का कार्यक्रम आरंभ किया गया। इस मौके पर प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डा. चंद्रा गुप्ता ने लोगों से फाइलेरिया या हाथी पांव कुरूपता और अपंगता की बीमारी से बचने के लिए फाइलेरिया रोधी दवा अवश्य खायें। सर्वजन दवा सेवन कार्यक्रम के तहत दवा सेवन करना फाइलेरिया से बचाव का सबसे सरल और आसान उपाय है। पाँच सालों तक साल में एक बार मास ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन (एमडीए) संचालित कर लोगों को फाइलेरिया से बचाव के लिए दवा सेवन कराया जायेगा। उन्होंने बताया कार्यक्रम के सफल क्रियान्वयन के लिए जिले में आइसीडीएस, जीविका, शिक्षा विभाग, पंचायती राज, नगर निकाय एवं अन्य विभागों के अलावे स्वास्थ्य संगठन पिरामल एवं पीसीआई जैसी स्वयंसेवी संस्थाएं भी स्वास्थ्य विभाग को सहयोग प्रदान कर रही हैं। क्यूलेक्स मच्छर के काटने से होता है फाइलेरिया होमगार्ड कैम्पस में सर्वजन दवाव सेवन कार्यक्रम की शुरूआत करते हुए प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. चंद्रा गुप्ता ने बताया फाइलेरिया क्यूलेक्स मच्छर के काटने से होने वाली एक गंभीर संक्रामक बीमारी है जिसे आमतौर पर हाथी पांव भी कहा जाता है। कोई भी व्यक्ति किसी भी उम्र में फाइलेरिया से संक्रमित हो सकता है। फाइलेरिया के प्रमुख लक्षणों में हाथ और पैर या हाइड्रोसिल (अण्डकोष) में सूजन का होना होता है। प्रारंभिक अवस्था में इसकी पुष्टि होने के बाद जरूरी दवा सेवन कर इसे रोका जा सकता है। इसके लिए लोगों में जागरुकता की आवश्यकता है। किन्तु अधिक दिनों तक इसकी उपेक्षा करने पर यह गंभीर रूप ले लेता है, जिससे फाइलेरिया संक्रमित स्थायी रूप से विकलांग हो जाते हैं। इसके लिए जागरूता की आवश्यकता है। मच्छरों से बचने के लिए सोते समय मच्छरदानी का उपयोग करें, अपने घरों के आस-पास साफ सफाई रखें एवं पानी इकट्ठा न होने दें, जहाँ मच्छर पनपते हों। मौके पर लोगों को दी गई जानकारी इस मौके पर पीरामल स्वास्थ्य की ओर से टीम लीडर नसरीन ने लोगों को बताया फाइलेरिया के संक्रमण से सुरक्षित रखने के लिए आशा व आंगनबाड़ी सेविका द्वारा लोगों को बूथ स्तर पर तथा घर-घर जाकर अपनी उपस्थिति में डीईसी व अल्बेंडाजोल की दवा खिला रही हैं।

# स्वीप कार्यक्रम अंतर्गत मतदाता जागरूकता अभियान की हुई शुरआत

प्रात : किरण संवाददाता

सहरसा । लोकसभा आम निर्वाचन, 2024 के निमित्त स्वीप कार्यक्रम अंतर्गत मतदाता जागरूकता अभियान के तहत समाहरणालय परिसर, सहरसा में संजय कुमार निराला, वरीय पदाधिकारी, स्वीप कोषांग-सह-उप विकास आयुक्त, सहरसा के द्वारा हस्ताक्षर अभियान का शुभारंभ किया गया। उनके द्वारा आयोजन स्थल पर मौजूद आंगबाड़ी सेविका, महिला पर्यवेक्षिका, सुपरवाईजर एवं मौके पर मतदाताओ को संबोधित करते हुये मतदाता जारूकता हेतु विभिन्न स्तरों पर इस प्रकार के कार्यक्रम के आयोजन की आवश्यकता बताई गई। इस पर श्री प्रदीप कुमार, अनुमंडल पदाधिकारी, सदर सहरसा, ललित कुमार सिंह, भूमि सुधार उप समाहर्त्ता, सदर सहरसा, आशा कुमारी, कार्यपालक दंडाधिकारी, सदर सहरसा, मुख्य कोषांग के रविन्द्र ठाकुर, एवं स्वीप कोषांग के कर्मी श्री अभिषेक, आनंद कुमार विजेता, अमित कुमार, शूलपाणि एवं मनीष कुमार उपस्थित थे।

**भवन निर्माण विभाग**
बिहार सरकार
कार्यपालक अभियंता, केन्द्रीय भवन प्रमण्डल, पटना का कार्यालय
अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना, संख्या– 113 वर्ष 2023–24

1. विज्ञापनदाता का पदनाम एवं पता : कार्यपालक अभियंता, केन्द्रीय भवन प्रमण्डल, पटना।
2. परिमाण–विपत्र बिक्री की तिथि एवं समय : दिनांक 27.02..2024 को 12:00 बजे अपराह्न तक।
3. निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय : दिनांक 28.02..2024 को 03:00 बजे अपराह्न तक।
4. निविदा खोलने की तिथि एवं समय : दिनांक 28.02..2024 को 03:30 बजे अपराह्न।
5. परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान : (क) अंचल कार्यालय, दक्षिण बिहार भवन अंचल, पटना। (ख) प्रमंडल कार्यालय, केन्द्रीय भवन प्रमंडल, पटना। (ग) संबंधित अवर प्रमंडल कार्यालय।
6. निविदा प्राप्ति का स्थान : क्रमांक (5) के वर्णित स्थान (क) एवं (ख) पर।
7. कार्य का विवरणी :–

| क्र० | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (लाख रू० में) | अग्रधन की राशि (रू० में) | परिमाण विपत्र का मू० (रू० में) (अप्रत्यर्पणीय) | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | Renovation of P.H. Work of with Campus of B.P.S.C. (RWH Pipe, CPVC Pipe) at Nehru Path, Patna for the year 2023-24. | 5.79 | 11,600=00 | 1,250=00 | 15 दिन |
| 2. | Renovation of Visitor Shed of in Campus of B.P.S.C. at Nehru Path , Patna for the year 2023-24. | 14.99 | 30,000=00 | 2,500=00 | 15 दिन |
| 3. | Renovation of Earth Filling, Sand Filling, Paver Block and Visitor Shed Toilet in Campus of B.P.S.C. at Nehru Path , Patna for the year 2023-24. | 12.84 | 25,700=00 | 2,500=00 | 15 दिन |

उक्त सूचना state.bihar.gov.in/prdbihar पर भी देखी जा सकती है। कार्यपालक अभियंता
केन्द्रीय भवन प्रमण्डल, पटना
PR- 017722 (BCD) 2023-24
नशे से बचने का है एक ही उपचार, दृढ़ संकल्प और परिवार से प्यार

# देशी कट्टा और कोरेक्स के साथ गिरफ्तार



प्रात : किरण संवाददाता

पतरघट/सहरसा। जिला के थाना सौर बाजार ओपी पतरघट क्षेत्र मे पुलिस अधीक्षक महोदय सहरसा के निर्देशन में दिनांक 18/02/2024 को विशेष वाहन चेकिंग के क्रम में गुप्त सूचना के आधार पर पंचायत गोलमा पूर्वी टोला घोघनपट्टी वार्ड नंबर 3 स्थित छोटू यादव के घर के आंगन से एक बोरी में 69 बोतल कोडिंग युक्त कफ सिरप जिसका कुल मात्रा 6 लीटर 900 सौ एमएल बरामद हुआ। अभियुक्त छोटू यादव घर से भागने में सफल रहा। इस संबंध में प्राथमिक दर्ज कर अग्रिम कार्रवाई की जा रही वही पर दूसरा काला रंग के बैग में लोहे का एक देसी कट्टा दो बोतल कोडिंग युक्त विश्वकप सिरप जिसका कुल मात्रा 200 एमएल एवं दो मोबाइल जप्त कर लिया गया। जब्त किए गए। ओपी अध्यक्ष अजय कुमार पासवान ने बताया कि वाहन चेकिंग के दौरान गिरफ्तारी किया गया है।बताया गया कि फोरसाहा वार्ड नंबर 16 निवाशी दोनो का थाना सौरबाजार, जिला सहरसा के निवासी सनोज कुमार पिता विलास शर्मा वो आशीष कुमार पिता अमरनाथ शर्मा। पुलिसअवर निरीक्षक विकास कुमार सिंह, पुलिस अवर निरीक्षक राहुल रोशन, थाना सशस्त्र बल के सहयोग से गिरफ्तारी किया गया। अभियुक्त के ऊपर विधि संवत कार्रवाई करते हुए न्यायिक हिरासत भेजा।

# दिलीप कुमार सिंह ने तालाब की दूषित जल को हटाने की मांग

प्रात : किरण संवाददाता

मधुबनी खजौली प्रखंड क्षेत्र के दतुआर पंचायत के दतुआर गांव स्थित महामाया स्थान मंदिर परिसर में तालाब की जल दूषित होने से सैकड़ो श्रद्धालुगण तालाब में स्नान करने से वंचित हो रहा है. इस दूषित जल को तालाब से निकालने के लिए मिथिलावादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष व महामाया स्थान मंदिर कमिटी के अध्यक्ष दिलीप कुमार सिंह ने कहा कि महामाया स्थान मंदिर आस्था का केंद्र है. इस मंदिर प्रतिदिन माँ भगवती की पूजा अर्चना करने के लिए पड़ोसी देश नेपाल सहित बिहार के तमाम जिलों से श्रद्धालु भक्त जनों की स्नान में भारी दिक्कत की सामना कर रही है.वही झंझारपुर लोक सभा के सांसद राम प्रीत मंडल ने दतुआर पंचायत को गोद लेकर महामाया स्थान मंदिर ,तालाब सहित समस्त पंचायत की चहुमुखी विकास करने का वादा करने की धोषणा की. उन्होंने कहा कि महामाया स्थान मंदिर का तालाब का दूषित जल को अविलंब तालाब से नही हटाने पर कभी भी गांव, मंदिर स्थान में महामारी फैल सकती है.मिथिलावादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष दिलीप कुमार सिंह ने जिला पदाधिकारी एव स्थानीय बीडीओ से आग्रह किया है तालाब की दूषित जल को निकलवाने की गुहार लगाया है।

# आपस मे मेल से रहो, जहा रहो सत्संग करो

प्रात : किरण संवाददाता

सहरसा। पटेल मैदान मे संतमत संत समागम का भव्य आयोजन बहुत ही हर्षोल्लास के साथ सम्पन्न हुआ, आसपास का छेत्र भक्तिमय माहौल मे तब्दील हो गया। मीडिया प्रभारी चन्दन वर्मा ने बताया कि स्वामी देवव्रत बाबा के अध्यक्षता मे संत समागम का भव्य समारोह सम्पन्न हुआ। इस समारोह मे विधायक गुंजेशवर साह की बहुत ही अहम भुमिका रही उनके पहल पर ही संतमत संत समागम का भव्य आयोजन किया गया और उनका बहुत योगदान रहा। समागम मे सहरसा जिला अंतर्गत सभी सात आश्रम के व्यवस्थापक बाबा के द्वारा अपनी अपनी व्यवस्था के साथ सब लोग पटेल मैदान पहुँचे, वहा से सभी साथ साथ सैकरो गाड़ीयो से नगर भ्रमण करते हुए पुनः पटेल मैदान पहुँचे, उसके बाद सत्संग, भजन-कीर्तन, प्रवचन, ग्रन्थ पाठ हुआ तत्पश्चात गुरू महाप्रसाद का विशाल आयोजन किया गया।

**भवन निर्माण विभाग**
बिहार सरकार
कार्यपालक अभियंता, केन्द्रीय भवन प्रमंडल, पटना का कार्यालय
अल्पकालीन कोटेशन आमंत्रण सूचना संख्या– 175 वर्ष 2023–24
(विशेष शर्त्त मद एवं मात्रा के लिए वेबसाईट State.bihar.gov.in/prdbihar देखें)

समुचित श्रेणी मे निबंधित संवेदको/ख्याति प्राप्त फर्मों/कम्पनियों से दिनांक **28.02.2024** के अपराह्न 12.30 बजे तक निर्देशानुसार निम्नलिखित कार्यों के लिए मुहरबंद कोटेशन अधीक्षण अभियंता, दक्षिण बिहार अंचल, पटना का कार्यालय एवं अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में प्राप्त किया जाएगा और उसी दिन 3.00 बजे अपराह्न मे कोटेशनदात्ताओं या उनके द्वारा प्राधिकृत प्रतिनिधियों के समक्ष खोला जायेगा।
कोटेशन का मुल्य (रुपये में) प्रत्येक कार्य क्रमांक के कोटेशन–पत्र के साथ कोटेशन मूल्य ONLINE GOVERNMENT REVENUE AND ACCOUNTING SYSTEM (O-GRAS) के माध्यम से (कार्यपालक अभियंता, केन्द्रीय भवन प्रमण्डल, पटना) के पदनाम से जमा करना अनिवार्य होगा, जो कोटेशन प्रकाशन की तिथि के बाद का होना चाहिए। कोटेशन प्रकाशन के पूर्व के निर्गत ओ–ग्रास (O-GRAS) का कम्पयूटराईज्ड प्राप्ति रसीद पर कोई विचार नहीं किया जाएगा। कोटेशन मूल्य संवेदक के द्वारा कुल कोटेड राशि के अनुसार होगा, जो निम्न प्रकार है :– रू0 0 से रू0 50,000 तक– रू0 250/–, रू0 50,001 से रू0 2,50,000 तक– रू0 500/–, रू0 2,50,001 से रू0 5,00,000 तक– रू0 750/–, रू0 5,00,001 से रू0 10,00,000 तक– रू0 1,250/–, रू0 10,00,001 से रू0 15,00,000 तक– रू0 2,500/– एवं अग्रधन की राशि– 2% (कोटेड राशि का मूल्य दो प्रतिशत) कोटेशन कागजात के साथ संलग्न किया जाना अनिवार्य होगा।
कार्य का विवरणी :–

| Sl No. | Name of Work/Specifiation | Qnt. | Unit | Quoted Rate (in Number and Word) |
|---|---|---|---|---|
| 01. | Supply and Installation of Curtain Cloth, Roller Blinds and Water Purifier in Residence No.- 5 at Desh Ratan Marg, Patna for year 2023-24. | | | |
| 02. | Supplying and Installation of Sofa, Table and Chair in Residence No.- 5 at Desh Ratan Marg, Patna for year 2023-24. | | | |
| 03. | Supplying, Fitting & Fixing of Office Table, Console Table, Lounge Chair and King Size Bed in Residence No.- 5 at Desh Ratan Marg, Patna for year 2023-24. | | | |
| 04. | Supplying and Installation of 4K Smart OLED T.V. in Residence No.- 5 at Desh Ratan Marg, Patna for year 2023-24. | | | |

विस्तृत जानकारी www.state.bihar.gov.in/prdbihar से प्राप्त की जा सकती है।
कार्यपालक अभियंता
केन्द्रीय भवन प्रमंडल, पटना
PR. No. 017704 (BCD) 2023-24
विस्तृत जानकारी www.state.bihar.gov.in/prdbihar से प्राप्त की जा सकती है।
नशे से बचने का है एक ही उपचार, दृढ़ संकल्प और परिवार से प्यार।

# सेवानिवृत प्रधानाध्यापक वासुदेव बाबू के निधन पर मातमपुर्सी के लिए पहुंचे पूर्व मंत्री




प्रात : किरण संवाददाता

चौसा, मधेपुरा चौसा निवासी सेवानिवृत्त प्रधानाध्यापक वासुदेव प्रसाद गुप्त के निधनोंप्रान्त पूर्व मंत्री सह क्षेत्रीय विधायक नरेंद्र नारायण यादव पहुंचे मातमपुर्सी के लिए।वे आज सोमवार को उनके निवास स्थान पर पहुंच कर परिजनों से मुलाकात कर सांत्वना दिया और वासुदेव बाबू के तैलीय चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर शोक व्यक्त किया। पूर्व मंत्री श्रीयादव ने कहा कि सरल स्वभाव ,मृदुभाषी व हंसमुख स्व वासुदेव बाबू सेवानिवृत्त के उपरान्त भी लोगों को शिक्षा के प्रति जागरूक करते हुए समाज सेवा में लगे रहे।उनकी क्षति की भरपाई संभव नहीं भगवान उनकी आत्मा को शांति प्रदान करे तथा परिजनों को इस कठोर दर्द व दुःख को सहने की शक्ति प्रदान करे। बाबा विशु राउत इंटर महाविद्यालय चौसा के प्राचार्य डॉक्टर सुरेश प्रसाद साह ने कहा कि वे शिक्षक कल्याण व शिक्षा जगत के लिए सदैव तत्पर रहे। उनके निधन से शिक्षा जगत को अपूरणीय क्षति हुई है।ллपूर्व मंत्री ने ईश्वर से दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना करते हुए स्व. वासुदेव बाबू के शोक संतप्त परिजनों के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त की है। मौके पूर्व मंत्री नरेंद्र यादव जी की पत्नी बेबी देवी,दिवंगत वासुदेव बाबू के द्वय पुत्र प्रधानाध्यापक गौतम कुमार गुप्त,समाजसेवी सत्यप्रकाश गुप्ता विदुर जी, सांसद प्रतिनिधि कुंदन कुमार बंटी, प्रो मनोज कुमार यादव, युवा समाज सेवी मनौवर आलम, जदयू नेता गोपाल यादव,संजय कुमार संजू सुभाष कुमार चौधरी,संजय कुमार मंडल,रामू चौधरी,अंजार आलम,मिथिलेश कुमार, मुर्शीद आलम, नरेशा जायसवाल,संतोष यादव,देवनारायण पासवान समेत दर्जनों स्थानीय लोग उपस्थित थे।

**भवन निर्माण विभाग**
बिहार सरकार
कार्यपालक अभियंता, पाटलिपुत्र भवन प्रमंडल, पटना का कार्यालय
अतिअल्पकालीन कोटेशन आमंत्रण सूचना सं.–120 वर्ष 2023–24

भवन निर्माण विभाग के निबंधित संवेदको/ख्याति प्राप्त फर्मों/कम्पनियों से दिनांक–27.02.2024 के अपराह्न 12.00 बजे तक निर्देशानुसार निम्नलिखित कार्यों के लिए मुहरबंद कोटेशन अधीक्षण अभियंता, द0बि0अं0, भ0नि0 विभाग, पटना/ कार्यपालक अभियंता, पाटलिपुत्र भवन प्रमंडल, भवन निर्माण विभाग पटना, सहायक अभियंता, बेली रोड अवर प्रमंडल, भवन निर्माण विभाग पटना, सहायक अभियंता, साउथ बेली रोड अवर प्रमंडल, भवन निर्माण विभाग, पटना एवं गोलघर अवर प्रमंडल, भवन निर्माण विभाग, पटना के कार्यालय में प्राप्त किया जाएगा और उसी दिन 3.30 बजे अपराहन मे कोटेशनदात्ताओं या उनके द्वारा प्राधिकृत प्रतिनिधियों के समक्ष खोला जायेगा।
कोटेशन का मुल्य (रूपये में):–
प्रत्येक कार्य क्रमांक के कोटेशन–पत्र के साथ कोटेशन मूल्य जो ONLINE GOVERNMENT REVENUE AND ACCOUNTING SYSTEM (ओ–ग्रास) के माध्यम से अधोहस्ताक्षरी (कार्यपालक अभियंता, पाटलिपुत्र भवन प्रमण्डल, भवन निर्माण विभाग, पटना) के पदनाम से प्रत्येक कार्य के लिए अलग–अलग जमा करना अनिवार्य होगा, जो कोटेशन प्रकाशन की तिथि के बाद का जमा होना चाहिए। कोटेशन प्रकाशन के पूर्व के निर्गत ओ–ग्रास का (Computerize Receipt) रसीद पर कोई विचार नहीं किया जाएगा। कोटेशन मूल्य संवेदक के द्वारा कुल कोटेड राशि के अनुसार होगा जो निम्न प्रकार हैः– रू 0 से 50,000 रू. तक 250 रू./ 50,001 रू. से 2,50,000 रू. तक 500 रू. / 2,50,001 रू. से 5,00,000 रू. तक 750 रू./5,00,001 रू. से 10,00,000 रू. तक 1250 रू. /10,00,001 रू. से 15,00,000 रू. तक 2500 रू. । एवं अग्रधन की राशि 2% (कोटेड राशि का मूल दो प्रतिशत) कोटेशन के साथ संलग्न किया जाना अनिवार्य है।

| क्रम सं० | कार्य का नाम/विशिष्टियों | मात्रा | ईकाई | उद्यृत दर (अंक एवं अक्षर में) |
|---|---|---|---|---|
| A | Supplying Fitting and fixing of Materials in New MLA Flat For day to day and emergent work at BC patel path Patna, for the year 2023-24 | | | |
| B | E/R to PH work in 96 officer's flat No.-B3/23 at Nehru Path, Patna for the year 2023-24. | | | |

विस्तृत जानकारी state.bihar.gov.in/prdbihar से प्राप्त की जा सकती है।
कार्यपालक अभियंता
पाटलिपुत्र भवन प्रमंडल, पटना
PR- 017713 ( BCD ) 2023-24
नशे से बचने का है एक ही उपचार, दृढ़ संकल्प और परिवार से प्यार।

# दूसरे दिन भी रोजगार के सवाल पर किया गया यंग इंडिया जनमत संग्रह

## 28फरवरी को जंतर मंतर पर यंग इंडिया रैली में भाग लेंगे सैकडों नौजवान




- नौजवानों के जवानी पर बुलडोजर चला रही है केंद्र सरकार:कुंदन

प्रात : किरण संवाददाता

सहरसा। यंग इंडिया चार्टर 2024 की ओर से शहर में दूसरे व अंतिम दिन बाबा साहब भीमराव अम्बेडकर कल्याण छात्रावास, वीर कुंवर सिंह चौक और महिला कॉलेज के समीप जनमत संग्रह किया गया। मौके पर इंकलाबी नौजवान सभा( आरवाईए) के राष्ट्रीय पार्षद सह माले नेता कुंदन यादव ने कहा कि केंद्र की भाजपा सरकार ने रोजगार देने के बदले 100 से ज्यादा सरकारी कंपनियों के शेयर बेच दिया है जिससे नौजवानों की नौकरियां तो प्रभावित हुई ही. साथ ही साथ देश की आमदनी भी प्रभावित हुई. सेना में अग्निपथ योजना लाकर बहाली को ठेका पर कर नौजवानों के भविष्य पर बुल्डोजर चलाया गया है और देश के नौजवानों को धोखा दिया जा रहा है।

और उन्होंने कहा कि जिन नौजवानों के हाथ को काम चाहिए उनके हाथ में नफरत परोसा जा रहा है और इस दौर को सरकार अमृत काल बता रही है ऐसे समय में नौजवानों की यह जिम्मेदारी है कि वो इस तबाही बबार्दी के खिलाफ बहादुरी से खड़े हो और उन्होंने कहा कि 28फरवरी को जंतर मंतर पर ह्ययंग इंडिया रैलीह्न में जिले से सेकड़ों नौजवान भाग लेंगे। जनमत संग्रह में कॉमरेड रमेश शर्मा, अनिल राम, संजय पासवान, बमभोली सादा, सागर कुमार, एआईएसएफ नेता

**भवन निर्माण विभाग**
बिहार सरकार
कार्यपालक अभियंता, भवन प्रमण्डल, उच्च न्यायालय, पटना का कार्यालय
अति अल्पकालीन कोटेशन आमंत्रण सूचना संख्या–13 वर्ष 2023–24

भवन प्रमंडल, उच्च न्यायालय, भवन निर्माण विभाग, पटना अंतर्गत निम्नलिखित कार्यों को कराने हेतु संवेदकों/ख्याति प्राप्त फर्मों/कम्पनियों से दिनांक 29.02.2024 के अपराह्न **3.00** बजे तक मुहरबंद कोटेशन आमंत्रित किया जाता है। मुहरबंद कोटेशन अधोहस्ताक्षरी एवं निर्धारित के कार्यालय में प्राप्त किया जाएगा और उसी दिन **3.30** बजे अपराह्न में कोटेशनदाताओं या उनके द्वारा प्राधिकृत प्रतिनिधियों के समक्ष खोला जायेगा। प्रत्येक कार्य के लिए कोटेशन का मूल्य, ओ–ग्रास के माध्यम से एवं अग्रधन की राशि 2% (कोटेड राशि का मूल्य दो प्रतिशत) कोटेशन के साथ संलग्न किया जाना अनिवार्य है।
**कार्य की विवरणी:–**

| क्र0सं0 | कार्य का नाम/विशिष्टियां | मात्रा | ईकाई | उद्यृत दर (अंक एवं अक्षर में) |
|---|---|---|---|---|
| 1 | Name of Work : Emergent & Day to Day Work of Anti Termite Treatment and Snake Repellent Work in Different Hon'ble Judges Residence , Registrar Residence and staff quarter Under High Court Section-2, B.C.D ( As required & directed by Hon'ble High Court ),Patna | | | |
| 2 | Name of Work : Emergent & Day to Day Supply of Carpenters, Helpers, Rain water pipe repair, cleaning of campus including roof and Other Works in Different Residential quarter's in L.B.S Nagar Under High Court Section No.- 2, Patna | | | |
| 3 | Name of Work : Emergent & Day to Day Work of Maintenance of Different Residential quarter's in Adalatganj and High Court Campus Under High Court Section No. - 2, Patna | | | |
| 4 | Name of Work : Emergent & Day to Day Work of Rain Water Pipe and Cleaning of Campus including Roof in Different Residential Quarter's in Adalatganj and High Court Campus Under High Court Section No. - 2, Patna | | | |
| 5 | Name of Work : Emergent & Day to Day Work Repair of Wooden, Alluminium Work and Other Necessary Works in Different Residential quarter's in Adalatganj and High Court Campus Under High Court Section No. - 2, Patna | | | |
| 6 | Name of Work : Emergent & Day to Day Supply of Carpenters and Helpers and Other Necessary Works in Different Residential staff quarter's in Adalatganj and High Court Campus Under High Court Section No. - 2, Patna | | | |

विस्तृत जानकारी state.bihar.gov.in/prdbihar से प्राप्त की जा सकती है। कार्यपालक अभियंता
भवन प्रमंडल, उच्च न्यायालय, पटना
PR- 017604 (BCD) 2023-24
नशे से बचने का है एक ही उपचार, दृढ़ संकल्प और परिवार से प्यार

**भवन निर्माण विभाग**
बिहार सरकार
कार्यपालक अभियंता, केन्द्रीय भवन प्रमण्डल, पटना का कार्यालय
अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना, संख्या– 111 वर्ष 2023–24

1. विज्ञापनदाता का पदनाम एवं पता : कार्यपालक अभियंता, केन्द्रीय भवन प्रमण्डल, पटना।
2. परिमाण–विपत्र बिक्री की तिथि एवं समय : दिनांक 27.02..2024 को 12:00 बजे अपराह्न तक।
3. निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय : दिनांक 28.02..2024 को 03:00 बजे अपराह्न तक।
4. निविदा खोलने की तिथि एवं समय : दिनांक 28.02..2024 को 03:30 बजे अपराह्न।
5. परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान : (क) अंचल कार्यालय, दक्षिण बिहार भवन अंचल, पटना। (ख) प्रमंडल कार्यालय, केन्द्रीय भवन प्रमंडल, पटना। (ग) संबंधित अवर प्रमंडल कार्यालय।
6. निविदा प्राप्ति का स्थान : क्रमांक (5) के वर्णित स्थान (क) एवं (ख) पर।
7. कार्य का विवरणी :–

| क्र० | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (लाख रू० में) | अग्रधन की राशि (रू० में) | परिमाण विपत्र का मू० (रू० में) (अप्रत्यर्पणीय) | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Renovation of Repair & Painting, Door & Window Work of Room No.- 412, 413 and 419 of Samaj Kalyan Vibhag at Vikash Bhawan, Patna 23-24. | 12.64 | 25,300=00 | 2,500=00 | 15 दिन |
| 2 | Renovation of Ceiling, P.H. and Other Work of Room No. - 412, 413 and 419 of Samaj Kalyan Vibhag at Vikash Bhawan, Patna for the year 23-24. | 13.68 | 27,400=00 | 2,500=00 | 15 दिन |
| 3 | Renovation of Drain, PCC, Parking Tile and Other Works in Residence No.- 25 at Harding Road, Patna for the year 2023-24. | 9.83 | 19,700=00 | 1,250=00 | 15 दिन |
| 4 | Provision of UPVC Window and Indura Tiles in Residence No.- 17 at Harding Road, Patna for the year 2023-24. | 14.61 | 29,300=00 | 2,500=00 | 15 दिन |
| 5 | Construction of Residential Office at Residence No.- 01M at Strand Road, Patna for the year 2023-24. | 14.90 | 29,900=00 | 2,500=00 | 15 दिन |
| 6 | Provision of PHE Work in Residence No.- 01M at Strand Road, Patna for the year 2023-24. | 1.70 | 3,400=00 | 500=00 | 15 दिन |
| 7 | S/R to Chamber of Social Welfare Dept. under Irrigation Section, Patna for the year 2023-24. (Kota Stone Work Near Chamber) | 1.49 | 3,000=00 | 500=00 | 15 दिन |
| 8 | S/R to Spl. Secretary Chamber Block- 04 Under Irrigation Section, Patna for the year 2023-24. | 1.50 | 3,000=00 | 500=00 | 15 दिन |

1. विशेष सूचना के लिए सूचनापट्ट या बेबसाईट www.state.bihar.gov.in/prdbihar देखें या अधोहस्ताक्षरी कार्यालय में सम्पर्क करें।
कार्यपालक अभियंता
केन्द्रीय भवन प्रमण्डल, पटना
PR- 017723 (BCD) 2023-24
नशे से बचने का है एक ही उपचार, दृढ़ संकल्प और परिवार से प्यार

सम्पादकीय

## उच्च सदन में भाजपा के चेहरे

भारतीय जनता पार्टी संसद के उच्च सदन यानी राज्यसभा का चेहरा बदल रही है। पार्टी ने राज्यसभा के लिए जैसे नेताओं का चुनाव किया है वह पार्टी के लोगों को भी हैरान करने वाला है। इस बार भाजपा के 28 राज्यसभा सदस्य रिटायर हो रहे हैं लेकिन भाजपा ने सिर्फ चार सदस्यों को वापस उच्च सदन में भेजने का फैसला किया है। पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा, केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव व एल मुरुगन और पार्टी के प्रवक्ता सुधांशु त्रिवेदी, इन चार के अलावा बाकी 24 को टिकट नहीं मिली है। कहा जा रहा है कि उनमें से कुछ लोगों को लोकसभा का चुनाव लड़ाया जाएगा। एक दर्जन ऐसे नाम हैं, जिनको लोकसभा की टिकट मिल सकती है लेकिन बाकी का क्या? क्या बाकी एक दर्जन लोगों का करियर समाप्त हो गया? यह कुछ समय बाद पता चलेगा। आमतौर पर राज्यसभा में पार्टियों के बड़े और पुराने नेताओं को भेजा जाता है। बेहतर बौद्धिक क्षमता वाले नेताओं को उच्च सदन के लिए तरजीह दी जाती है। माना जाता है कि लोकसभा की कार्यवाही पर चेक एंड बैलेंस के लिए एक उच्च सदन जरूरी है। तभी उच्च सदन के लिए उम्र सीमा पांच साल ज्यादा रखी गई है। लोकसभा चुनाव लड़े की उम्र 25 साल है लेकिन राज्यसभा में 30 साल से कम उम्र का व्यक्ति सदस्य नहीं हो सकता है। उच्च सदन समाज और राजनीति की विविधता का भी प्रतिनिधित्व करने वाला सदन है। तभी वहां सिर्फ राजनीति से जुड़े लोग ही नहीं होते हैं, बल्कि जीवन के अलग अलग क्षेत्र में अच्छा काम करने और नाम बनाने वाले लोगों को उस सदन में भेजा जाता है। इसके उलट लोकसभा में जमीनी राजनीति करने वाले लोग बैठते हैं। ऐसा लग रहा है कि भाजपा का मौजूदा नेतृत्व राज्यसभा के खास चरित्र को बदलने के लिए पूरी मेहनत कर रही है। भाजपा ने पहले भी राज्यसभा में ऐसे नेताओं को भेजा, जो राजनीति में ज्यादा जाने-पहचाने नहीं थे। किसी क्षेत्र विशेष से बाहर उनकी पहचान नहीं थी। राजनीति से अलग किसी क्षेत्र में किसी ने कोई बड़ा काम करने का रिकॉर्ड नहीं था। इसका नतीजा यह हुआ है कि उच्च सदन, जो एक समय अच्छी चर्चाओं के लिए जाना जाता था वहां चर्चा की गुणवत्ता कम होती गई। पिछले दो तीन चुनावों से जिन लोगों को भाजपा ने उच्च सदन में भेजा उनमें से बहुत कम नेता चर्चाओं में हिस्सा लेते हैं और अगर हिस्सा लेते भी हैं तो उनका कोई सार्थक योगदान नहीं होता है। आमतौर पर पुराने और अनुभवी नेता ही चर्चों में हिस्सा लेते हैं। इस बार भाजपा ने ऐसे पुराने और अनुभवी नेताओं की संख्या और कम कर दी। इसमें संदेह नहीं है कि भाजपा ने अपने जमीनी कार्यकर्ताओं को चुना है या मजबूत सामाजिक समीकरण को साधने का प्रयास किया है। लेकिन राज्यसभा इसका मंच नहीं है। इसे मास्टरस्ट्रोक बताया जा रहा है कि एक बार पार्षद रहे व्यक्ति को राज्यसभा भेजा गया या एक बार चुनाव लड़े से इनकार करने वाले को भेजा गया या किसी खास इलाके में किसी खास जाति का प्रतिनिधित्व करने वाले को राज्यसभा की टिकट दी गई। लेकिन क्या इससे उच्च सदन में संवैधानिक, विधायी या अन्य मुद्दों पर चर्चा की गुणवत्ता बेहतर होगी?

## यूपी में 11वीं सीट का खेला

उत्तर प्रदेश में लोकसभा की 10 सीटें खाली हो रही हैं, जिसके लिए 27 फरवरी को चुनाव होना है। विधानसभा की संख्या के लिहाज से भाजपा को सात और समाजवादी पार्टी को तीन सीटें मिलेंगी। दोनों पार्टियों ने पहले अपने अपने कोटे की सीटों के लिए उम्मीदवार की घोषणा की थी। लेकिन नामांकन दाखिल करने के आखिरी दिन यानी गुरुवार को भाजपा ने अपना आठवां उम्मीदवार चुनाव में उतार दिया। अगर यह उम्मीदवार नहीं आता तो सभी 10 लोग निर्विरोध चुने जाते। लेकिन अब चुनाव की नौबत आ गई है। अगर नाम वापसी के दिन कोई उम्मीदवार नाम वापस नहीं लेता है तो 27 फरवरी को चुनाव होगा। भाजपा ने आठवां उम्मीदवार समाजवादी पार्टी के पुराने नेता संजय सेठ को बनाया है। सपा ने उनको 2016 में राज्यसभा में भेजा था। 2022 में कार्यकाल पूरा होने के बाद वे भाजपा में चले गए थे। अब उनके जरिए सपा के एक उम्मीदवार को हराने के लिए भाजपा ने दांव चला है। इस समय उत्तर प्रदेश विधानसभा में चार सीटें खाली हैं। सो, 399 की संख्या के लिहाज से एक सीट जीतने के लिए 37 वोट की जरुरत है। भाजपा के अपने 252 सदस्य हैं। इसके अलावा अपना दल के 13 और निषाद पार्टी व सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी के छह-छह विधायक हैं। पिछले दिनों सपा का साथ छोड़ कर आए राष्ट्रीय लोकदल के नौ सदस्य हैं। इस तरह एनडीए के विधायकों की कुल संख्या 286 हो जाती है। उसे अपने सात सदस्यों की जीत के लिए 259 वोट की जरुरत है। उसके बाद उसके पास 27 वोट अतिरिक्त बचते हैं। दूसरी ओर रालोद के अलग होने के बाद सपा के पास अपने 108 और कांग्रेस के दो विधायक हैं। उसे तीन सीट जीतने के लिए 111 वोट की जरुरत है। यानी उसके पास एक वोट कम पड़ रहा है। इस बीच अपना दल कमेरावादी की पल्लवी पटेल ने उम्मीदवारों पर सवाल उठाते हुए कह दिया है कि वे वोट नहीं करेंगी। वे सपा के चुनाव चिन्ह पर जीती हैं इसलिए अगर वोट नहीं करती हैं तो सपा को दो अतिरिक्त वोट की जरुरत होगी। बताया जा रहा है कि रालोद के नौ में से चार विधायक ऐसे हैं, जो सपा के नेता हैं। सो, दोनों तरफ से क्रॉस वोटिंग की संभावना जताई जा रही है। सपा ने जया बच्चन, आलोक रंजन और रामजी लाल सुमन को उम्मीदवार बनाया है। जया बच्चन और आलोक रंजन को लेकर पार्टी नेताओं में नाराजगी है। इसलिए कहा जा रहा है कि कई विधायक क्रॉस वोटिंग कर सकते हैं। जो ही भाजपा ने यूपी में राज्यसभा का चुनाव दिलचस्प बना दिया है।

## झटका और हलाल की सियासत में हम....

अंग्रेजों के जमाने में एक शब्द बहुत चर्चित होता था गिरमिटिया। आज की सियासत में एक दूसरा शब्द चर्चित है गिरगिटिया। दोनों शब्दों में जमीन-आसमान का अंतर है। गिरमिटिया वे विवश भारतीय थे जिन्हें अंग्रेजों ने जबरन अपने नियंत्रण के देशों में मजदूर बनाकर भेजा था। लेकिन गिरगिटिया वे नेता हैं जो खुद बिकने को तैयार रहते हैं और मौसम के हिसाब से, मंडी के हिसाब से अपने दाम मिलने पर फौरन बिक जाते हैं। इसी गिरमिटिया सियासत में अब एक नया शब्द अचानक चर्चित हो गया है उसे कहते हैं झटका। ये हलाल और हराम के बीच का शब्द है। इसके अर्थ एकदम से समझ में नहीं आ सकते। आजकल राजनीतिक दल एक-दूसरे को सियासी मुकाबले में झटके पर झटका देने में यकीन करने लगे हैं। कोई किसी का पार्षद तोड़कर झटका देता है तो कोई किसी का विधायक, सांसद तोड़कर। चंडीगढ़ में महापौर पद के चुनाव में जोड़-तोड़ और बेईमानी से जीती भाजपा ने देश की सबसे बड़ी अदालत का फैसला आने से पहले ही आम आदमी के तीन पार्षदों को तोड़कर अरविंद केजरीवाल को झटका दे दिया। भाजपा झटका विशेषज्ञ पार्टी है। ये दल जब चाहे तब किसी को भी झटका दे सकता है। पिछले दिनों बिहार में भाजपा ने राजद और कांग्रेस को साझा झटका देकर सत्ता से बाहर कर दिया। झारखंड में भाजपा खुद झटका खा गयी। उत्तर प्रदेश में भाजपा ने पांच बार के समाजवादी पार्टी के एक अल्पसंख्यक नेता जी को तोड़कर झटका दे दिया। इससे पहले कांग्रेस के प्रमोद कृष्णम को अपना बगलगीर बनाकर भाजपा कांग्रेस को झटका दे चुकी है। भाजपा को झटका देने में महारत हासिल यही और विपक्ष को झटका खाने में। कांग्रेस मध्यप्रदेश में झटका खाते-खाते बची। इसके लिए भी कांग्रेस को भाजपा के ही नेताओं का एहसानमंद होना चाहिए जो उन्होंने पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ और उनके बेटे नकुलनाथ को उनके दल-बल के साथ भाजपा में लेने से इंकार कर दिया। अब नाथ पिता-पुत्र की दशा सांप-छछूंदर जैसी हो गयी है। बेचारे अब न घर के रहे और न घाट के। अब दोनों हारे हुए जुआरी की तरह सिर झुकाये बैठे दिखाई देंगे। आपको बता दें कि इस्लाम में झटका वर्जित है और सनातन में इसको लेकर कोई खास नियम नहीं है। झटका इस्लाम में आहार के लिए किसी जीव का सिर कलम करने की अपवित्र विधि है, लेकिन सियासत में ये बहुत कारगर तरीका है। इस्लाम में सब कुछ हलाल किया हुआ पसंद किया जाता है। उत्तर प्रदेश में तो अनेक उत्पादों को लेकर इस्लामिक संस्थाएं हलाल प्रमाण पत्र देतीं थीं लेकिन यूपीए की डबल इंजन सरकार ने इस पर रोक लगा दी। शायद सरकार चाहती है कि सूबे में जो भी हो हलाल से नहीं झटके से हो। जैसा कि मैंने कहा कि झटका कम पीड़ादायक होता है। भाजपा अपने प्रतिद्वंदी को मारना तो चाहती है लेकिन कम से कम तकलीफ देकर। शायद इसीलिए उसे झटका विधि पसंद है। झटके के इस दौर में आम आदमी कहीं नहीं है। उसे जोर के झटके भी धीरे से दिए जाते हैं, इसलिए बेचारा समझ ही नहीं पाता कि उसे कोई झटका दिया भी गया है या नहीं। वैसे भी हिन्दुस्तान में आम आदमी झटका खाने के लिए बना है। किसी परम स्वतंत्र राजनीतिक दल या नेता को झटका देना तो आम आदमी जैसे भूल ही चुका है।

## खाद्य सुरक्षा के लिए वैश्विक मानक स्थापित करना- दुनिया को आगे बढ़ने का रास्ता दिखाना

कृषि और डेयरी उत्पादन से लेकर खाद्य प्रसंस्करण उद्योग तक के आंकड़े विकास की इस गाथा का विवरण देते हैं। देश में 2022-23 के दौरान कुल खाद्यान्न उत्पादन रिकॉर्ड 3296.87 लाख टन1 होने का अनुमान है- जो पिछले पांच वर्षों (2017-18 से 2021-22) के औसत खाद्यान्न उत्पादन की तुलना में 308.69 लाख टन अधिक है। 2021-22 के दौरान, भारत ने 107.24 मिलियन टन2 फलों और 204.84 मिलियन टन सब्जियों का उत्पादन किया था। भारत दूध उत्पादन में पहले स्थान पर है और वैश्विक दूध उत्पादन में 24.64 प्रतिशत का योगदान देता है। दूध उत्पादन 2014-15 के 146.31 मिलियन टन से बढ़कर 2022-23 में 230.58 मिलियन टन3 हो गया है और यह 5.85 प्रतिशत की चक्रवृद्धि वार्षिक वृद्धि दर (सीएजीआर) से बढ़ रहा है। खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र का सकल मूल्य वर्धन (जीवीए) 2014-15 के 1.34 लाख करोड़ रुपये से बढ़कर 2021-22 में 2.08 लाख करोड़ रुपये4 हो गया है। इस क्षेत्र ने अप्रैल 2014-मार्च 2023 के दौरान 6.185 बिलियन डॉलर का एफडीआई इक्विटी प्रवाह आकर्षित किया है। कृषि निर्यात में प्रसंस्कृत खाद्य निर्यात की हिस्सेदारी 2014-15 के 13.7 प्रतिशत से बढ़कर 2022-23 में 25.6 प्रतिशत हो गई है। कुल पंजीकृत/संगठित क्षेत्र में 12.22 प्रतिशत रोजगार के साथ, खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र संगठित विनिर्माण क्षेत्र के सबसे बड़े रोजगार प्रदाताओं में से एक है। इस सुदृढ़ खाद्य और कृषि इकोसिस्टम को देखते हुए, कोई भी व्यक्ति भारतीय खाद्य सुरक्षा और मानक प्राधिकरण (एफएसएसएआई) द्वारा मजबूत नियामक व्यवस्था की स्थापना करने के महत्व को नजरअंदाज नहीं कर सकता है।





**श्री सुनील डिसूजा**
प्रबंध निदेशक एवं सीईओ, टाटा कंज्यूमर प्रोडक्ट्स

एक दशक से भी कम समय में, भारत का खाद्य और कृषि क्षेत्र इस तरह से फला-फूला है कि इसे शानदार उपलब्धि से कम कुछ भी नहीं कहा जा सकता। कृषि और डेयरी उत्पादन से लेकर खाद्य प्रसंस्करण उद्योग तक के आंकड़े विकास की इस गाथा का विवरण देते हैं। देश में 2022-23 के दौरान कुल खाद्यान्न उत्पादन रिकॉर्ड 3296.87 लाख टन1 होने का अनुमान है- जो पिछले पांच वर्षों (2017-18 से 2021-22) के औसत खाद्यान्न उत्पादन की तुलना में 308.69 लाख टन अधिक है। 2021-22 के दौरान, भारत ने 107.24 मिलियन टन2 फलों और 204.84 मिलियन टन सब्जियों का उत्पादन किया था।

भारत दूध उत्पादन में पहले स्थान पर है और वैश्विक दूध उत्पादन में 24.64 प्रतिशत का योगदान देता है। दूध उत्पादन 2014-15 के 146.31 मिलियन टन से बढ़कर 2022-23 में 230.58 मिलियन टन3 हो गया है और यह 5.85 प्रतिशत की चक्रवृद्धि वार्षिक वृद्धि दर (सीएजीआर) से बढ़ रहा है। खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र का सकल मूल्य वर्धन (जीवीए) 2014-15 के 1.34 लाख करोड़ रुपये से बढ़कर 2021-22 में 2.08 लाख करोड़ रुपये4 हो गया है। इस क्षेत्र ने अप्रैल 2014-मार्च 2023 के दौरान 6.185 बिलियन डॉलर का एफडीआई इक्विटी प्रवाह आकर्षित किया है। कृषि निर्यात में प्रसंस्कृत खाद्य निर्यात की हिस्सेदारी 2014-15 के 13.7 प्रतिशत से बढ़कर 2022-23 में 25.6 प्रतिशत हो गई है। कुल पंजीकृत/संगठित क्षेत्र में 12.22 प्रतिशत रोजगार के साथ, खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र संगठित विनिर्माण क्षेत्र के सबसे बड़े रोजगार प्रदाताओं में से एक है। इस सुदृढ़ खाद्य और कृषि इकोसिस्टम को देखते हुए, कोई भी व्यक्ति भारतीय खाद्य सुरक्षा और मानक प्राधिकरण (एफएसएसएआई) द्वारा मजबूत नियामक व्यवस्था की स्थापना करने के महत्व को नजरअंदाज नहीं कर सकता है। यह नियामक व्यवस्था न केवल देश भर में सुरक्षा और गुणवत्ता सुनिश्चित करके उपभोक्ता के स्वास्थ्य की रक्षा करती है, बल्कि खाद्य उद्योग में विकास और नवाचार को भी बढ़ावा देती है। नियमों, मानकों और कठोर कार्यान्वयन व्यवस्था के माध्यम से खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित करने पर एफएसएसएआई के विशेष ध्यान ने उपभोक्ताओं के बीच विश्वास पैदा किया है और इससे हमारे खाद्य उत्पादों पर विश्वास भी बढ़ा है।

प्राथमिक परीक्षण प्रयोगशालाओं और रेफरल प्रयोगशालाओं की संख्या (2014 के 12 से 2023 में 22) बढ़ाकर खाद्य परीक्षण अवसंरचना को मजबूत करने के खाद्य प्राधिकरण के प्रयास, खाद्य उत्पादों की गुणवत्ता और सुरक्षा सुनिश्चित करने के प्रति इसकी कटिबद्धता को रेखांकित करते हैं। विशेष कार्यान्वयन अभियान और निगरानी अभियान; मिलावट, खाद्य आपूर्ति श्रृंखला में उपभोक्ता विश्वास को बनाए रखना जैसे मुद्दों का समाधान करते हैं। देश के खाद्य क्षेत्र में विकास के साथ तालमेल के रूप में, खाद्य प्राधिकरण में वैज्ञानिक पैनलों की संख्या 2013 की 9 से बढ़कर वर्तमान में 21 हो गई है, जिनमें अनाज, दूध और दूध उत्पाद, फल, सब्जियां व मसाले, तेल और वसा, जल, मछली एवं मत्स्य पालन, मांस और मांस उत्पाद, मिठाइयां, आनुवंशिक रूप से संशोधित जीव और भोजन, खाद्य योजक आदि खाद्य पदार्थों के लिए मानकों की पूरी श्रृंखला शामिल है। प्राधिकरण ने खाद्य सुरक्षा और पोषण के क्षेत्र में काम कर रहे आईसीएमआर, सीएसआईआर, आईसीएआर, निफ्टम, आईआईटी जैसे विभिन्न वैज्ञानिक संगठनों के 200 से अधिक वैज्ञानिक विशेषज्ञों को सूचीबद्ध किया है। एफएसएसएआई ने 700 से अधिक खाद्य मानक विकसित किए हैं और इनकी समीक्षा खाद्य विज्ञान में नवीनतम विकास, खाद्य उपभोग प्रारूप, नए उत्पादों और संयोजकों, प्रसंस्करण प्रौद्योगिकी व खाद्य विश्लेषणात्मक तरीकों में प्रगति तथा खाद्य उत्पादों के लिए राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय मानकों के बीच के अंतर को पाटने की दृष्टि से भी की जाती है।

पिछले दशक में, देश के शीर्ष खाद्य नियामक ने अपने दृष्टिकोण, काम करने के तरीके और नियामक निर्धारण व कार्यान्वयन में महत्वपूर्ण बदलाव किए हैं, जिससे प्रमुख हितधारकों के बीच प्रदर्शन और धारणा दोनों का समाधान हुआ है। इसने एक “मानक निर्धारक” से “मानक सक्षमकर्ता” के रूप में अपनी भूमिका में एक स्पष्ट बदलाव किया है, जिससे एक सकारात्मक, सहयोगात्मक और समावेशी वातावरण बनाने में मदद मिली है। यह व्यापार करने में आसानी की सुविधा प्रदान करने के साथ खाद्य क्षेत्र की वास्तविक क्षमता का लाभ उठाने के अनुकूल है। एफएसएसएआई ने भारतीय खाद्य प्रयोगशाला नेटवर्क (इन्फोलनेट), खाद्य सुरक्षा अनुपालन प्रणाली (एफओएससीओएस) और खाद्य आयात निकासी प्रणाली (एफआईसीएस) जैसे डिजिटल प्लेटफार्म विकसित किये हैं, जिसने नियमों को सुव्यवस्थित करने, लाइसेंसिंग प्रक्रिया को सरल बनाने, क्षमता निर्माण करने और हितधारकों को जोड़ने के जरिये खाद्य व्यवसाय इकोसिस्टम के सुधार में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। हितधारकों की बढ़ती जरूरतों और मांगों को ध्यान में रखते हुए, एफएसएसएआई ने उपयोगकर्ता अनुभव को बढ़ाने के विभिन्न उपाय किये हैं, जैसे लाइसेंस/पंजीकरण शुल्क के लिए डिजिटल भुगतान गेटवे, दस्तावेजों को जमा करने और पंजीकृत ई-मेल पर सीधे क्यूआर-के साथ लाइसेंस/पंजीकरण की प्रति भेजना आदि। 2023 से, खाद्य व्यवसायों को अधिकारियों के किसी हस्तक्षेप या अनुमोदन की आवश्यकता के बिना अपने लाइसेंस को तुरंत नवीनीकृत करने की अनुमति दी गई है। इसके अलावा, यदि खाद्य निमार्ता अब अपने लाइसेंस में अन्य गैर-उच्च जोखिम वाले खाद्य उत्पादों को शामिल करना चाहते हैं, तो वे अपने लाइसेंस को तुरंत संशोधित कर सकते हैं। देश में खाद्य व्यवसायों के संदर्भ में, सक्रिय लाइसेंस की संख्या वित्तीय वर्ष 2015 के 5.7 लाख से बढ़कर वित्तीय वर्ष 2023 में 10.1 लाख हो गयी है। यह वृद्धि इन प्रयासों के परिणामों को रेखांकित करती है। इसके अलावा, सक्रिय पंजीकृत खाद्य व्यवसायों (विक्रेताओं) की संख्या इस अवधि के दौरान 23.8 लाख से बढ़कर 42.7 लाख हो गई है। इन पहलों का कारोबार करने में आसानी पर महत्वपूर्ण प्रभाव पड़ा है, जिसके परिणामस्वरूप उद्यमशीलता में वृद्धि हुई है और भारतीय अर्थव्यवस्था के विकास में भी योगदान बढ़ा है।

## चुनाव से पहले राजनीतिक दलों के बीच शुरू हो गया है शह-मात का खेल

शतरंज के खेल की तरह राजनीति के खेल में भी घोड़ा ढाई घर आगे और ढाई घर पीछे चलकर मारता है, परिपक्व एवं मझे हुए राजनीतिक खिलाड़ियों एवं राजनीतिक दलों की यही चालें शुरू हो चुकी है, जिस कारण सभी विपक्षी दलों के सामने अपने अस्तित्व को बचाने का धर्म संकट है और प्रमुख दलों में भविष्य की राजनीतिक सत्ता को लेकर राजनीति की निष्ठायें पूरी तरह से धूमिल होती हुई भी दिखाई पड़ रही हैं। वर्तमान राजनीति सिद्धांतों पर नहीं रह गई है अब विभिन्न राजनीतिक दल येन केन प्रकरण पद और सत्ता हासिल करके सुख भोगना चाहते हैं और समाज में अपने रुतबे को कायम रखने की होड़ शुरू है। लेकिन सत्ता एवं स्वयं-स्वार्थ की इस होड़ के कारण नुकसान तो लोकतंत्र का ही हो रहा है। इसलिये आज सबकी आंखें और कान राजनीतिक दलों द्वारा प्रतिदिन लिये जाने वाले निर्णयों पर लगे हुए हैं। दोष किसी एक दल का नहीं, बल्कि उन सबका है जो चुनावी संग्राम को एक शतरंज की बिसात बना रखा है। चुनाव की घोषणा से पहले ही जो घटनाएं हो रही हैं वे शुभ का संकेत नहीं दे रही हैं। मतदाता भी धर्म संकट में है। उसके सामने अपना प्रतिनिधि चुनने का विकल्प नहीं होता। प्रत्याशियों में कोई योग्य नहीं हो तो मतदाता चयन में मजबूरी महसूस करते हैं। मत का प्रयोग न करें या न करने का कहें तो वह संविधान में प्रदत्त अधिकारों से वंचित होना/करना है, जो न्यायोचित नहीं है।





**ललित गर्ग-**
लेखक वरिष्ठ पत्रकार एवं स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं।

लोकसभा 2024 के चुनाव को लेकर शतरंज की बिसात बिछ रही है। कुछ ही हफ्ते बचे हैं और भारतीय जनता पार्टी एवं सभी विपक्षी दलों ने शतरंज की चालों की तरह अपनी-अपनी चालें चल रहे है। भाजपा एवं इंडिया गठबंधन दोनों ही खेमों में अब हर दिन चुनावी रणनीति को लेकर शतरंज की चालें चलते हुए एक दूसरे को मात देने का दौर चल रहा है, सब अपनी-अपनी व्यूह रचना बना रहे हैं। एक-एक मोहरे को ठीक जगह रख रहे हैं। कोई प्यादों से लड़ने की, तो कोई वजीर से लड़ने की रणनीति बना रहे हैं। कुछ प्यादे, वजीर बनने की फिराक में हैं। भाजपा ने स्वयं की 370 एवं उसके गठबंधन की 400 का लक्ष्य लेकर ही चालें चल रही है। इंडिया गठबंधन एवं विभिन्न राजनीतिक दल भी अपनी चालों को फीट करने में जुटें हैं। शतरंज की एक विशेषता है कि राजा कभी अकेले से शिकस्त नहीं खाता और यही हम आगामी चुनाव के बन रहे दृश्यों से महसूस कर रहे हैं। राजनीति पल-पल नया आकार लेती है, इसलिये राजनीति में सही वक्त पर सही ढंग से इस्तेमाल करने का हुनर होना अपेक्षित होता है, जो अच्छा चल रहा है उसे बिगाड़ना आना चाहिए और जो बिगड़ रहा है उसे सुधारना आना चाहिए। इसी को कहते है राजनीति। इसी राजनीति के महारथि के रूप में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं भाजपा की रणनीति तीक्ष्ण एवं प्रभावी बनकर सामने आ रही है। शतरंज के खेल की भांति राजनीति में भी कब किस घोड़े को और किस सैनिक को ऊंट को मारना है ताकि धमाकेदार चुनाव परिणाम तक पहुंचा जा सके, ये कला आनी चाहिए। इस कला में भाजपा का कोई मुकाबला नहीं है। वह राजनीतिक शतरंज की चालों में माहिर है और उसकी दृष्टि नये बन रहे राजनीतिक जोड़-तोड़ पर लगी है। भाजपा की एक चाल के बाद विरोधी कितनी चाल चल सकता है, भाजपा के घोड़े ऊंट सैनिक को मारने के लिए विपक्षी दल क्या चाले चल सकते हैं, इस बात का भाजपा को पहले से ज्ञान है, उसे यह भी पता है कि वह कितने प्यादों को खो सकता है। उसे बचाने का खेल भाजपा खेलने लगी है। शतरंज में सफेद मोहरों की चाल पहले होती है और हर एक चाल की वरीयता मायने रखती है। ठीक इसी सोच पर भाजपा सभी चुनावी चालों में आगे रहना चाहती हैं। पर शुरूआत किस चाल से करें, जिसकी काट नहीं हो, यह भाजपा अच्छी तरह जानती हैं। तभी उसने प्रभावी एवं दूरगामी राजनीतिक से जुड़ी पहले चलने वाली चाले चलते हुए नीतीश कुमार और जयंत चौधरी जैसे नेताओं को इंडिया गठबंधन से छीन लिया गया है। कांग्रेस के अशोक चव्हान को भाजपा में शामिल करके राज्यसभा में भेजा दिया है। मायावती और चंद्रबाबू नायडू को विपक्ष में जाने से रोक दिया गया है। शिवसेना और राकांपा की दो फाड़ कर दी गयी है। श्रीराम मन्दिर उद्घाटन से हिन्दू वोटों को प्रभावित किया गया है, वहीं पांच राजनीतिक रत्नों को “भारत रत्न” सर्वोच्च पुरस्कार की घोषणा से आम चुनावों को प्रभावित करने का राजनीतिक कौशल दिखाते हुए शह-मात का खेल खेल रही है। शतरंज के खेल की तरह राजनीति के खेल में भी घोड़ा ढाई घर आगे और ढाई घर पीछे चलकर मारता है, परिपक्व एवं मझे हुए राजनीतिक खिलाड़ियों एवं राजनीतिक दलों की यही चालें शुरू हो चुकी है, जिस कारण सभी विपक्षी दलों के सामने अपने अस्तित्व को बचाने का धर्म संकट है और प्रमुख दलों में भविष्य की राजनीतिक सत्ता को लेकर राजनीति की निष्ठायें पूरी तरह से धूमिल होती हुई भी दिखाई पड़ रही हैं। वर्तमान राजनीति सिद्धांतों पर नहीं रह गई है अब विभिन्न राजनीतिक दल येन केन प्रकरण पद और सत्ता हासिल करके सुख भोगना चाहते हैं और समाज में अपने रुतबे को कायम रखने की होड़ शुरू है। लेकिन सत्ता एवं स्वयं-स्वार्थ की इस होड़ के कारण नुकसान तो लोकतंत्र का ही हो रहा है। इसलिये आज सबकी आंखें और कान राजनीतिक दलों द्वारा प्रतिदिन लिये जाने वाले निर्णयों पर लगे हुए हैं। दोष किसी एक दल का नहीं, बल्कि उन सबका है जो चुनावी संग्राम को एक शतरंज की बिसात बना रखा है। चुनाव की घोषणा से पहले ही जो घटनाएं हो रही हैं वे शुभ का संकेत नहीं दे रही हैं। मतदाता भी धर्म संकट में है। उसके सामने अपना प्रतिनिधि चुनने का विकल्प नहीं होता। प्रत्याशियों में कोई योग्य नहीं हो तो मतदाता चयन में मजबूरी महसूस करते हैं। मत का प्रयोग न करें या न करने का कहें तो वह संविधान में प्रदत्त अधिकारों से वंचित होना/करना है, जो न्यायोचित नहीं है। काले और सफेद मोहरे शतरंज की फर्श पर ही आमने-सामने नहीं होते, पूरा चुनावी परिदृश्य ऐसे ही काले और सफेद रंगों में बंटती जा रही है। कहीं यह अगड़ों-पिछड़ों के नाम से तो कहीं वर्ग और जाति के नाम से आमने-सामने हैं। इस बार की लड़ाई कई दलों के लिए आरपार की है। “अभी नहीं तो कभी नहीं।” दिल्ली के सिंहासन को छूने व लालकिले पर ध्वज की डोरी पकड़ने के लिए सबके हाथों में खुजली आ रही है। उन्हें केवल अगले चुनाव की चिन्ता है, अगली पीढ़ी की नहीं। मतदाताओं के पवित्र मत को पाने के लिए पवित्र प्रयास की सीमा लांघ रहे हैं।

## आर्थिकी के श्वेत-स्याह पत्र की तस्वीर

**डॉ. जयंतीलाल भंडारी-**
(लेखक विख्यात अर्थशास्त्री है)

इस समय पूरे देश ही नहीं, पूरी दुनिया में भारतीय अर्थव्यवस्था में रुचि रखने वाले लोग हाल ही में वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण के द्वारा लोकसभा में मोदी सरकार के कार्यकाल में अर्थव्यवस्था को रफ्तार दिए जाने और संप्रग सरकार के आर्थिक कुप्रबंधन पर पेश किए गए श्वेतपत्र तथा कांग्रेस के द्वारा प्रेस कान्फ्रेंस के माध्यम से मोदी सरकार के 10 वर्षों की विफलताओं पर प्रस्तुत किए गए स्याह पत्र पर विचार मंथन करते हुए दिखाई दे रहे हैं। इसमें कोई दो मत नहीं हैं कि जहां मोदी सरकार आर्थिक विकास व स्वरोजगार के विभिन्न मापदंडों पर तेजी से आगे बढ़ी है, वहीं प्रति व्यक्ति आय बढ़ाने में मोदी सरकार अभी यथोचित सफलता से दूर है। वर्ष 2013-14 में भारत की अर्थव्यवस्था मुश्किल के दौर में थी। वह समय संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन (यूपीए) सरकार के दूसरे कार्यकाल का अंतिम वर्ष था। यदि हम संप्रग सरकार के उस समय के आर्थिक परिदृश्य को देखें तो पाते हैं कि भारत के राजकोषीय घाटे, मुद्रास्फीति तथा चालू खाते के घाटे में तेज इजाफा हुआ था। स्थिति यह थी कि वर्ष 2012-13 में चालू खाते का घाटा सकल घरेलू उत्पाद यानी जीडीपी के 5 फीसदी के करीब था। वृद्धि को गति प्रदान करने के मद्देनजर ऐसी परियोजनाओं को ऋण देने को कहा गया जो उपयुक्त नहीं थीं। परिणामस्वरूप फंसे हुए कर्ज में तेज वृद्धि हुई। उस समय तत्कालीन सरकार भ्रष्टाचार तथा कई घोटालों के आरोपों में घिर गई। सर्वोच्च न्यायालय ने 2012 में 122 दूरसंचार लाइसेंस निरस्त कर दिए। इससे उस दौर के राजनीतिक तथा आर्थिक परिदृश्य का अंदाजा लगाया जा सकता है। इतना ही नहीं, कई घोटालों और समस्याओं से घिरी संप्रग सरकार समय पर जरूरी निर्णय नहीं ले सकी। भारत लगभग मुद्रा संकट के कगार पर पहुंच गया था। दूसरी ओर वर्ष 2014 में सत्ता में आने के बाद राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन सरकार (एनडीए) ने आर्थिक स्थिरता को मजबूत करने को प्राथमिकता दी। राजकोषीय स्थिति को मजबूत बनाने के लिए नीतिगत प्रतिबद्धता का मजबूत संदेश दिया। साथ ही ऋणशोधन अक्षमता एवं दिवालिया संहिता (आईबीसी) के जरिए शक्ति संतुलन को लेनदारों के पक्ष में कर दिया। इससे ऋण संस्कृति में सुधार हुआ है और सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों में उल्लेखनीय पूंजी डालने से दोहरी बैलेंस शीट के घाटे को दूर करने में मदद मिली है। निश्चित रूप से एनडीए सरकार ने ऐसे कई तरह के सुधारों को अंजाम दिया जिनसे कारोबारी सुगमता बढ़ाई जा सके। रिजर्व बैंक ने मुद्रा और विदेशी मुद्रा भंडार के प्रबंधन को लेकर वृहद आर्थिक स्थिरता को मजबूत बनाने के उपाय किए। लगातार कर सुधारों से भारत को अपने कर-जीडीपी अनुपात में सुधार करने में मदद मिली है। वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) लागू होने से उद्योग-कारोबार को लाभ हुआ है। इसमें कोई दो मत नहीं है कि देश की अर्थव्यवस्था को तेजी से आगे बढ़ाने में बुनियादी ढांचे के निर्माण में आई क्रांति अहम भूमिका निभा रही है। पिछले 9 साल में आधुनिक बुनियादी ढांचे के निर्माण पर 34 लाख करोड़ रुपए खर्च किए गए हैं। उद्योग-कारोबार को आसान बनाने के लिए 1500 पुराने कानूनों और 40 हजार अनावश्यक अनुपालन को समाप्त किए जाने की अहम भूमिका है। इस समय भारत को एक वैश्विक डिजाइन और विनिर्माण केंद्र में बदलने के लिए मेक इन इंडिया 2.0, मैन्युफैक्चरिंग इकाइयों के लिए तकनीकी समाधान को बढ़ावा देने के लिए उद्योग 4.0, स्टार्टअप संस्कृति को उत्प्रेरित करने के लिए स्टार्टअप इंडिया, मल्टीमॉडल कनेक्टिविटी अवसंरचना परियोजना के लिए पीएम गति शक्ति और उद्योगों को डिजिटल तकनीकी शक्ति प्रदान करने के लिए डिजिटल इंडिया जैसी सफल पहलों से भारत चतुर्थ औद्योगिक क्रांति की दिशा में आगे बढ़ रहा है। गौरतलब है कि 7 फरवरी को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राज्यसभा में अपने संबोधन में कहा कि विगत 10 वर्षों में देश की अर्थव्यवस्था दुनिया की शीर्ष पांच अर्थव्यवस्थाओं में शामिल हो गई है। अब आगामी पांच वर्ष विकसित भारत की बुनियाद के होंगे। दुनिया भारत की युवाशक्ति का दम देखेगी। स्टार्टअप, पेटेंट और सेमीकंडक्टर सहित विभिन्न क्षेत्रों में आत्मनिर्भर भारत का परचम दुनिया में फहराते हुए दिखाई देगा। राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय रिपोर्टों में भी एकमत से कहा जा रहा है कि भारत 2030 तक दुनिया की तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था और 2047 तक दुनिया का विकसित देश बनते हुए दिखाई दे सकता है।

## संक्षिप्त खबरें

### पंचायत समिति सदस्यों के साथ हुई बैठक



दावथ (रोहतास) दावथ प्रखंड कार्यालय परिसर स्थित मनरेगा भवन में सोमवार को पंचायत समिति सदस्यो की आहूत हुई बैठक।यह बैठक प्रखंड प्रमुख सबिता देवी की अध्यक्षता में हुई। बैठक की जानकारी देते हुए बीडीओ कुमार अश्वनी ने बताया, कि पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत आयोजित बैठक में उपस्थिति पंचायत समिति सदस्यो और मुखिया के बीच गत बैठक की कार्रवाई की संपुष्टि, विभागीय कार्यरत योजनाओं की समीक्षा, अन्य विषयों के साथ ही मनरेगा, शिक्षा, स्वास्थ्य, सांख्यिकी, जीपीडीपी, षष्ठम और 15 वीं वित वर्ष 2024- 25 पर विशेष रूप से चर्चा कर प्रस्ताव लाया गया। बैठक में उपस्थित थे उप प्रखंड प्रमुख शेख साजिद, मनरेगा प्रोग्राम पदाधिकारी रवि भूषण ओझा, प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी नंदकिशोर सिंह जेएसएस सत्येंद्र सिंह, स्वच्छता सामान्य दीपक किरण, बीसीएम मोहम्मद गुलाम, मुखिया संजय सिंह ,राधा मोहन सिंह ,धनजी शर्मा, रंजना कुमारी, ललिता देवी,बीड़ीसी राजेश यादव, कैलेंडर सिंह ,अकबर अंसारी, अनीता सिंह ,सरस्वती देवी ,विवेक पासवान ,सलमा खातून साहित कई अन्य अधिकारी एवं पंचायत प्रतिनिधि।

### प्रखंड विकास पदाधिकारी और प्रमुख के द्वारा ट्राई साइकिल किया वितरण



कैमूर। जिले के रामगढ़ प्रखंड कार्यालय परिसर में सोमवार को दिव्यांगजन शक्तिकरण योजना के अंतर्गत प्रखंड विकास पदाधिकारी केशव कुमार राय और प्रखंड प्रमुख संतोष कुमार ने ट्राई साइकिल वितरण किया इस संबंध में प्रखंड विकास पदाधिकारी ने कहा ट्राई साइकिल का वितरण पहले भी किया जा चुका है एक बचा था जो नरहन पंचायत के विंध्याचल यादव पिता शिवपूजन यादव को ट्राई साइकिल वितरण किया गया वही मौके पर प्रखंड विकास पदाधिकारी केशव कुमार, प्रखंड प्रमुख संतोष कुमार ,सुनील कुमार सिंह, प्रधान लिपिक संतोष सिंह, लिपिक लल्लन राम, पंचायत सचिव सुमन सौरभ,मुखिया प्रतिनिधि बाबूलाल यादव,बीडीसी इम्तियाज इत्यादि मौजूद रहे।

### भूमि सम्बंधित समस्याओं का निष्पादन करने हेतु प्रयास रहेगा : रश्मि

रामगढ़।प्रखंड के नए अंचलाधिकारी सुश्री रश्मि ने पदभार ग्रहण करने के बाद कहा कि पद पर बने रहते हुए सम्बंधित सभी जिम्मेदारीयाँ जो राजस्व एवं भूमि सुधार से सम्बंधित है, इसके अतिरिक्त जो विधि व्यवस्था के अनुकूल है, दाखिल खारिज, परिमर्जन आदि जो भी अंचल स्तर के कार्य है उसमे मेरा अथक प्रयास रहेगा की उसे बखूबी निभा सकूँ। जन मानस एवं जन प्रतिनिधियों के मध्य आवश्यक सामंजस्य बनाते हुए जनता की सेवा कर सकूँ, थाना स्तरीय कार्य थाना अध्यक्ष के साथ मिलकर भूमि विवाद का निष्पादन करने का प्रयास रहेगा।

### स्कार्पियो ने मारी टक्कर घटनास्थल पर ही जवान की हुई मौत

रोहतास।जिले के सासाराम बनरसिया में तेज रफ्तार अनियंत्रित एक स्कार्पियो ने एक व्यक्ति की जान ले ली। मृतक राम विनय कुमार अरवल जिले के रहने वाले थे। जो सासाराम रहकर गार्ड का कार्य करते थे। घटना सासाराम मुफस्सिल थानाक्षेत्र के जीटी रोड बनरसियां की बताई गई। मृतक के चाचा ने बताया कि घटना उस वक्त घटी जब वह सब्जी लेकर सड़क पार कर थे। तभी तेज रफ़्तार अनियंत्रित स्कार्पियो ने टक्कर मारी दी।जहां उनकी मौत घटनास्थल पर ही हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेते हुए सदर अस्पताल सासाराम में पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंपते हुए अगली कार्रवाई जारी रखी है।

### समारोह मे खाना खाने के दौरान मारपीट कर किया जख्मी

बनियापुर ।स्थानीय थाना क्षेत्र के हरपुर इब्राहिमपुर गाव के युवक की बनियापुर समारोह मे खाना खाने के क्रम मे युवक के साथ मारपीट कर जख्मी कर दिया गया, जिसके बाद युवक का इलाज रेफरल अस्पताल मे कराया गया,।जिसमे एक दर्जन लोगो को नामजद दिया है।घटना के संबंध मे पीड़ित मनोज कुमार सिंह ने बताया कि बनियापुर मे समारोह मे खाना खा रहे थे,तभी विवाद कर खाना से उठाने लगे जिसका विरोध करने पर आमाव गाव के विकास कुमार मनोज कुमार सहित एक दर्जन लोग एक राय होकर धारधार हथियार से मारपीट कर बुरी तरह जख्मी कर दिए।

# जलाशय परियोजना निर्माण से बिहार और झारखंड होगा आकाल मुक्त

प्रात : किरण संवाददाता



काराकाट (रोहतास) किसान जनजागरण अभियान भाग 4 के तहत जलाशय निर्माण को लेकर अभियान चलाया जा रहा है । कदवन जलाशय परियोजना निर्माण को लेकर डॉ राम मनोहर लोहिया विचार मंच ने गोड़ारी, करूप, चिकसील , काराकाट व सकला बाजार में नुक्कड़ सभा का आयोजन किया।

कदवन जलाशय परियोजना का निर्माण होने से बिहार के नौ जिला जिसमें रोहतास, कैमूर, बक्सर, भोजपुर, औरंगाबाद, अरवल, जहानाबाद,गया ,पटना सहित झारखंड के पलामू जिला हमेशा के लिए अकाल व सुखाड़ से मुक्त हो जाएगा । मंच के संयोजक संजय सिंह ने कहा कि शाहाबाद मगध क्षेत्रों को आकाल व सुखाड़ से हमेशा के लिए बचाने के लिए कदवन जलाशय परियोजना ही एक मात्र विकल्प है नहीं बना तो आगे आने वाले समय में शाहाबाद मगध क्षेत्रों को आकाल व सुखाड़ से कोई बचा नहीं सकता। दस सालों में और भयावह स्थिति होने वाली है। जो इंद्रपुरी डैम 9 हजार घन फुट पानी मिल पाता है अगर कदवन जलाशय परियोजना परिवर्तित नाम इंद्रपुरी जलाशय परियोजना बन गया तो 27 हजार घन फुट पानी मिलने लगेगा।

शाहाबाद मगध क्षेत्रों के एक -एक इंच भूमि सिंचित हो जाएगी। आकाल व सुखाड़ का नामोनिशान मिटा जाएगा ।साथ ही 450 मेगावाट पन बिजली भी बनेगी। कदवन जलाशय परियोजना परिवर्तित नाम इंद्रपुरी जलाशय परियोजना को निमार्ण कार्य कराने हेतु शाहाबाद मगध क्षेत्रों में लोहिया विचार मंच द्वारा चलाए जा रहे किसान जनजागरण अभियान में तुलसी सिंह, जनार्दन सिह, वशिष्ठ कुशवाहा,नंदा पासवान, भारत सिंह यादव, कमलेश कुमार, गोपाल तिवारी, श्रीभगवान सिंह मौजूद थे।

## चौधरी कन्हैया प्रसाद स्मृति संस्थान आरा द्वारा सम्मान समारोह का आयोजन

प्रात : किरण संवाददाता



आरा। विश्व पुस्तक मेला , नई दिल्ली के आखिरी दिन 'सर्वभाषा ट्रस्ट, नई दिल्ली' और चौधरी कन्हैया प्रसाद सिंह स्मृति संस्थान, आरा द्वारा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया जिसमें हिंदी - भोजपुरी के प्रतिष्ठित साहित्यकार डॉ हरेराम पाठक को हिंदी आलोचना कोश' के लिए एवं डॉ चंद्रेश्वर को भोजपुरी कथेतर साहित्य' के लिए को देश के सम्मानित शती साहित्यकार रामदरश मिश्र जी के हाथों सम्मानित किया गया। निश्चित राशि, उत्तरीय और सम्मान-पत्र द्वारा उक्त दोनों साहित्यकारों को सम्मानित किया गया। डॉ चंद्रेश्वर की हाल ही में आरा और अपने गाँव पर पुस्तकों की काफी चर्चा रही है। सम्मान समारोह में हिंदी और भोजपुरी के कई साहित्यकार और पाठक उपस्थित थे।

## डेहरी में छत्रपति शिवाजी महाराज की मनाई गई 345 वीं जयंती

प्रात : किरण संवाददाता



डेहरी (रोहतास) । छत्रपति शिवाजी महाराज जी का 345 वां जयंती समारोह डेहरी स्थित झारखंडी मंदिर के सामने, कौशल भवन के बगल में, शिवाजी धर्मशाला स्थल पर बड़ी ही हर्षो उल्लास के साथ मनाया गया। जिसका उद्घाटन लक्ष्मी नारायण सिंह, संरक्षक शिवाजी सेना द्वारा किया गया । जिसमे मुख्य अतिथि प्रो० योगेश पटेल, संरक्षक शिवाजी सेना उपस्थित थे। मौके पर उमा शंकर पटेल, कृष्ण सिंह, अरुण कुमार पटेल, रविंद्र सिंह, राज कुमार पटेल (बंटी) राट्रीय अध्यक्ष शिवाजी सेना, अमित कुमार पटेल (सोनू) राष्ट्रीय उपाध्यक्ष शिवाजी सेना सहित दर्जनों कार्यकताओं ने छत्रपति शिवाजी महाराज के तैलचित्र पर पुष्प अर्पित करते हुए 345 वीं जयंती समारोह बड़ी ही धूम धाम व हर्षा उल्लास के साथ मनाया गया ।

## आचार्य नरेंद्र देव की 68 वीं वर्षगांठ पर पुण्यतिथि समारोह मनाया गया

प्रात : किरण संवाददाता



आरा। स्वतंत्रता आंदोलन सेनानी,शिक्षाविद् ,आचार्य नरेंद्र देव की 68 वीं वर्षगांठ पर पुण्यतिथि समारोह सदर अस्पताल परिसर स्थित राष्ट्रपिता महात्मा गांधी प्रतिमा स्थल पर जनता दल यूनाइटेड अति पिछड़ा प्रकोष्ठ बिहार प्रदेश उपाध्यक्ष डॉक्टर राजेंद्र प्रसाद सिंह चंद्रवंशी की अध्यक्षता में आयोजित हुई ।सर्वप्रथम उनके तैल चित्र पर सभी सम्मानित साथियों ने माल्यार्पण कर भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई। माल्यार्पण कार्यक्रम में युवा साथी राकेश कुमार ,कौशल किशोर ने उनके व्यक्तित्व और कृतित्व पर विस्तार से चर्चा करते हुए कहा कि आज हमारे देश की आजादी में लोकतंत्र मजबूत बनाना है तो युवा पीढ़ी को आगे आना होगा ।लालबाबू पासवान ने बताया कि आचार्य नरेंद्र देव समाजवादी चिंतक के साथ साथ अनेकों भाषा के जानकार राष्ट्रवादी लेखक भी थे ।समारोह को सम्बोधित करते हुए उमेश सिंह ने कहा कि आज आचार्य नरेंद्र देव आजादी की संघर्ष में जेल की यातनाएं बहुत करीब से देखा और कांग्रेस की जनविरोधी नीतियों के विरुद्ध कांग्रेस विधायकी की सदस्यता से भी त्याग कर अपना राजनीतिक इतिहास बनाया है। जदयू नेता डॉक्टर राजेंद्र प्रसाद सिंह चंद्रवंशी ने आचार्य नरेंद्र देव के तैल चित्र के समक्ष उनकी आदर्श और मयार्दा की रक्षा के प्रति हम सभी सम्मानित साथियों को आज उनके पुण्यतिथि समारोह पर संकल्प लेते हुए कहा कि पुरानी राजनीतिक परंपरा की रक्षा के लिए युवा शक्ति को जागरूक करने के लिए जन संपर्क अभियान चलाने की बात कही।

## रामखेलावन सिंह का पुण्यतिथि पर लोगों ने दी श्रद्धांजलि

काराकाट(रोहतास)। काराकाट प्रखंड क्षेत्र के चिकसिल में भिखारी ठाकुर के शिष्य रामखेलावन सिंह की 26 वीं पुण्यतिथि पर आयोजित श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। सभा में उपस्थित लोगों ने उनके तैल चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। तथा उनके व्यक्तित्व और कृतित्व की चर्चा की। कहा कि उस समय समाज में जो बुराइयां थी उसको अपने गीत संगीत और नाटक के द्वारा आम लोगों को जागृत किया। नाटक बेटी बेचवा, धोबिईया धोबीनिया,भाई विरोध, बटोहिया, बिदेसिया, पिआवा निसइल, कल्युगप्रेम इत्यादि अपने कला के माध्यम से समाज के बुराई के विरुद्ध संघर्ष किए। रामखेलावन सिंह 19 फरवरी 1997 में उनकी मृत्यु हुई थी 26 वर्षो से हर साल उनके पुण्यतिथि मनाई जाती है बक्तवों ने कहा कि भिखारी ठाकुर के अति प्रिय शिष्य में से एक थे रामखेलावन सिंह जिनको कभी बुलाया नहीं जा सकता। स्व खेलावन कुस्ती प्रतियोगिता में भी अपनी कुशलता का प्रदर्शन किये थे। कई प्रतियोगिताओं में उन्होंने शील्ड भी प्राप्त किये है। मौके पर मौर्य शक्ति के राष्ट्रीय अध्यक्ष रवि मौर्य, काराकाट विधानसभा के संयोजक अखिलेश पांडेय विकास कुमार सहित सैकड़ो लोगों ने भाग लिया।

## वार्ड 25 में भक्ति भाव से लोगों ने निषाद राज की पूजा

प्रात : किरण संवाददाता



कैमूर। भभुआ नगर के वार्ड नंबर 25 में लोगों ने निषाद राज पूजा के अवसर पर निषाद राज केवट की प्रतिमा स्थापित कर भक्ति भाव से पूजा किया है। वही पूजा समिति के अध्यक्ष जितेंद्र कुमार ने बताया कि वार्ड नंबर 25 में निषाद पूजा के अवसर पर सभी कार्यकर्ता पूजा को संपन्न कराने में अपना योगदान दिया। जहां भक्ति भाव से निषाद राज की पूजा किया गया है। इसके साथ ही पूजा मंडप में प्रतिमा स्थापित कर उसे आकर्षक रूप से सजाया गया है। वही शाम के समय में भजन कीर्तन एवं आरती भी किया गया है। उन्होंने बताया कि निषाद राज आदिवासी समाज के थे जो वनवास काल में राम सीता और लक्ष्मण को केवट राज जी से कहकर गंगा पार करवाए थे। जिन्होंने प्रभु श्री राम का निषाद राज केवट ने पैर धुलाकर माता सीता और लक्ष्मण के साथ अपने नावं में बैठाकर गंगा पार करवाया था। जो समिति के लोगों द्वारा निषाद राज केवट की प्रतिमा स्थापित कर लोगों द्वारा धूमधाम से पूजा पाठ किया गया है। इस मौके पर प्रिंस कुमार बॉबी कुमार शुभम कुमार धर्मेंद्र कुमार जितेंद्र कुमार राम कुमार एम कई लोग एस शामिल हुए।

### बाइक व मोबाइल लूट के मामले में पुलिस ने एक युवक को किया गिरफ्तार

नगरा। ओपी थाना क्षेत्र के अफौर सैदुपुर पुल के समीप अज्ञात अपराधियों ने बाइक व नगद रुपया लूट कर फरार मामले में नगरा पुलिस ने बाइक बरामद करते हुए युवक को गिरफ्तार कर लिया.उक्त गिरफ्तार युवक मुफस्सिल थाना क्षेत्र के छुछई छपरा गांव निवासी लालबाबू महतो के 19 वर्षीय पुत्र प्रदुम्न कुमार बताया जाता हैं.वहीं इस संबंध में नगरा ओपीध्यक्ष बिजय कुमार रंजन ने जानकारी देते हुए बताया कि कांड संख्या 23/2024 में पकड़े गए अपराधियों के निशानदेही पर क्षेत्र में लगातार छापेमारी किया जा रहा था। जहाँ गुप्त सूचना मिलने के बाद मुफस्सिल थाना क्षेत्र छूछई गांव में छापेमारी कर लूट के बाइक व एक युवक गिरफ्तार कर लिया तथा एक अन्य की गिरफ्तारी कर लिए छापेमारी की जा रही है.यहां बताते चले की यह घटना 23 जनवरी की देर संध्या में अपराधियो द्वारा सोने चांदी की व्यवसाई से बाइक ,मोबाइल ,रुपए की लूट के घटना को अंजाम दिया गया था।

## अवैध बालू कारोबार के खिलाफ पुलिस प्रशासन की संयुक्त कार्रवाई

प्रात : किरण संवाददाता

रोहतास। बिहार में पीला सोने के नाम से जाने जा रहे हैं बालू का अवैध कारोबार थमने का नाम नहीं ले रहा है। समय-समय पर खनन विभाग एवं पुलिस प्रशासन के द्वारा बालू के अवैध कारोबार के खिलाफ कार्रवाई करते हुए छापेमारी अभियान चलाया जाता है। लेकिन बालू माफियाओं द्वारा बालू के इस काले खेल को बदस्तूर जारी रखा जा रहा है। ताजा मामला रोहतास जिले के नासरीगंज थानाक्षेत्र के नासरीगंज-बिक्रमगंज मुख्य पथ का है। जहाँ नासरीगंज अंचलाधिकारी के द्वारा रविवार की देर रात्रि अवैध बालू कारोबार के खिलाफ कार्रवाई करते हुए अवैध बालू लदे दो ट्रक को जप्त किया गया।

इस मामले में तीन लोगों को गिरफ्तार भी किया गया है। इसके साथ ही अवैध बालू लदे पकड़े गए ट्रक के खिलाफ कानूनी करवाई की जा रही है। वही इस मामले में स्थानीय लोगों और सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार नासरीगंज अंचलाधिकारी के द्वारा रविवार की रात्रि में बालू लदे चार ट्रकों को जप्त किया गया था। जिसमें से अवैध बालू लदे दो ट्रकों को जप्त किया गया। और ओवरलोडेड बालू लदे दो ट्रक को छोड़ दिया गया। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार नासरीगंज के सबदला बालू घाट संख्या-07 से ओवरलोडेड बालू लदे दो ट्रक निकले थे ।जिसको सीओ द्वारा पकड़ कर छोड़ दिया गया है। इस मामले में नासरीगंज अंचलाधिकारी से उनके सरकारी मोबाइल नंबर पर बात की गई तो उन्होंने बताया कि रविवार की रात्रि में अवैध बालू लदे दो ट्रको को पकड़ा गया है। और इसके बाद उन्होंने फोन काट दिया गया। पकड़े गए अन्य दो बालू लदे गाड़ियों के बारे में उन्होंने कुछ नहीं बताया दोबारा उनके सरकारी नंबर पर फोन किया गया। लेकिन उन्होंने फोन रिसीव नहीं किया गया और नाही इस मामले में आगे कुछ भी बताया गया।

## होटल संस्कार रेसिडेंसियल का विधिवत उद्घाटन

छपरा/रिविलगंज। शहर के प्रभुनाथ नगर बाइपास (नियर बुलेट शोरूम) स्थित होटल संस्कार रेसिडेंसियल का विधिवत उद्घाटन सोमवार की मुख्य अतिथि सह महाराजगंज के माननीय सांसद जनार्दन सिंह सिग्रीवाल एवं नारायण कॉलेज, गोरियाकोठी सिवान के प्राचार्य प्रो (डॉ) प्रमेन्द्र रंजन द्वारा फीता काटकर किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि सह सांसद जनार्दन सिंह सिग्रीवाल ने कहा कि इस आधुनिक सुविधा एवं संसाधन युक्त होटल खुलने से स्थानीय तथा दुर दराज के लोगों को काफी सहुलियत होगी। वही प्राचार्य प्रो डॉ प्रमेन्द्र रंजन ने कहा कि इस होटल के ओपनिंग से व्यवसायियों, शिक्षाविदों एवं प्रतियोगी परीक्षाओं के लिये दुसरे जगहों से आने वाले छात्र-छात्राओं-अभिभावकों को काफी सुविधा होगा। वही होटल संस्कार के प्रोपराइटर व समाजसेवी व युवा व्यवसायी मृत्युंजय कुमार सिंह मितू ने बताया कि अपर, मिडिल एवं लोअर क्लास सभी कैटेगरी के लोगों को सुविधा एवं आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए होटल को सुव्यवस्थित एवं सुरक्षित बनाया गया है।

## जिले का एक कुख्यात अपराधी चढ़ा पुलिस के हत्थे

प्रात : किरण संवाददाता

रोहतास। रोहतास जिले के नोखा थानाक्षेत्र अंतर्गत नोखा-राजपुर पथ पर दूध फैक्ट्री के समीप बीते दस सितम्बर 2023 को एल एण्ड टी फाईनेंस कम्पनी के फिल्ड ऑफिसर पवन कुमार के साथ हुए लूट कांड में शामिल एक कुख्यात अपराधी को रोहतास पुलिस ने गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार अपराधी सरयु पासवान उर्फ बुढ़वा के खिलाफ जिले के नासरीगंज, नौहट्टा, काराकाट, नोखा सहित अन्य थानों में गंभीर मामले दर्ज है। जिसे देखते हुए रोहतास पुलिस के लिए इसे एक बड़ी उपलब्धि मानी जा रही है। गिरफ्तारी को लेकर आयोजित एक प्रेसवार्ता के दौरान डीएसपी दिलीप कुमार ने बताया कि बीते दस सितम्बर को भोजपुर जिला निवासी एलएनटी कंपनी के फील्ड ऑफिसर पवन कुमार अकोढीगोला से समुह लोन का करीब 46 हजार चार सौ रुपए कलेक्ट करके नोखा के तरफ आ रहे थे। तभी नोखा-राजपुर रोड में दुध फैक्ट्री के समीप बाइक सवार तीन अज्ञात अपराधियों ने पिस्तौल का भय दिखाकर बैग, दो मोबाईल, पर्स तथा गाड़ी का चाभी छिन लिया।

बैग में कलेक्शन का 46 हजार चार सौ रुपए के साथ अन्य सामान भी था। जिसे लूट कर सभी अपराधी फरार हो गए। घटना को लेकर नोखा थाना में कांड दर्ज कर अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए एक विशेष टीम का गठन किया गया तथा काण्ड का उद्भेदन करते हुए पूर्व में हीं अकोढीगोला थाना क्षेत्र अंतर्गत बांक गांव निवासी अरमान हाशमी एवं इसके निशानदेही पर भोजपुर जिले के पीरो थाना क्षेत्र अंतर्गत जैसीडीह गांव निवासी संतोष पासवान को गिरफ्तार कर लिया गया। उन्होंने बताया कि दोनों अपराधियों ने इस कांड में अपनी संलिप्तता स्वीकार की तथा तीसरे अभियुक्त सरयु पासवान के संबंध में भी बताया। डीएसपी ने कहा कि लूट काण्ड के तीसरे अभियुक्त सरयु पासवान उर्फ बुढवा को भी बीते रविवार को नोखा थाने की पुलिस द्वारा गिरफ्तार कर लिया गया है। जो काराकाट थानाक्षेत्र अंतर्गत अमरथा गांव निवासी रामकृत पासवान का पुत्र बताया जाता है। गिरफ्तार सरयू पासवान के खिलाफ नोखा, नासरीगंज, नौहट्टा, काराकाट सहित अन्य थानों में कुल आठ गंभीर मामले दर्ज हैं तथा ये सभी अपराधी एक गिरोह बनाकर सुनसान जगहों पर लूटपाट करते हैं।

उन्होंने कहा कि हाल-फिलहाल हुए इस तरह के सभी काण्डो का उद्भेदन करते हुए रोहतास पुलिस द्वारा दोषी व्यक्ति को चिन्हित कर विधि-सम्मत कार्रवाई की जा रही है तथा सभी थानाध्यक्षों को सघन गश्ती करने का निर्देश दिया गया है। प्रेसवार्ता के दौरान नोखा थानाध्यक्ष सहित अन्य पुलिस पदाधिकारी मौजूद रहे।

## 22 फरवरी को मढौरा में तेजस्वी यादव के आगमन को लेकर पूर्व मंत्रियों ने लिया जायजा

प्रात : किरण संवाददाता



मढौरा ग्रामीण। पूर्व उप मुख्यमंत्री राजद नेता तेजस्वी यादव के मढौरा में 22 फरवरी को होने वाले कार्यक्रम की तैयारी की समीक्षा करने सोमवार को कई पूर्व मंत्री व विधायको के साथ थाना खेल मैदान पहुचे पूर्व मंत्री शिवचन्द्र राम ने कहा कि राजद नेता पूर्व डिप्टी सीएम तेजस्वी यादव ने चुनाव के दौरान जो कुछ जनता से वादा किया था। उसको बहुत कम समय में ही पूरा करने का काम किया और लाखों लोगों को नौकरी देकर असम्भव कहने वाले को जवाब दिया। उन्होंने कहा कि वर्तमान सरकार को निशाने पर लेते हुए कहा कि बिहार में एनडीए की सरकार जनादेश का अपमान कर सत्ता में बनी हुई है। उन्होंने कहां की आगामी 22 फरवरी को मढौरा के ऐतिहासिक थाना खेल मैदान में राजद नेता तेजस्वी यादव दिन के 1:00 बजे जन आशीर्वाद यात्रा के दौरान पहुंचेंगे और इस दिन काफी संख्या में उनके चाहने वाले सभी वर्ग के लोग यहां पहुंचकर उन्हें अपना आशीर्वाद देंगे। इस दौरान पूर्व मंत्री व स्थानीय विधायक जितेंद्र कुमार राय एवं सुरेंद्र राम ने कहा कि तेजस्वी यादव ने अपने बहुत कम दिनों के कार्यकाल के दौरान जो काम कर दिखाया है वह ऐतिहासिक है। इनलोगों ने कहा कि तेजस्वी यादव लोगों के भरोसे पर खड़ा उतरते हुए अपने चुनावी वादे को पूरा किया और लाखों लोगो को नौकरियां दी। उन्होंने कहा कि तेजस्वी यादव ने शिक्षा, स्वास्थ्य के साथ-साथ पथ निर्माण के क्षेत्र में भी कई महत्वपूर्ण कार्य किये है जिससे बिहार की जनता काफी खुश है और खासकर युवा तेजस्वी यादव को अपना रोल मॉडल मान रहे हैं । यही कारण है कि तेजस्वी यादव जन आशीर्वाद यात्रा के तहत बिहार में जहां भी जा रहे हैं उन्हें देखने सुनने और उनको आशीर्वाद देने के लिए जनसाधारण की भीड़ उमर रही है।

## सुलतानगंज नगर परिषद क्षेत्र में विकसित भारत संकल्प यात्रा का दूसरा चरण आयोजित

प्रात : किरण संवाददाता



सुलतानगंज/ भागलपुर /पटना। भारत सरकार की योजनाओं का लाभ आम जनता तक पहुंचाने के उद्देश्य से आयोजित विकसित भारत संकल्प यात्रा का दूसरा चरण सोमवार (19-02-2024) भागलपुर जिले के सुलतानगंज नगर परिषद क्षेत्र में आयोजित किया गया ।यात्रा के माध्यम से दो विभिन्न स्थानों पर विशेष कार्यक्रमों के माध्यम से आम जनता तक योजनाओं का लाभ पहुंचाया गया। सुलतानगंज के नगरीय क्षेत्र के नमामि गंगे घाट तथा कृष्णगढ़ चौक क्षेत्र में विशेष प्रचार रथ पहुंचा। दोनों ही कार्यक्रमों में आम जनता के लिए कहलगांव नगर पंचायत कार्यालय द्वारा द्वारा क्षेत्र की आम जनता के लिए विभिन्न योजनाओं का कैंप लगाकर सेवाएँ प्रदान की गई। इनमें उज्वला योजना, पीएम स्वनिधि, आयुष्मान भारत, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना, अटल पेंशन योजना, जनधन योजना,प्रधानमंत्री श्रम योगी मानधन योजना तथा पीएम आवास योजना प्रमुख थी। इस अवसर पर वार्ड संख्या 6 के पार्षद नवीन कुमार, तथा वार्ड संख्या 28 के पार्षद सुभाष कुमार भी उपस्थित थे। सभी जनप्रतिनिधियों द्वारा आम जनता से बढ़ चढ़कर सरकार की योजनाओं का लाभ उठाने का आग्रह किया गया। इस अवसर पर नोडल अधिकारी के रूप में उपस्थित सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के क्षेत्रीय प्रचार अधिकारी अभिषेक कुमार ने कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्राॿ का उद्देश्य सरकार की प्रमुख योजनाओं में परिपूर्णता का लक्ष्य हासिल करना है और इसके तहत यह सुनिश्चित किया जा रहा है कि इन योजनाओं का लाभ सभी लक्षित लाभार्थियों तक तरीके से आसानी से पहुंचे। नगर परिषद के प्रतिनियुक्त डे नोडल अधिकारी के रूप में उपस्थित सहायक लोक स्वच्छता एवं अपशिष्ट प्रबंधन पदाधिकारी अमित कुमार भगत द्वारा आम जनता को विभिन्न योजनाओं के बारे में जानकारी दी गयी। इस अवसर पर पीएम स्वनिधि योजना, उज्वला योजना तथा आयुष्मान भारत योजना से नए लाभार्थियों को जोड़ा गया। इस यात्रा के दौरान पीएम स्वनिधि योजना व अन्य योजनाओं के अनेक लाभार्थियों ने अपने विचार व्यक्त किए तथा प्रधानमंत्री तथा भारत सरकार का आभार व्यक्त किया। स्वास्थ्य विभाग द्वारा कार्यक्रम स्थल पर उपस्थित लोगों की मुफ्त स्वास्थ्य जांच की गयी तथा दवा तथा परामर्श प्रदान किया गया। उज्जवला योजना का भी कैंप लगाकर स्थानीय जनता को लाभ पहुंचाया गया एवं जागरूक किया गया । स्वास्थ्य जांच टीम में देवेंद्र प्रसाद दास, रूपा कुमारी और माला कुमारी थे ।यात्रा कार्यक्रम उपस्थित अधिकारियों द्वारा आम जनता से अधिक से अधिक संख्या में योजनाओं का लाभ लेने की अपील की गई तथा उन्हें प्रोत्साहित किया गया । स्टेट बैंक ऑफ इंडिया की ओर से सौरभ सिन्हा, रोशन कुमार , राजीव कुमार चौरसिया तथा उमेश कुमार ने भारत सरकार द्वारा चलाई जा रही जनहितकारी योजनाओं के बारे में लोगों को जानकारी दी। उज्वला योजना के बारे में भी उपस्थित प्रतिनिधि द्वारा जानकारी दी गई । विकसित भारत संकल्प यात्रा के एलईडी स्क्रीन से सुसज्जित विशेष रथ को देख कर आम लोगों में विशेष उत्साह देखा गया। रथ के माध्यम से प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी का विशेष वीडियो संदेश भी प्रचारित किया गया, बिहार के विकास की कहानी भी वीडियो व आंकड़ों के माध्यम से प्रस्तुत की गई। इस अवसर पर सभी ग्रामीणों और अन्य लोगों को भारत को 2047 तक आत्मनिर्भर और विकसित राष्ट्र बनाने, गुलामी की मानसिकता को जड़ से उखाड़ फेंकने, देश की समृद्ध विरासत पर गर्व करने , भारत की एकता को सुदृढ़ करने, देश की रक्षा करने वालो का सम्मान करने तथा नागरिक होने का कर्तव्य निभाने की शपथ दिलाई गयी।

## महागठबंधन टूट रही है - राज्य ने लागू करना शुरू किया समान नागरिक संहिता

प्रात : किरण संवाददाता



पटना। राजनीति महकमे में दिन प्रतिदिन उतार-चढ़ाव देखा जा रहा है। कहीं मुख्यमंत्री पाला बदलते है तो कहीं इडी के मामले में उलझे हुए है। वही मंत्री और विधायक के मामले में पार्टी के लोग आरोप प्रत्यारोप लगा रहे है, तो कहीं लोग पार्टी बदल रहे हैं, दवे जुवान में कहीं विधायकों को रिश्वत देकर लुभाने की बात सामने आ रही है। इसी बीच पर्वतीय राज्य उत्तराखंड ने समान नागरिक संहिता लागू कर एक इतिहास बना दिया, इस प्रकार उत्तराखंड समान नागरिक संहिता लागू करने वाले देश का पहला राज्य बन गया। वैसे तो गोवा देश का पहला राज्य है, जहां पुर्तगालियों द्वारा लागू किया गया समान नागरिक संहिता आज भी लागू है और अभी भी चल रही है। अब असम और कुछ अन्य राज्यों में भी समान नागरिक संहिता लागू करने की कवायद शुरू होने वाली है।

देखा जाय तो भारतीय जनता पार्टी जम्मू कश्मीर में अनुच्छेद 370 को निरस्त करने, तीन तलाक और अयोध्या में भव्य राम मंदिर का निर्माण करने के बाद, अब उनकी मुख्य एजेंडा एक समान नागरिक संहिता है। वर्ष 2024 में लोक सभा चुनाव होने वाली है और वर्तमान केन्द्र सरकार को शिकस्त देने के लिए महागठबंधन बनाई गई है। इस महागठबंधन में सीट बंटवारे को लेकर आपस में अबतक कोई फैसला नहीं हो सका है। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ने यह कह दिया है कि उनकी पार्टी टीएमसी पूरी बंगाल में अकेला चुनाव लड़ेगा, वहीं पंजाब में आम आदमी पार्टी ने भी कह दिया है कि पंजाब में उनकी पार्टी अकेला चुनाव लड़ेगा, मुंबई में भी शिव सेना (उद्धव ठाकरे) ने कांग्रेस के साथ मिलकर चुनाव नहीं लड़ना चाह रही हैं। महागठबंधन से फारूक अब्दुल्ला ने भी अपने को अलग कर लिया है। ऐसी स्थिति में महागठवंधन में मतभेद एवं टूट चल रहा है। जदयू के नीतीश कुमार ने महागठबंधन बनाकर संगठित होने का प्रयास किया था उस समय नीतीश कुमार की पार्टी भारतीय जनता पार्टी से अलग थी लेकिन वर्तमान समय में जदयू और नीतीश कुमार भारतीय जनता पार्टी के साथ है। इस प्रकार यह कहना उचित होगा कि महागठबंधन टूट गई है।

केन्द्र की एनडीए सरकार को पटकनी देने के लिए अब विपक्षी पार्टियों द्वारा अन्नदाताओं के कंधों का सहारा लिया जा रहा है। किसान नेता जगजीत सिंह दल्लेवाल का कहना है कि नरेन्द्र मोदी का स्र्ङ्ङस्र४'१३८ॅ१स्रँ राम मंदिर के बाद बहुत ऊपर चला गया हैं, हमें उसे नीचे लाना है, अब समय बहुत कम रह गया है, हमें कैसे भी उसे नीचे लाना है। यह किसान आंदोलन नहीं, बल्कि हिंसक टकराव लगता है। क्योंकि 2500 ट्रैक्टर और अन्य निजी गाड़ियाँ पंजाब से पहुँची है, मजबूरन पुलिस को ड्रोन का इस्तेमाल करना पर रहा है और आंसू गैस के गोले दागने पर रहे हैं।

देश की सभी राजनीतिक दल अपने अपने स्वार्थ में लगे हैं। जब कभी भी उन पर या उनकी पार्टी पर संकट के बादल मंडराने लगते है, तब उन्हें अपना समाज, अपनी बिरादरी, अपनी जाति और फिर देश याद आने लगता है। इसी संदर्भ में विपक्ष के कई दलों ने मिलकर महागठबंधन बनाया, जिसमें सब कुछ ठीक ठाक नहीं चल रहा है। हर कोई अपने हिसाब से गठबंधन को चलाना चाहता है। जिनकी स्वार्थ पूरी नहीं हो रहा है, उनमें अजीब तरह की बेचैनी देखी जा रही है। नतीजा महागठबंधन से जुड़े सभी राजनीतिक दल यह मानकर चलने लगे है कि 2024 में नरेन्द्र मोदी से जीत पाना आसान नहीं है।

कांग्रेस के पास भी अब कोई दृष्टि-विजन नहीं रह गया है। इसलिए कांग्रेस की सोच और राजनीतिक समझ को लगता है कि लकवा मार गया है। वह उदासीन होकर सियासत को अजाम देने में लग गई है ऐसा दिख रहा है। अब ऐसे में काग्रेस की कश्ती 2024 में किस करबट लगेगी यह भी एक प्रश्न बन गया है। लगता है कि कांग्रेस के हाथ से सुबा भी निकला और उसके मन से चुनाव जीतने का मंसूबा भी निकल गया है। कांग्रेस लड़ाई से पहले पराजित दिख रही है।

बंगलादेश, इंडोनेशिया, अजर बैजान, जर्मनी, फ्रांस, अमेरिका, कनाडा सहित अन्य देशों में समान नागरिक संहिता जैसे प्रावधान लागू है, लेकिन कहीं हाय तौबा नहीं मचा है। भारत में समान नागरिक संहिता लागू होने के नाम से ही हाय तौबा मचा हुआ है, जबकि भारत के संविधान में समान नागरिक संहिता की बात कही गई है। समान नागरिक संहिता लागू होने पर एक बहुप्रतीक्षित कानूनी सुधार होगा, जिसमें है विवाह पंजीकरण, बाल अभिरक्षा, तलाक, संपत्ति अधिकार, अंतर राज्य संपत्ति अधिकार, महिलाओं, बच्चों, विकलांगों के हितों की, पैतृक संपति के मामले में लड़कियों को समान अधिकार देने जैसे कानूनों में धर्म को ध्यान में ना रखते हुए एकरूपता आएगी। हिन्दू विवाह अधिनियम 1955, हिन्दू जलधिकार अधिनियम 1956, हिन्दू कोड बिल, शरिया मुस्लिम पर्सनल लॉ एक्ट 1937 आदि कानूनों में सुधार के साथ विवादास्पद मुद्दों का निराकरण हो जाएगा।

## संक्षिप्त खबरें

### वंशी थाने के पुलिस ने बालू लदा तीन ट्रैक्टर किया जब्त, प्राथमिकी दर्ज



वंशी। वंशी पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर बालू लादे तीन ट्रैक्टर को सोनभद्र बेलदारी विगहा गांव के निकट पकड़ा। थाना अध्यक्ष संजीव कुमार राय ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर अवैध रूप से बालू चोरी के मामले में तीन ट्रैक्टर को जप्त किया गया ओवरलोड बालू करपी की ओर से वंशी थाना क्षेत्र में तीन ट्रैक्टर जाने की गुप्त सूचना थानाध्यक्ष को मिला। इस आलोक में थानाध्यक्ष ने त्वरित कार्रवाई करते हुए सोनभद्र बेलदारी बिगहा गांव के निकट तीन ट्रैक्टर बालू लदा पकड़ा। इस मामले में वंशी थाना में कांड संख्या 12/24 के तहत तीनो ट्रैक्टर मालिकों पर धारा 379 411के तहत प्राथमिकी दर्ज किया गया। थानाध्यक्ष ने बताया कि पकड़े गए चालक को थाना से ही पीआर पर छोड़ा गया है।

### मारपीट दुर्व्यवहार मामले में मुकदमा दर्ज

शेरघाटी। थाना क्षेत्र के भुसभुसिया गांव महिला के साथ हुई मारपीट एवं दुर्व्यवहार के मामले को लेकर पीड़िता संगीता देवी के शिकायत पर पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज कर छानबीन शुरू कर दिया है। थानाध्यक्ष अजीत कुमार ने बताया कि पुलिस से की गई शिकायत में पीड़िता ने कहा है, कि मैं शौच के लिए बाहर जा रही थी। तभी गांव के बालेश्वर मंडल, सुरेंद्र मंडल, दीपक मंडल, संजीत मंडल, सुरेश मंडल एवं लक्षणैति गांव के अमित कुमार उसी रास्ते से आ रहे थे। हमको देखकर वे लोग अश्लील बातें करने लगे। जिसे हमने विरोध किया तो वे लोग गाली गलौज एवं मारपीट करने लगे।

### व्यवहार न्यायलय में हिन्दू रीति रिवाज से हुआ शादी

शेरघाटी।बाराचट्टी थाना क्षेत्र के बलथर गांव के रहने वाले प्रदीप यादव ने डोभी थाना क्षेत्र के गंगटी की रहने वाली पूजा कुमारी से व्यवहार न्यायालय शेरघाटी परिसर में स्थित मंदिर में हिंदू रीति रिवाज के साथ शादी रचा लिया. प्रदीप यादव ने बताया कि हम लोग दोनों के बीच 6 महीने से बातचीत चल रही थी दोनों के परिजनों के सहमति से विवाह संपन्न हुआ है. शादी के दौरान दोनों पक्ष के दर्जनों लोग मौजूद रहे. बिना कोई तामझाम के साथ कम खर्च में दोनों के बीच मंदिर में शादी हुई. अधिवक्ता अभय कुमार सिंह ने बताया कि लड़का एवं लड़की के परिवार वालों के रजा मंदी के बाद मंदिर में शादी संपन्न हुई है।

### लूट कांड घटना का हुआ उद्भेदन चार आरोपी गिरफ्तार

शेरघाटी।गया पुलिस की बड़ी कार्रवाई में लूट कांड में शामिल अभियुक्त समेत लूट गए राशि को किया बरामद उक्त आशय की जानकारी देते हुए शेरघाटी एएसपी डॉक्टर के रामदास ने बताया कि डोभी थाना क्षेत्र के बहेरा ओपी अंतर्गत कांड संख्या 116/24 में दिनांक 14 फरवरी को लूट कांड के घटना के अनुसंधान के दौरान छापेमारी करते हुए पुलिस ने उक्त घटना में शामिल चार लोगों को गिरफ्तार कर लिया है। घटना में प्रयुक्त पांच मोबाइल समेत 58000 को भी जप्त कर लिया है। इधर एएसपी डॉ.के रामदास ने बताया कि गिरफ्तार अभियुक्त के पहचान पप्पू कुमार, पिंटू कुमार, सुनील कुमार, एवं चालक तुलसी साहू के रूप में किया गया है जिसके खिलाफ कार्रवाई करते हुए जेल भेज दिया जाएगा।

### डॉ शिवबचन सिंह की निधन पर लोजपा नेत्री ने शोक संवेदना प्रकट की

गया। जिले के वरिष्ठ अधिवक्ता एवं सामाजिक कार्यकर्ता शिवबचन सिंह के निधन होने पर अपनी गहरी शोक संवेदना प्रकट करते हुए लोजपा(फ) अनुसूचित जाति मोर्चा के प्रदेश सचिव डॉ कुमारी गीता पासवान ने कहा कि शिव बचन सिंह गया जिले के जाने-माने समाजसेवी के साथ-साथ सिविल कोर्ट गया के वरिष्ठ अधिवक्ता, जिला शांति समिति के वरिष्ठ सदस्य, साहित्यकार, शिक्षा प्रेमी, खेल प्रेमी भी थे। उनके निधन से गया जिला सहित बिहार को अपूरणीय क्षति हुई है।

### आईआईएम बोधगया का मंगलवार को प्रधानमंत्री करेंगे उद्घाटन



गया।आईआईएम बोधगया के भव स्थाई परिसर का उद्घाटन भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं बिहार के उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के द्वारा किया जाएगा 2015 में भारत के शिक्षा मंत्रालय के द्वारा स्थापित आईआईएम बोधगया 30 छात्रों के अपने उद्घाटन बेस्ट से आज पूरे भारत के 293 शहरों में 26 राज्यों के 1000 से अधिक छात्रों का नामांकन हुआ है संस्थान के शैक्षणिक उत्कृष्ट और समावेशी शिक्षा के प्रतिबद्धता बनाए रखती है।

# जिला के 16 प्रखंडों में चल रहा है सर्वजन दवा सेवन अभियान

प्रात: किरण संवाददाता



गया। जिला में सर्वजन दवा सेवन अभियान के दौरान अब तक छह लाख से अधिक आबादी ने दवा का सेवन किया है. इनमें बच्चे, बुजुर्ग और युवा शामिल हैं। योग्य लक्षित लाभार्थियों को स्वास्थ्यकर्मियों के द्वारा घर—घर जाकर फाइलेरियारोधी दवा खिलायी जा रही है। दवा सेवन के लिए कुल लक्षित आबादी तीस लाख दो हजार 972 है।इसका 24 प्रतिशल लक्ष्य प्राप्त किया जा चुका है।दवा सेवन में शीर्ष पर कोंच और टिकारी जिला वेक्टर जनित रोग नियंत्रण पदाधिकारी डॉ एमई हक ने बताया कि 16 प्रखंडों में चल रहे इस अभियान में छह लाख 92 हजार 910 लोगों ने दवा का सेवन कर लिया है। दवा सेवन करने वाले प्रखंड में कोंच और टिकारी शीर्ष पर है।कोंच में 96 हजार से अधिक लोगों ने दवा का सेवन किया है।वहीं टिकारी प्रखंड में 81 हजार से अधिक लोगों ने दवा का सेवन किया है. आमस में 57 हजार, बेलागंज में 54 हजार, बोधगया में 64 हजार, मोहरा में 50 हजार तथा वजीरगंज में 51 हजार से अधिक लोगों ने दवा का सेवन किया है।ये प्रखंड सबसे अधिक दवा सेवन करने वाले प्रखंडों में शामिल हैं. आंबेडकरनगर शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के अंतर्गत आने वाले क्षेत्र में 10 हजार से अधिक योग्य लाभुकों ने दवा का सेवन किया है।

फाइलेरिया नेटवर्क सदस्यों का मिला सहयोग इस अभियान में हाथीपांव ग्रसित मरीजों की भी भरपूर मदद मिल रही है।हाथीपांव मरीजों द्वारा तैयार नेटवर्क के सदस्य आमजन से रोग की गंभीरता और फाइलेरियारोधी दवा सेवन के महत्व पर चर्चा कर रहे हैं. सदर प्रखंड तथा मानपुर में ऐसे मरीज आशा के सामने ही ग्रामीणों को दवा सेवन कराने में सहयोग कर रहे हैं। रोग के कारण अपने जीवन की दुश्वारियां भी साझा कर रहे हैं ताकि लोगों को इस रोग की गंभीरता को समझ सकें। लोग स्वस्थ्य रहे, जीवन नहीं हो प्रभावित हाथीपांव ग्रसित मरीज नंदू पासवान, उदय साव और सरयू लाल बताते हैं कि हाथीपांव के कारण उनका आर्थिक व सामाजिक जीवन प्रभावित हुआ है ।लोग स्वस्थ्य रहें इसी उद्देश्य के साथ लोगों तक पहुंच दवा सेवन की अपील कर रहे हैं।

कई ग्रामीणों का कहना है कि हाथीपांव के बारे में जानकारी बढ़ी है। फाइलेरिया ना सिर्फ विकलांगता को जन्म देता है बल्कि उससे कुरुपता भी आती है। स्वास्थ्यकर्मियों के सामने ही सभी दवा का सेवन कर रहे हैं।रोग से जुड़ी भ्रांतियों को भी कर रहे दूरः हाथीपांव मरीज सरयू लाल ने बताया कि हाथीपांव से जुड़ी भ्रांतियों को भी दूर किया जा रहा है. हाथीपांव रोग ना तो किसी पूर्व जन्म में किये पाप का परिणाम है और ना ही यह अमीरी—गरीबी, धर्म, समुदाय देखता है।यह क्यूलेक्स नामक मच्छर के काटने से होता है. संक्रमण के पांच से दस साल बाद दिखते हैं। मंहगा से मंहगा इलाज सिर्फ पैसे का खर्च है लेकिन हाथीपांव ठीक नहीं हो सकता है. इससे बचाव का उपाय एकमात्र फाइलेरियारोधी दवा का सेवन है।

## सूर्य महोत्सव देव में दानिका के कलाकारों ने बिखेरा जलवा

प्रात: किरण संवाददाता



औरंगाबाद। सूर्य महोत्सव देव में औरंगाबाद की महत्वपूर्ण सांगीतिक संस्था दानिका जो आज राष्ट्रीय स्तर पर चर्चित हो चुकी है। दानिका के प्रबंध निदेशक डॉ रविंद्र कुमार दानिका महाराज के नेतृत्व में दानिका परिवार के सदस्य शिवांगी सिंह के भजन ओम नमः शिवाय, नीरज पटेल के नृत्य हम कथा सुनाते हैं, दीपशिखा के नृत्य काहे छेड़े छेड़े मोहे, हेमा पाठक एवं आकांक्षा शर्मा का शास्त्रीय नृत्य, अंजलि प्रतिमा, साक्षी, निधि, खुशबू, नेहा शिवांगी का सामूहिक होली गीत एवं छठ गीत की प्रस्तुति शानदार रही।दर्शक दीर्घा में लोग गीत नृत्य देखकर हर्षित होकर झूम उठे।नंदिनी का गीत बोले पैजानिया पर भी लोगों ने खूब तालियां बजाई तो वही आकांक्षा शर्मा एवं उनके साथी दीपक, ओमकार सिमरन खुशबू, नीरज एवं अन्य लोगों का बारहमासा पूरे महोत्सव के कार्यक्रम में चार चांद लगा दी। सनोज सागर एवं नेहा आर्या के गीत संगीत ने भी समा बांध दी। विदित हो कि वर्तमान परिदृश्य में दानिका परिवार के सभी कलाकार जिले के सभी महोत्सव में अपना जलवा दिखाते हैं तो वही जिले के बाहर अन्य जिलों में भी जहां महोत्सव के कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं वहां भी अमिट छाप छोड़कर आते हैं। बिहार राज्य के बाहर अन्य प्रांत में विंध्याचल के कजली महोत्सव में भी यहां के कलाकारों ने अपनी प्रतिभा दिखाई है तो राष्ट्रीय युवा महोत्सव में भी इस परिवार की विशिष्ट उपलब्धि रही है।

## सभी मंत्रियों की जाच होनी चाहिए : पूर्व मंत्री सुरेंद्र यादव

प्रात: किरण संवाददाता



गया।राजद की शुरू होने वाली जनविश्वावस यात्रा के तैयारी के लिए गया जिला में एक बैठक आयोजित किया गया।जिसकी देख रेख पूर्व सहकारिता मंत्री सुरेंद्र यादव के देख रेख मे पुरी बैठक चली, इस कार्यक्रम की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष मोहम्मद मुर्शीद आलम उर्फ नेजाम भाई की अध्यक्षता में बैठक हुई, जिसमें पुरे गया जिला के सभी प्रखंड अध्यक्ष और राष्ट्रीय और प्रदेश स्तरीय नेता इस कार्यक्रम में शामिल हुए।इस कार्यक्रम में मिडिया को संबोधित करते हुए पूर्व सहकारिता मंत्री सुरेंद्र प्रसाद यादव ने कहा कि नीतीश कुमार अभिभावक है और अभिभावक रहेगे, लेकिन गलती करने वालो को सजा जरुर मिले, सिर्फ कुछ खास मंत्री की जाच क्यों हो पुरे केबिनेट की जाच की जाए जिसमें मे भी शामिल हु मेरे भी जाच सरकार कराए, वीजेपी पर तंज कसते हुए कहा कि गंगा जल छिडक लिए तो पवित्र हो गये, इससे काम नही चलने वाले हैं। केन्द्र से बिहार सरकार सभी सता बैठे लोग की जाच होनी चाहिए ।वही किसानों को समस्या को बताते हुए कहा कि सरकार किसान विरोधी है आज तक बिहार के किसानों गेहूं की खरीदारी क्यों नहीं की गई है।आज तक धान बोनस देने की क्यो धोषणा नही की गई है इस विभाग में अभी तक आठ सौ करोड रुपए पडा है। जिसमें दीमक खा रही है उस रुपया का उपयोग क्यों नहीं हो रहा है पूर्व मंत्री ने कहा कि सरकार चलाना सिर्फ एक ढोग है सिर्फ ठग है।ठग नही है तो दिल खोलकर किसानों के हित में काम करे और किसानों के लिए रुपए खर्च करे।हमारा राज्य का किसान बहुत ही सिधा है जब भारत मे पंजाब और दिल्ली तरफ जा रहे हैं तो बिहार के किसानों को पटना चलना चाहिए अगर नही जाता है तो उसके हक और अधिकार नही मिलेगा, वही जनविश्वावस यात्रा मे उप मुख्यमंत्री तेजस्वी यादव द्वारा सभी कार्यकताओं को शपथ दिलाई जाएगे यह लडाई अब आर पार की होगी और यह लडाई चुनाव तक चलेंगी, सभी को लगता है कि राजद में कोई दम खम नही है लेकिन गलत है जो राजद के साथ गठबंधन है अटुट गठबंधन है जीने मरने का गठबंधन है कुछ लोग गठबंधन दिन में बनाते हैं और रात में तोड देते हैं तो इससे हमारा कोई नही है वही राजद युवा विग के प्रदेश उपाध्यक्ष विश्वनाथ यादव ने कहा कि युवाओं को जिधर मोड ले चली जाएगी, इस कार्यक्रम में युवा राजद की अहम भूमिका निभाई गी, पूर्व उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव को सिमा से प्रवेश करते ही सभा में हर प्रखड से युवाओं को अधिक से अधिक संख्या में युवाओं को भागीदारी होगी, प्रदेश उपाध्यक्ष विश्वनाथ यादव ने आगे कहा कि उप मुख्यमंत्री तेजस्वी यादव की सरकार फिर से बनेगी तो सभी युवाओं को रोजगार मिलेगा, युवा को भी महत्व देना चाहिए जिला कमेटी को युवाओं को।

## प्रदेश सचिव ने मुख्य योजनाओं कि ओर ध्यान आकृष्ट कर मुख्यमंत्री से की चर्चा

प्रात: किरण संवाददाता



गया।बिहार में एनडीए की नई सरकार गठन के बाद मुख्यमंत्री आवास पर मिलकर जदयू के प्रदेश सचिव अरुण कुमार राव ने बधाई देते हुए गया जिला के कई मुख्य योजनाओं कि ओर ध्यान आकृष्ट करते हुए चर्चा किया जदयू नेता अरुण कुमार राव ने बयान जारी करते हुए कहा कि बिहार में एनडीए की नई सरकार के गठन से राज्य के चौमुखी विकास का कार्य और तीव्र गति होगा उन्होंने कहा नीतीश कुमार जी क्राइम, क्रप्शन, कोमीलिजम से कभी समझौता नहीं किया है नीतीश कुमार 2005 से लगातार बिहार के विकास के लिए निरंतर काम करते आ रहे हैं चाहे गठबंधन किसी के साथ रहे काम करने में कोई फर्क नहीं पड़ता है वे अपने मिशन पर जनहित में जनता के लिए काम करते रहते हैं जिनका उदाहरण है बिहार के आर्थिक विकास की गति आज देश में सबसे तेज है जबकि 7.24 प्रतिशत की राष्ट्रीय औसत की तुलना में वित्तीय वर्ष 2022-23 में बिहार राज्य के सकल घरेलू उत्पाद में 10.64 प्रतिशत की वृद्धि हुई है मुख्यमंत्री नीतीश ने बिहारियों का मान बढ़ाया है बिहार के विकास कि चर्चा देश - दुनिया में होने लगा है नीतीश कुमार जी बिहार में न्याय के साथ विकास एवं सुशासन राज्य स्थापित किए हैं हमारे पास नीतीश जैसा नेता हैं विचारधारा है, काम के आधार पर इसीलिए 18 साल से बिहार में विकास का झंडा लहरा रहा है आगे उन्होंने कहा कि गठबंधन किसी के साथ रहा हो लेकिन नीतीश जी ने अपने दामन पर दाग नहीं लगने दिया कानून का राज कायम किया उन्होंने अल्पसंख्यक, अनुसूचित अतिपिछड़ा - पिछडा एवं सभी वर्गों को मान सम्मान देने का काम किया है।

## पेंशनरों एवं शिक्षकों के हितैषी कृष्णा सिंह के निधन पर शोक सभा का आयोजन

प्रात: किरण संवाददाता



औरंगाबाद। जिला मुख्यालय औरंगाबाद के रामनरेश सिंह संस्कृत महाविद्यालय के प्रांगण में पेंशनर समाज के सदस्य, सेवानिवृत शिक्षक कृष्णा सिंह के आकस्मिक निधन पर एक शोक सभा का आयोजन किया गया। जिला हिंदी साहित्य सम्मेलन औरंगाबाद के महामंत्री धनंजय जयपुरी के संचालन में उपस्थित लोगों ने उनके सम्मान में 2 मिनट का मौन रखकर उन्हें श्रद्धांजलि दी एवं कहा कि वे एक कुशल शिक्षक के रूप में जाने जाते थे।

शिक्षा के प्रति वे हमेशा समर्पित रहा करते थे।पेंशनर समाज के सदस्यों को भी विशेष मदद किया करते थे। उनके असमय जाने से अपूरणीय क्षति हुई है।मौके पर सिंहा कॉलेज के अवकाश प्राप्त प्रोफेसर डॉ सिद्धेश्वर प्रसाद सिंह, प्रो शिवपूजन सिंह, रामभजन सिंह, कॉलेज के प्राचार्य सूरजपत सिंह, सुरेश सिंह, रविंद्र सिंह किशोर कुमार, संजय सिंह विनय मामूली बुद्धि, नागेंद्र प्रसाद केसरी, पिंटू गुप्ता, संतोष सिंह, अजय शर्मा सहित अन्य उपस्थित थे।

## नामवर सिंह के पांचवी पुण्यतिथि पर सामयिक संवाद का आयोजन

प्रात: किरण संवाददाता



औरंगाबाद। सदर प्रखंड स्थित ग्राम जम्होर में जिला हिंदी साहित्य सम्मेलन के तत्वावधान में अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सम्मानित हो चुके महान साहित्यकार नामवर सिंह के पांचवीं पुण्यतिथि पर सामयिक संवाद का आयोजन किया गया। जिला हिंदी साहित्य सम्मेलन औरंगाबाद के अध्यक्ष डॉ सिद्धेश्वर प्रसाद सिंह एवं महामंत्री धनंजय जयपुरी के आह्वान पर सामयिक संवाद के संबोधन के क्रम में जिला उपाध्यक्ष सुरेश विद्यार्थी ने कहा कि नामवर सिंह एक ऐसे साहित्यकार के रूप में जाने जाते हैं जिनकी लेखनी से जब किसी साहित्यकार की कृतियों पर समीक्षा हो जाता है तो उस साहित्यकार को एक प्रामाणिक साहित्यसेवी के रूप में लोग जानने लगते थे। आधुनिक हिंदी साहित्य में नामवर की रचनाओं में छायावाद, कविता के नए प्रतिमान, दूसरी परंपरा की खोज, वाद विवाद संवाद उत्कृष्ट कोटि की समालोचनात्मक एवं संरचनात्मक कृतियों में से एक है। जो, आधुनिक हिंदी साहित्य की वैज्ञानिक आधारशिला की पृष्ठभूमि बनी। कालजई साहित्यकार आचार्य हजारी प्रसाद द्विवेदी के परम शिष्यों में से एक नामवर सिंह की साहित्यिक प्रेरणा में अध्ययनशीलता, वैचारिकता की प्रधानता रही है।

नामवर सिंह की शुरूआत साहित्य में अपभ्रंश से रही है।लेकिन, निरंतर समसामयिक साहित्य से जुड़कर आधुनिक हिंदी साहित्य में प्रगतिशील आलोचना के सशक्त हस्ताक्षर के रूप में उन्हें जाना जाता है।सामयिक संवाद के मौके पर अधिवक्ता राम पुकार ओझा, राणा सुनील ,गायक अमित कुमार सिंह शिक्षक नवीन कुमार, राहुल कुमार सोमप्रकाश रविकर सौरभ राज की विशेष सहभागिता रही।

## प्रधानमंत्री भारत के सेवा करने के लिए ही पद पर आसीन : डॉ. मनीष पंकज मिश्रा

प्रात: किरण संवाददाता



गया।भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अधिवेशन में देश के ओजस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र भाई मोदी के द्वारा प्रतिनिधियों को संबोधित करते हुए कहा की हर हालत में 2047 में भारत विकसित राष्ट्र की श्रेणी में आयेगा ये मैं गारंटी अपने देश के 140 करोड़ देशवासियों को देता हूं 2024 का चुनाव 400 प्लस की ऐतिहासिक जीत के लिए सारे कार्यकर्ता एकजुट होकर एक सप्ताह तक प्रत्येक घर में जाकर मेरा तरफ से प्रधान सेवक मोदीजी का प्रणाम करें इस राष्ट्रीय अधिवेशन में उपस्थित भाजपा नेता डॉक्टर मनीष पंकज मिश्रा ने कहा देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र भाई मोदी देश के प्रधानमंत्री के रूप में नहीं वल्कि भारत के सेवा करने के लिए ही पद पर आसीन हैं ऐसे देश के प्रधानमंत्री को अपने देश में ही नहीं बल्कि विदेश में भी मोदीजी के ऐतिहासिक कार्यो से भारत का अलग पहचान बना।प्रधानमंत्री का संदेश प्रत्येक कार्यकर्ता घर घर जाकर मोदी के संदेश को पहुंचाएंगे।

## डूबने से एक बच्चे की मौत

प्रात: किरण संवाददाता

दरभंगा। पूर्वी प्रखंड के केवटगामा दिघिया पर टोला में बीती रविवार की शाम डुबने से एक बच्चे की मौत हो गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार उक्त गांव के रोशन कुमार मुखिया के पुत्र देव कुमार मुखिया उर्फ देवा (4 वर्ष) टोला के बगल स्थित पोखर के किनारे शौच करने के लिए गया था।इसी दौरान पैर फिसलने से वह गहरे पानी में चला गया और डुबने से उसकी मौत हो गई। काफी देर तक घर नहीं आने पर उसका खोजबीन किया गया। लेकिन रात्रि होने की वजह से उसका कोई अता-पता नहीं चला। सुबह ग्रामीणों के सहयोग से पोखर के जलकुंभी को हटाने पर देवा का शव मिला। ग्रामीणों ने शव को पोखर से बाहर निकाला गया। सरपंच बबन दास के सूचना पर पहुंचे पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए डीएमसीएच भेज दिया है। मृतक बच्चे की मां संजीता कुमारी ने घटना की लिखित आवेदन पूर्वी सीओ को देते हुए मुआवजा की मांग किया है। घटना के बाद स्वजनों में कोहराम मचा है। मृतक के मां का रो रो कर बुरा हाल हो गया है।

## वार्षिक खेलकूद कार्यक्रम का हुआआयोजन

प्रात: किरण संवाददाता



गया। गया हवाई अड्डा पर खेल भावना को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से वार्षिक खेलकूद कार्यक्रमों का आयोजन विगत माह से चल रहा था, जिसका आज समापन समारोह का आयोजन किया गया है।इस कार्यक्रम में भारतीय विमानपतन प्राधिकरण के सभी कार्मिक उनके बच्चों सहित परिवार के सभी सदस्य हर्षोल्लास के साथ सम्मिलित हुए हैं।

इस कार्यक्रम के संबोधन के दौरान गया हवाई अड्डा के डायरेक्टर बंगजीत साहा ने सभी सदस्यों से खेल भावना के साथ सभी प्रतियोगिताओं में प्रतिभागिता के लिए आग्रह किया एवं सभी को इसके दूरगामी परिणाम जैसे बच्चों के शारीरिक क्षमता एवं मानसिक बुद्धिमत्ता के सर्वांगीण विकास के महत्व पर बल दिया गया है। इस कार्यक्रम के अंत में इस दौरान आयोजित सभी प्रतियोगिताओं के विजेताओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया है इस कार्यक्रम का आयोजन एवं संचालन गया हवाई अड्डा के खेलकूद विभाग सचिव अमरेश कुमार पाण्डेय द्वारा किया गया है।

गया हवाई अड्डा में आयोजित वार्षिक खेल समारोह में भारतीय विमानपतन प्राधिकरण के कार्मिकों के लिए बैडमिंटन, क्रिकेट, वॉलीबॉल आदि प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया एवं महिलाओं के लिए रस्साकशी, ब्लाइंड हिट, पुट द बॉल इन द बॉस्केट आदि तथा बच्चों के लिए स्पून रेस, हिट द विकेट और दौड़ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

## सीपीएम प्रखंड कमेटी की बैठक सम्पन्न

प्रात: किरण संवाददाता



दरभंगा। कुशेश्वरस्थान पूर्वी कामरेड रामजतन पासवान पूर्व विधायक स्मृति भवन प्रांगण में सीपीएम प्रखंड कमेटी की बैठक जिला कमेटी सदस्य सज्जन राय की अध्यक्षता में संपन्न हुई बैठक में 16 फरवरी को संयुक्त किसान मोर्चा ट्रेड यूनियन संगठनों के आवाहन पर ग्रामीण भारत बंद की सफल आयोजन के लिए पार्टी कार्यकर्ता एवं आम नागरिकों को बधाई दी गई बैठक मेंपांच डिसमिल जमीन एवं बढ़ती महंगाई, बेरोजगारी और मोदी सरकार के नीतियों के जरिए जनता की रोजी-रोटी पर हो रहे हमले के खिलाफ आयोजित आंदोलन को जारी रखते हुए आंदोलन तेज करने का संकल्प दोहराया गया। समस्तीपुर लोकसभा चुनाव की तैयारी की समीक्षा की गई एवं पार्टी सदस्यों का नवीकरण, नई भर्ती एवं पार्टी ब्रांच को मजबूत करने तात्कालिक मुद्दों पर हस्तक्षेप बढ़ाने की सहमति बैठक में हुई। बैठक में उपस्थित सीपीएम जिला सचिव मंडल सदस्य राम अनुज यादव ने कहा कि बिहार में नीतीश कुमार ने पलटी मारने का रिकॉर्ड कायम कर बिहार के जनता के साथ विश्वास घात किया है। आने वाले दिनों में इसका खामियाजा उन्हें भुगतना पड़ेगा और बिहार की जनता उन्हें माफ नहीं करेगी। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार राजनीतिक फायदे के लिए धर्म का राजनीतिकरण कर रही है।लोकसभा चुनाव को ध्यान में रखकर भाजपा सांप्रदायिकता का जहर फैलाकर आम आदमी के बीच नफरत पैदा कर रही है। सीपीएम का नीति सभी धार्मिक विश्वासों को सम्मान देने की रही है। धर्म सभी व्यक्ति की व्यक्तिगत पसंद की चीज है, मगर भाजपा राजनीतिक लाभ के लिए धर्म का राजनीतिकरण कर रही है। लोकतंत्र, संविधान और धर्मनिरपेक्षता पर भाजपा तेजी से हमला कर रही है। उन्होंने कहा कि 2024 में भाजपा को सत्ता से अलग-थलग करने के लिए पूरे देश में इंडिया गठबंधन का अभियान चल रही है। उन्होंने गांव पंचायत स्तर पर इस अभियान को जारी रखते हुए भाजपा को सत्ता से हटाने के लिए संकल्प लेने का आवाहन किया। बैठक में उपस्थित सीपीएम जिला कमेटी सदस्य ललितेश्वर पासवान ने कहा कि बिहार में सत्ता परिवर्तन होते ही गरीब, दलित, अल्पसंख्यकों पर हमले तेजी से शुरू हुई है। फिर से दोबारा बुलडोजर राज स्थापित करने की कोशिश हो रही है। गरीबों को जमीन से बेदखल करने के लिए अंचल अधिकारी के द्वारा नोटिस थमाया गया है। बिना वैकल्पिक व्यवस्था किए हुए अगर गरीबों को उजाड़ा गया तो सीपीएम इसका पुरजोर विरोध करेगी।

### इंजीनियरिंग कॉलेज के छात्र रिवाल्वर एवं दो कारतूस के साथ गिरफ्तार

दरभंगा। लहेरिया सराय थाना की पुलिस के द्वारा गुप्त सूचना के आधार पर चट्टी चौक के समीप दरभंगा इंजीनियरिंग कॉलेज के एक छात्र को एक देसी रिवाल्वर एवं दो कारतूस के साथ गिरफ्तार किया गया।उक्त बातों की जानकारी देते हुए घर लहेरिया सराय थाना अध्यक्ष दीपक कुमार ने बताया कि गिरफ्तार व्यक्ति सहरसा जिले के बनगांव थाना क्षेत्र अंतर्गत गढ़िया गांव के गजेंद्र प्रसाद यादव के पुत्र आशीष कुमार जो दरभंगा इंजीनियरिंग कॉलेज के द्वितीय वर्ष के छात्र हैं और एक बार क्लास में ड्राप कर चुका हैं जो बीती रात सहरसा से लहरिया सराय रेलवे स्टेशन आने वाली ट्रेन से उतरने के बाद उसे गिरफ्तार किया गया जिससे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

## शहर में धडल्ले से मिल रहा है मिलावटी चने की सतू और बेसन

दरभंगा कार्यालय। दरभंगा शहर में मिलावटी चने की सतू एवम वेसन की बिक्री धड़ल्ले से हो रही है ।जिसके उपयोग से लोगो को फायदे की बजाय हानि हो रही है। बताया जाता है कि शहर के गंज स्थित इंडिस्टियल एरिया से लेकर भठियारी सराय, बाकरगंज गायत्री मन्दिर, नीम चौक, कादिराबाद इंडिस्टियल एरिया, कादिराबाद चौक, आदि मुहल्ले में दर्जनों चुरा मिल कार्यरत है ।जिसमे भूंजा सहित सतू और वेसन का निर्माण किये जाते है ।जिसमे सरकारी राशन दुकान में जो अरवा चावल गरीब के लिएआता है वह अरवा चावल इन मिल मालिकों के गोदाम में अबैध तरीके से आ जाता है जिसे ये मिल मालिक पीसकर चने में मिलाकर सतू और वेसन तैयार करते है और उसे धडल्ले से बाजार में सप्लाई करते है और अच्छी खासी कमाई करते है। जबकि बताया जाता है कि चना खुदरा 76 रुपये से लेकर 80 रुपये किलो बाजार में खुदरा भाव है परंतु इन मालिको के द्वारा 70 रुपये किलो तैयार कर सतू व्यापारियों के हाथ से बिक्री की जाती है ।जो सतू शहर के विभिन्न चौक चौराहे पर सतू का शर्बत बनाकर बेचने बाले दुकानदार 10रुपये से लेकर 12 रुपये गिलास लोगों को पिलाते है जो फायदा की बजाय हानि हो रहे है और लोग पेट की बीमारियों से ग्रसित हो रहे।

## बच्चों के समुचित मानसिक विकास के लिए खेल के साथ पढ़ाई भी जरूरी

प्रात: किरण संवाददाता



दरभंगा। बच्चों के समुचित मानसिक विकास के लिए खेल भी पढ़ाई की जरूरी है। इसलिए खेलकूद का आयोजन भी निरंतर होना चाहिए। इससे बच्चों का शारीरिक विकास होने के साथ ही उनकी मानसिक स्फूर्ति भी बढ़ती है। ये बातें डॉ प्रभात दास फाउण्डेशन के द्वारा आयोजित खेलकूद प्रतियोगिता में साधुगाछी मध्य विद्यालय के एचएम डॉ शिवशंकर कुमार ने कही। उन्होंने बताया कि आधुनिक समय में खेलकूद का क्षेत्र भी कैरियर निर्माण से जुड़ चुका है। ऐसे में अभिभावकों को भी चाहिए की वे बच्चों की नैसर्गिक प्रतिभा पर ध्यान दें। इससे भी फाउण्डेशन के द्वारा आयोजित म्यूजिकल चेयर रेस प्रतियोगिता में वर्ग एक से पांचवीं तक के 57 विद्यार्थियों ने भाग लिया। प्रतियोगिता दो ग्रुप में आयोजित हुई।ग्रुप ए में वर्ग एक से तीन और ग्रुप बी में वर्ग चार एवं पांच के बच्चे शामिल थे। जिसमें से ग्रुप ए में अरविंद कुमार को प्रथम, सुमित कुमार को द्वितीय और आइसा कुमारी को तृतीय स्थान के लिए पुरस्कृत किया गया। जबकि ग्रुप बी में तुलसी कुमारी, आयुष कुमार एवं सोनाली कुमारी को प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान के लिए पुरस्कार मिला। वहीं दोनों ही ग्रुपों से अन्य 10-10 प्रतिभागियों को सांत्वना पुरस्कार दिया गया। निर्णायक के तौर पर शिक्षिका अंजना कुमारी, रेणु कुमारी एवं रानी कुमारी मौजूद थी।

## मोदी सरकार की गारंटी यात्रा रथ मुहल्ले पहुचनें पर भव्य स्वागत

प्रात: किरण संवाददाता



दरभंगा। मोदी सरकार की गारंटी यात्रा रथ मुहल्ले मदारपुर वार्ड नम्बर 28 में पहुंचने पर भाजपा लहेरियासराय नगर मंडल अध्यक्ष संतोष पोद्दार के नेतृत्व में सैकड़ो कार्यकताओं एवं स्थानीय लोगों ने भव्य स्वागत किया। आमलोगों को केन्द्र सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी गई। आगामी 2047 ई .तक विकसित भारत बनाने का संकल्प भी लिया गया।भाजपा जिला प्रवक्ता अशोक नायक ने कहा की प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी लगातार गरीब गुरबा शोषित वंचित पिछड़ा को आगे बढ़ाने के लिए काम कर रहें हैं। इस यात्रा का लक्ष्य लोगों तक अमृत रेल परियोजना, युवा खिलाड़ी योजना, घर घर नल जल योजना, स्वच्छता, आवश्यक वित्तीय सेवाएं, बिजली कनेक्शन, जन औषधि के मध्यम सस्ती दवाई अच्छी दवाई, एल पी जी सिलेंडर की सुविधा पहुंचना हैं। खाद्य सुरक्षा योजना के तहत देश के 80 करोड़ लोगों को प्रतिमाह मुफ्त अनाज उपलब्ध कराई जारही हैं। आज कई लाभार्थियों को 5 लाख तक के मुफ्त इलाज हेतु आयुष्मान कार्ड, राशन कार्ड, विश्वकर्मा योजना एवं अन्य योजनाओं का पंजीकरण भी किया गया है। जिला मंत्री नरेश कुमार राम ने कहा की विश्वकर्मा योजना के तहत देश के परंपरागत रूप से काम करने वाले कारीगरों जैसे राज मिस्त्री, टोकरी बिनने वाले, हथौड़ा का काम करने वाले, टूल कीट बनाने वाले, जूता बनाने वाले, नाई का काम करने वाले, धोबी का कार्य करने वाले, दर्जी का काम करने वाले, मिट्टी का बर्तन बनाने वाले शिल्पकारों को नरेन्द्र मोदी सरकार 3 लाख रुपया तक का ऋण मात्र 5 प्रतिशत ब्याज पर दे रही हैं। व्यापार प्रकोष्ठ के छेत्रिय प्रभारी रतन कुमार साह ने कहा की नरेन्द्र मोदी ने 10 वर्षो में गरीब, किसान, युवाओं एवं महिलाओं को सशक्तिकरण करने का काम किए हैं। कार्यक्रम में नरेश राम, रतन साह, संजय भंडारी, स्टेट बैंक के प्रबंधक शिवेन्द्र मिश्रा प्रमुख रूप से थे।

# भारत ने कैसे निकाली बैजबॉल की हवा

## पहले टेस्ट से सबक लिया और फ्लैट पिचें बनवाकर इंग्लिश गेंदबाजों को बेअसर किया




**राजकोट (एजेंसी)।** भारत में बेअसर रहेगा बैजबॉल...। भारतीय क्रिकेट विशेषज्ञों की यह भविष्यवाणी अब सही हो रही है। राजकोट में भारत की रन के लिहाज से सबसे बड़ी टेस्ट जीत (434 रन) ने इस बात की गवाही भी दे दी है। इस जीत से टीम इंडिया ने इंग्लैंड के खिलाफ 5 मैचों की सीरीज में 2-1 की बढ़त हासिल कर ली है। चौथा मुकाबला रांची में 23 से 27 फरवरी के बीच खेला जाएगा। भारतीय प्लेयर्स ने पिछले 20 महीनों में इंग्लैंड को चमकाने वाले 'बैजबॉल' की हवा कैसे निकाली।

**फ्लैट पिचें बनवाईं और इंग्लिश स्पिनर्स बेअसर** – इंग्लैंड ने पहला मुकाबला 28 रनों से जीता और सीरीज में 1-0 की बढ़त हासिल कर ली। हैदराबाद में खेले गए इस मुकाबले में इंग्लिश स्पिनर्स ने 18 विकेट निकाले। डेब्यू कर रहे टॉम हार्टले ने कुल 9 विकेट चटकाए। उन्होंने पहली पारी में 2 और दूसरी पारी में 7 बल्लेबाजों को आउट किया। जो रूट को 5, जैक लीच और रेहान अहमद को 2-2 विकेट मिले।

ऐसे में भारत के टीम मैनेजमेंट ने विशाखापट्?टनम और राजकोट टेस्ट के लिए फ्लैट पिचें बनवाईं। बल्लेबाजी के अनुकूल बनाई गई फ्लैट पिचों पर इंग्लैंड के अनुभवहीन स्पिनर्स बेअसर हो गए। नतीजा यह रहा कि भारत ने दूसरा टेस्ट 106 और तीसरा टेस्ट 434 रनों से जीता।

### युवाओं की बल्लेबाजी ; यशस्वी और सरफराज ने स्वीप शॉट खेले

सीरीज में भारतीय टीम ने रजत पाटीदार, सरफराज खान और ध्रुव जुरेल जैसे युवा बल्लेबाजों को डेब्यू कराया। इससे मिडिल ऑर्डर में मजबूती आई। टॉप ऑर्डर में यशस्वी जायसवाल और शुभमन गिल पहले से मौजूद थे। इन युवाओं ने स्वीप और रिवर्स स्वीप शॉट खेले, जिससे इंग्लैंड की गेंदबाजी कमजोर हुई। सीरीज की 6 पारियों में यशस्वी जायसवाल 109 के औसत से 545 रन बना चुके हैं। गिल ने भी एक शतक और एक अर्धशतक के दम पर 252 रन बनाए।

### भारतीय तेज गेंदबाजों की रिवर्स स्विंग

दूसरे और तीसरे टेस्ट में भारत के तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह और मोहम्मद सिराज ने रिवर्स स्विंग का प्रयोग किया। इसका दोनों को फायदा भी मिला। वे सीरीज के टॉप विकेटटेकर हैं। बुमराह के नाम 3 मैचों में 17 विकेट हैं। उन्होंने दूसरे टेस्ट में कुल 9 विकेट लेकर भारत को जीत दिलाई। पहले टेस्ट में बुमराह के नाम 6 विकेट रहे। बुमराह के अलावा, सिराज ने 4 विकेट हासिल किए। सिराज को चारों सफलताएं राजकोट टेस्ट में मिलीं।

# बुमराह को चौथे टेस्ट से मिल सकता है आराम

## रिपोर्ट में दावा– आखिरी मैच खेलना और न खेलना रांची की जीत–हार पर निर्भर करेगा




| विकेट | मैच | इकोनॉमी | बेस्ट |
|---|---|---|---|
| 17 | 3 | 2.87 | 6/45 |

**धर्मशाला (एजेंसी)।** तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह को भारत और इंग्लैंड के बीच चल रही टेस्ट सीरीज के चौथे मुकाबले से आराम दिया जा सकता है।

यह दावा क्रिकेट वेबसाइट ने किया है। वेबसाइट ने एक रिपोर्ट में लिखा कि बुमराह धर्मशाला में पांचवां और अंतिम टेस्ट खेलेंगे या नहीं, इसका फैसला बाद में होगा और यह 23 फरवरी से शुरू होने वाले चौथे टेस्ट के नतीजे पर निर्भर करेगा। 30 साल के बुमराह इंग्लैंड के खिलाफ सीरीज में टॉप विकेटटेकर हैं। वे तीन मैचों में सबसे ज्यादा 17 विकेट ले चुके हैं। रिपोर्ट में बताया गया कि टीम इंडिया मंगलवार 20 फरवरी को राजकोट से रांची के लिए उड़ान भरेगी और बुमराह के टीम के साथ यात्रा करने की संभावना नहीं है। वे सोमवार को राजकोट से अहमदाबाद जा सकते हैं। किसी और खिलाड़ी के अगला टेस्ट नहीं खेलने की कोई सूचना नहीं है। हालांकि भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) का कोई अधिकृत बयान नहीं आया है।

### बुमराह को आराम क्यों दिया गया

वर्कलोड मैनेजमेंट के तहत बुमराह को आराम देकर आखिरी टेस्ट में तरोताजा रखना है। बुमराह इस सीरीज के तीन मुकाबलों में 17 विकेट लिए हैं। वे तीन मैचों में 80.5 ओवर गेंदबाजी कर चुके हैं। ऐसे में सिलेक्टर्स को लगता है कि उन्हें आराम की जरूरत है।

### सिराज को दूसरे टेस्ट में ब्रेक दिया था

बुमराह की जगह तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज को तीसरे मुकाबले में मौका मिल सकता है। उन्हें दूसरे टेस्ट में रेस्ट दिया गया था। वे सीरीज के आखिरी 2 टेस्ट में भारतीय आक्रमण को लीड करेंगे।

## संक्षिप्त समाचार

### अनुष्का सेन ने धोनी के साथ भावुक रिश्ते पर किया चौकाने वाला खुलासा



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** ग्लोबल पर्सनेलिटी और अभिनेत्री अनुष्का सेन ने भारत के पूर्व कप्तान महेंद्र सिंह धोनी के साथ अपने रिश्ते के बारे में खुलासा किया है। 21 साल की अनुष्का बीते दिनों ही अपना पहला घर खरीदने के कारण चर्चा में आई थी। रांची की रहने वाली यह मॉडल 'ह्यूमन्स ऑफ बॉम्बे' पॉडकास्ट पर दिखाई दीं, जहां उन्होंने खुलासा किया कि वह धोनी के साथ एक करीबी रिश्ता साझा करती हैं और उन्हें अपना सबसे अच्छा रिलेशनशिप गुरु बताया।

सेन ने खुलासा किया कि वह एक विज्ञापन शूट के दौरान सीएसके ) के कप्तान से मिलीं और रांची से जुड़ गईं। उन्होंने कहा कि ईमानदारी से कहूं तो यह अभी भी एक सपने जैसा लगता है। उनके बारे में सबसे अच्छी बात यह है कि वह सभी के साथ समान आदर के साथ व्यवहार करते हैं। इससे कोई फर्क नहीं पड़ता कि आप कैमरे के पीछे काम कर रहे हैं या अभिनेता हैं।

अनुष्का ने कहा कि मुझे सेट पर पहला दिन याद है। सहायक निर्देशक ने कहा कि क्या आप माही से मिलना चाहते हैं? मुझे ऐसा लगता है हां, यही तो मैं चाहती हूं। वह मेरा पसंदीदा क्रिकेटर है। वह मेरा पसंदीदा व्यक्ति है। हां, मुझे उससे मिलना है। मैं गई और उनसे मिली। उन्होंने कहा- आप कहां से हैं? मैं रांची से हूं। आप भी रांची से हैं न? इसने हमें एक बंधन में बांध दिया।

21 वर्षीया ने कहा कि वे दोनों साल में एक बार मिलते हैं, जहां वह बहुत सारी बातें शेयर करते हैं और जीवन के मुद्दों पर चर्चा करते हैं। उन्होंने यह भी खुलासा किया कि माही ने उन्हें सावधानी से डेट करने के लिए कहा था। उन्होंने मुझे कुछ टिप्स भी दिए।

# यशस्वी बोले- भारत में ट्रेन-बस में चढ़ना भी चैलेंज

## यहीं से चुनौतियों का सामना करना सीखा, टेस्ट क्रिकेट में बेस्ट देना चाहता हूं



**राजकोट (एजेंसी)।** टीम इंडिया ने राजकोट टेस्ट में रविवार को 434 रन से जीत हासिल कर ली है। 557 रन के टारगेट के सामने इंग्लैंड टीम चौथी पारी में 122 रन ही बना सकी। यशस्वी जायसवाल के दोहरे शतक की वजह से भारतीय टीम इंग्लैंड को 557 रन का टारगेट देने में सफल रही। जायसवाल ने 214 रन की पारी में 12 सिक्स लगाए। मैच के बाद यशस्वी ने कहा- मैं टेस्ट क्रिकेट में अपना बेस्ट देना चाहता हूं। मैंने बचपन से ही मेहनत करना सीखा है। भारत में बस, ट्रेन या ऑटो में चढ़ने के लिए भी कड़ी मेहनत करनी पड़ती है। मेरे बचपन से ही यही स्थिति रही है, जिसने मुझे चुनौतियों से लड़ने की आदत डाल दी है।

**रोहित-जडेजा से बहुत कुछ सीखा** – यशस्वी ने कहा- मैं खुद से कहता हूं कि जब मैं सेट हो जाऊं तो अच्छा स्कोर करूं, क्योंकि आप कभी भी आउट हो सकते हैं। सीनियर प्लेयर रोहित शर्मा और रवींद्र जडेजा से मैंने बहुत कुछ सीखा है। रोहित और जडेजा से प्रेरित होकर, मैं सेशन दर सेशन खेलता हूं। डगआउट में मैंने टेस्ट क्रिकेट में अपना 100त्न देने का फैसला किया। जब भी मुझे टेस्ट क्रिकेट में मौका मिलता है तो मेरा टारगेट बेस्ट प्रदर्शन करना होता है। अच्छे फॉर्म का फायदा उठाना और उसे महत्वपूर्ण उपलब्धियों में बदलना जरूरी है।

### टेस्ट क्रिकेट में 5 दिन बने रहना जरूरी - रोहित

भारतीय टीम के कप्तान रोहित शर्मा ने मैच के बाद कहा- जब आप टेस्ट क्रिकेट खेलते हैं तो आप इसे दो या तीन दिन में नहीं खेलते। आपको पांच दिन तक गेम में बने रहना है। हम तीसरे दिन अपनी योजनाओं पर अड़े रहे और जब ये चीजें हुईं, तो इस खेल के लिए नंबर 5 पर जडेजा का होना खुशी की बात है, हमने सोचा कि उनके पास इस फॉर्मेट में बहुत अनुभव है, और उन्होंने हाल ही में बहुत सारे रन बनाए हैं। हम साथ ही लेफ्ट-राइट बैटिंग भी चाहते थे। हम जानते हैं कि भारत में बोर्ड पर रन महत्वपूर्ण हैं। हमारे लिए बढ़त भी अहम थी, लेकिन गेंदबाजों ने काफी जज्बा दिखाया और इंग्लैंड के बैटिंग ऑर्डर को टक्कर दी। हम यह नहीं भूल सकते कि हमारे पास अपना सबसे अनुभवी गेंदबाज (अश्विन) भी नहीं था।

# बेन स्टोक्स बोले- अंपायर्स कॉल को हटा देना चाहिए

## डीआरएश पर क्रॉले के आउट पर कहा– हम थर्ड अंपायर के फैसले से आश्चर्यचकित थे



**राजकोट (एजेंसी)।** भारत के खिलाफ तीसरे टेस्ट में हार के बाद इंग्लैंड के कप्तान बेन स्टोक्स ने डिसीजन रिव्यू सिस्टम (डीआरएस) से अंपायर्स कॉल हटाने की मांग की है। स्टोक्स तीसरे टेस्ट की दूसरी पारी में जैक क्रॉले को एलबीडब्ल्यू आउट दिए जाने के फैसले से निराश थे। इसी वजह से उन्होंने डीआरएस नियम में बदलाव की मांग की है। राजकोट में खेले गए इस मुकाबले को भारतीय टीम ने रिकॉर्ड 434 रनों से जीता और 5 मैचों की सीरीज में 2-1 की बढ़त बना ली है। चौथा मुकाबला रांची में 23 फरवरी से खेला जाएगा। मुझे लगता है कि अंपायर्स कॉल को हटा देना चाहिए मैच के बाद स्टोक्स और इंग्लैंड के कोच ब्रेंडन मैक्कुलम को मैच रेफरी जेफ क्रो से बातचीत करते देखा गया था। स्टोक्स ने कहा, रिप्ले में बॉल साफ तौर पर स्टंप से बाहर जा रही थी। ऐसे में जब अंपायर्स कॉल का फैसला आया तो हम थोड़ा आश्चर्यचकित थे। इसलिए हम हॉक-आई के लोगों से स्पष्टता चाहते थे। इस पर रेफरी ने कहा कि नंबरों के अनुसार बॉल स्टंप हिट कर ही थी, लेकिन प्रोजेक्शन गलत था। मैं इसका मतलब नहीं जानता। ऐसा नहीं है कि इसके लिए किसी को दोष दे रहा हूं। मुझे नहीं पता कि यह सब क्या चल रहा है?

स्टोक्स ने आगे कहा, मुझे लगता है कि अंपायर्स कॉल फैसले को हटा देना चाहिए। अगर गेंद स्टंप से टकरा रही है, तो आउट दे देना चाहिए।

**क्रॉले 11 रन बनाकर आउट हुए** – राजकोट टेस्ट में इंग्लैंड के ओपनर जैक क्रॉले एलबीडब्ल्यू हो गए थे। उन्हें जसप्रीत बुमराह ने 9वें ओवर की दूसरी बॉल पर पवेलियन भेजा। क्रॉले 26 बॉल पर 11 रन बना सके। जब क्रॉले 11 ही रन बनाकर खेल रहे थे, तब बुमराह की बॉल पर एलबीडब्ल्यू की जोरदार अपील हुई। फील्ड अंपायर कुमार धर्मसेना ने क्रॉली को आउट करार दिया था। इसके बाद इंग्लिश ओपनर ने ष्ठक्रस् ले लिया, बॉल-ट्रैकिंग के दौरान दिखा गेंद लेग स्टंप को छूकर जा रही है। इसके बाद अंपायर्स कॉल के कारण उन्हें पवेलियन लौटना पड़ा, जिससे वो काफी नाराज दिखे।

# भारतीय क्रिकेटर फैज फजल ने लिया पेशेवर क्रिकेट से संन्यास



**नागपुर (एजेंसी)।** विदर्भ के पूर्व कप्तान और देश के लिए एकमात्र एकदिवसीय मैच खेलने वाले फैज फजल ने पेशेवर क्रिकेट से संन्यास ले लिया है। फजल ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट इंस्टाग्राम की पोस्ट में लिखा, 'कल नागपुर के मैदान पर मैं अंतिम बार क्रिकेट खेलने उतरूंगा, जहां 21 वर्ष पहले मेरी प्रथम श्रेणी क्रिकेट की यात्रा शुरु हुई थी। यह एक कभी ना भूलने वाली याद है, जिसे मैं जिंदगी भर याद करता रहूंगा।

उन्होंने कहा, 'विदर्भ और भारतीय टीम का प्रतिनिधित्व करना और उन जर्सियों को पहनना मेरे लिए गौरव का विषय रहा है। मैं अपनी 24 नंबर की जर्सी को काफी मिस करूंगा। एक अध्याय के समाप्त होने पर दूसरा अध्याय आपका इंतजार कर रहा होता है। मैं देखता हूं जिंदगी आगे मुझे कैसे अवसर प्रदान करती है। उल्लेखनीय है कि फैजल ने जिम्बाब्वे के खिलाफ अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में पदार्पण किया था। उन्होंने भारत के लिए एकमात्र खेले गये एकदिवसीय मैच में अर्धशतक लगाया था। उन्होंने 17 दिसंबर 2003 को विदर्भ क्रिकेट ग्राउंड पर अपना पहला रणजी मैच खेला था।

रणजी ट्रॉफी पर्दापण मैच में फैज ने 151 रन बनाए थे। उन्होंने कुल 137 प्रथम श्रेणी, 113 रन लिस्ट ए मैच और 66 टी-20 मैच खेले है। उन्होंने 53 प्रथम श्रेणी, 36 लिस्ट ए और 27 टी-20 मुकाबलों में विदर्भ के लिए कप्तान की। वह विदर्भ की ओर से प्रथम श्रेणी और लिस्ट ए क्रिकेट दोनों में ही सर्वाधिक रन बनाने वाले बल्लेबाज हैं। वह विदर्भ की ओर से 100 से अधिक मैच खेलने वाले इकलौते खिलाड़ी भी हैं। उन्होंने प्रथम श्रेणी क्रिकेट में 24 शतक और 39 अर्धशतकों के साथ 9184 रन बनाये हैं। उन्होंने लिस्ट ए क्रिकेट में 67.91 की औसत से 3641 रन बनाए हैं।

# जय शाह ने किया साफ, देश के लिए खेलने से पहले घरेलू क्रिकेट में खुद को साबित करना होगा



**मुम्बई (एजेंसी)।** भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) सचिव जय शाह ने केंद्रीय अनुबंधित भारतीय खिलाड़ियों से कहा है कि अगर वे देश के लिए खेलना चाहते हैं तो उन्हें घरेलू क्रिकेट में खुद को 'साबित' करना होगा। शाह ने इस सप्ताह की शुरुआत में खिलाड़ियों को लिखे एक पत्र में कहा कि बोर्ड को इंडियन प्रीमियर लीग की सफलता पर गर्व है लेकिन खिलाड़ियों की घरेलू क्रिकेट के स्थान पर इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) को प्राथमिकता देने की 'प्रवृत्ति' हमारी चिंता का कारण है।

उन्होंने लिखा, 'कुछ खिलाड़ियों ने घरेलू क्रिकेट के स्थान पर आईपीएल को प्राथमिकता देनी शुरू दी है। यह एक प्रवृत्ति बनकर उभरने लगी है और यही हमारे लिए चिंता का कारण है। हमने इस तरह की चीजों की अपेक्षा कभी नहीं की थी। घरेलू क्रिकेट हमेशा वह आधार रहा है, जिस पर भारतीय क्रिकेट खड़ा है। हमने कभी भी इस टूर्नामेंट को कम महत्व देने का प्रयास नहीं किया है।

उन्होंने कहा, 'इस बात को समझना बहुत ही आवश्यक है कि घरेलू क्रिकेट भारतीय क्रिकेट की रीढ़ है। यह लगातार कई सालों से भारतीय टीम को नई प्रतिभाएं देता रहा है। भारतीय क्रिकेट के लिए हमारा दृष्किोण शुरू से ही स्पष्ट रहा है कि भारत के लिए खेलने के इच्छुक प्रत्येक क्रिकेटर को घरेलू क्रिकेट में खुद को साबित करना होगा। घरेलू टूर्नामेंट में किसी भी खिलाड़ी के द्वारा किए गए प्रदर्शन को चयन प्रक्रिया में काफी महत्व दिया जाता है। अगर कोई खिलाड़ी घरेलू क्रिकेट में भाग नहीं लेता है तो इसके गंभीर प्रभाव होंगे।

उन्होंने कहा, 'यह पत्र किसी भी खिलाड़ी आलोचना नहीं कर रहा है, बल्कि उन मूल्यों की याद दिलाता है जिन्होंने वर्षों से भारतीय क्रिकेट को दिशा दिखाई है। सामूहिक रूप से हम इस बात का ऐलान करते हैं कि हम कहीं से भी घरेलू क्रिकेट के महत्व को कम नहीं करना चाहते या फिर हम इसकी मूल संचरना को कमजोर नहीं करना चाहते। यह हमारी जिम्मेदारी है कि भारतीय क्रिकेट को नई ऊंचाइयों पर लेकर जाने के लिए हमें एक साथ मिल कर काम करना होगा।

उल्लेखनीय है कि हाल ही के दिनों में घरेलू क्रिकेट में हिस्सा नहीं लेने वाले इशान किशन, श्रेयस अय्यर और दीपक चाहर जैसे खिलाड़ियों को लेकर काफी चर्चा हो रही है। बीसीसीआई के अनुबंध के अनुसार श्रेयस अय्यर ग्रेड बी में हैं, वहीं इशान किशन ग्रेड सी में हैं।

# रणजी ट्रॉफी : रेलवे ने त्रिपुरा को हराकर रचा इतिहास

## लेकिन नॉक आउट में जगह बनाने में नाकाम




रणजी ट्रॉफी 2023-24 में रेलवे क्रिकेट टीम ने सोमवार,19 फरवरी को अगरतला के एमबीबी स्टेडियम में अपने अंतिम लीग मैच में त्रिपुरा को हराकर इतिहास रच दिया। रेलवे ने रणजी इतिहास का सबसे सफल रन चेज किया। हालांकि, फिर भी वह नॉकआउट स्टेज में जनग बनाने में नाकाम रही। रेलवे की टीम पहली पारी में विपक्षी टीम के 149 रनों के जवाब में 105 रनों पर ढेर हो गई थी। त्रिपुरा को 44 रनों की बढ़त मिली थी। घरेलू टीम ने दूसरी पारी में 333 रन बनाकर रेलवे के सामने 378 रन का लक्ष्य रखा। तीसरे दिन के सेकेंड हाफ में रेलवे ने लक्ष्य का पीछा करना शुरू किया। रेलवे की शुरुआत खराब रही। उसका शीर्ष क्रम लड़खड़ा गया और तीन विकेट पर 31 रन पर गिर गए। हालांकि, ओपनर बल्लेबाज प्रथम सिंह और मोहम्मद सैफ (106) ने चौथे विकेट के लिए 175 रन की साझेदारी की। इससे रेलवे को लक्ष्य का पीछा करने में मदद मिली।

**रेलवे ने सौराष्ट्र का रिकॉर्ड तोड़ दिया** –प्रथम ने 16 चौके और एक छक्के की मदद से नाबाद 169 रन बनाए। कप्तान उपेन्द्र यादव 27 रन बनाकर नाबाद रहे। रेलवे ने 103 ओवर में लक्ष्य हासिल कर लिया। रेलवे ने सौराष्ट्र का रिकॉर्ड तोड़ दिया। सौराष्ट्र की टीम 2019-20 में चैंपियन बनी थी। तब उसने उत्तर प्रदेश के खिलाफ 372 रन के लक्ष्य का पीछा किया था। 2008-09 सीजन में सर्विसेज के खिलाफ असम ने 370 रन का लक्ष्य हासिल किया था। वह सूची में तीसरे स्थान पर है।

**रेलवे के सात राउंड के बाद एलीट ग्रुप सी में 24 अंक** – रेलवे के सात राउंड के बाद एलीट ग्रुप सी में 24 अंक होंगे, लेकिन वह नॉकआउट में जगह बनाने से चूक जाएगा।

## 434 रन की रिकॉर्ड जीत पर रोहित शर्मा बोले–

# किसी भी पिच पर टेस्ट जीत सकता है भारत



**राजकोट (एजेंसी)।** कप्तान रोहित शर्मा ने रविवार को यहां सपाट पिच पर इंग्लैंड पर 434 रन की रिकॉर्ड जीत दर्ज करने के बाद कहा कि भारतीय टीम किसी भी पिच पर मैच जीतने की काबिलियत रखती है। भारत ने तीसरे टेस्ट के चौथे दिन रविवार को जीत के लिए 557 रन का लक्ष्य देकर इंग्लैंड को महज 122 रन पर समेटकर पांच मैच की श्रृंखला में 2-1 से बढ़त बना ली।

रोहित ने कहा, 'हमने इस तरह के विकेट पर पहले भी काफी मैच जीते हैं। टर्निंग पिच जहां गेंद टर्न लेती है, हमारी मजबूत बनी हुई हैं। इससे हमें संतुलन मिलता है। उन्होंने कहा, 'हमने कई वर्षों तक नतीजे दिए हैं और हम भविष्य में भी नतीजे हासिल करते रहेंगे। लेकिन हम कुछ निश्चित चीजों पर काबू नहीं रख सकते जैसे हम यह चर्चा नहीं करते कि हमें 'रैंक टर्नर पिच चाहिए या नहीं। हम मैच से दो दिन पहले स्थल पर आते हैं और वैसे भी हम दो दिन में क्या ही कर सकते हैं?

कप्तान ने कहा, 'क्यूरेटर फैसला करते हैं और पिच तैयार करते हैं। हमारे पास किसी भी विकेट पर खेलने और मैच जीतने की ताकत है। हमने जब दक्षिण अफ्रीका में केपटाउट में मैच जीता था तो हर कोई जानता था कि वो कैसा विकेट था। रोहित ने कहा कि भारतीय टीम ने सभी परिस्थितियों से निकलने का तरीका ढूंढ लिया है जो पहले तीन टेस्ट में देखा जा सकता है। उन्होंने कहा, 'पिछले तीन टेस्ट में, अलग अलग तरह की चुनौतियां थीं। पहले टेस्ट में हैदराबाद में गेंद स्पिन कर रही थी और पिच धीमी थी। विशाखापत्तनम में गेंद नीची रह रही थी। जैसे मैच आगे बढ़ा विकेट धीमा हो गया। यहां पहले दिन यह अच्छी रही।

रोहित ने कहा, 'आज हमने देखा कि गेंद टर्न ले रही थी और यह धीमी थी। यह पिचों की प्रकृति में होता है, हमें भारत में इस तरह की पिचें मिलती हैं। लेकिन अगर हमें 'रैंक टर्नर' मिलती हैं तो हम उन पर भी खेलेंगे।

देश दुनिया की ताजा तरीन खबरें पढ़ने के ऑन करें
www.pratahkiran.com @Pratahkiran
epaper.pratahkiran.com @Pratahkiran



## संक्षिप्त समाचार

### पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प ने लॉन्च किए जूते , कीमत 399 डॉलर

**वाशिंगटन , एजेंसी।** पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने न्यूयॉर्क के एक न्यायाधीश द्वारा नागरिक धोखाधड़ी मामले में उन पर और उनकी कंपनियों पर लगभग 355 मिलियन डॉलर का जुर्माना लगाने के एक दिन बाद एक स्नीकर लाइन लॉन्च की है। पूर्व राष्ट्रपति ने फिलाडेल्फिया में स्नीकर कॉन में ट्रम्प स्नीकर्स का अनावरण किया। मीडिया रिपोर्टों के अनुसार उन्होंने मंच पर सोने के स्नीकर्स की एक जोड़ी रखी, इसकी कीमत एक नई वेबसाइट पर 399 डॉलर थी और इसे नेवर सरेंडर हाई-टॉप स्नीकर नाम दिया गया। 2024 के राष्ट्रपति पद के चुनाव लिए उनके और राष्ट्रपति जो बाइडेन के बीच संभावित मुकाबले में जीओपी नामांकन में अग्रणी ट्रम्प ने कहा कि यह कुछ ऐसा है जिसके बारे में मैं 12-13 साल से बात कर रहा हूं, और मुझे लगता है कि यह एक बड़ी सफलता होने जा रही है। शनिवार की रात तक, 399 डॉलर्स के स्नीकर्स को वेबसाइट पर बिक चुके के रूप में सूचीबद्ध किया गया था। साइट के अनुसार, स्नीकर्स के 1,000 जोड़े खरीद के लिए उपलब्ध थे। वेबसाइट के अनुसार, पूर्व राष्ट्रपति 199 डॉलर में स्नीकर्स के दो संस्करण भी बेच रहे हैं, जिनके किनारों पर टी और 45 है। कोलोन और परफ्यूम प्रत्येक 99 डॉलर पर बिक्री के लिए हैं।

### व्लादिमीर पुतिन का पक्ष लेने पर निक्की हेली ने की डोनाल्ड ट्रंप की आलोचना

**वाशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिका में रिपब्लिकन राष्ट्पति पद की उम्मीदवार निक्की हेली ने रविवार को रूसी राष्ट्पति व्लादिमीर पुतिन का साथ देने के लिए अपने मुख्य प्रतिद्वंद्वी डोनाल्ड ट्रंप की आलोचना की। एबीसी न्यूज को दिए एक साक्षात्कार में हेली ने कहा कि पुतिन ऐसे व्यक्ति नहीं हैं, जिनके साथ अमेरिका दोस्ती कर सके। उन्होंने कहा कि हमें अमेरिकी लोगों को याद दिलाने की जरूरत है कि व्लादिमीर पुतिन हमारे दोस्त नहीं हैं। व्लादिमीर पुतिन अच्छे नहीं हैं। यह वह व्यक्ति नहीं है जिसके साथ हम मित्रता करना चाहते हैं। यह कोई ऐसा व्यक्ति नहीं है जिस पर हम भरोसा कर सकें। उन्होंने कहा कि पिछले सप्ताह कैरोलिना में डोनाल्ड ट्रंप ने कहा था कि हम पुतिन को प्रोत्साहित करेंगे।

### गाजा में इजरायली हमलों में अब तक लगभग 29 हजार फिलिस्तीनियों की मौत

**गाजा, एजेंसी।** हमास द्वारा संचालित स्वास्थ्य मंत्रालय ने कहा कि गाजा पट्टी में इजरायली हमले में फिलिस्तीनी मृतकों की संख्या बढ़कर 28,985 हो गई है। शिन्हुआ समाचार एजेंसी को भेजे गए एक प्रेस बयान में, मंत्रालय ने रविवार को कहा कि 7 अक्टूबर, 2023 को इज़रायल-हमास संघर्ष शुरू होने के बाद से तटीय इलाके में 68,883 फिलिस्तीनी घायल हो गए हैं। समाचार एजेंसी शिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, मंत्रालय ने कहा कि इजरायली सेना ने पिछले 24 घंटों के दौरान 127 फिलिस्तीनियों को मार डाला और 205 अन्य को घायल कर दिया। इसमें कहा गया है कि भारी बमबारी और नागरिक सुरक्षा व एम्बुलेंस कर्मचारियों की कमी के बीच कुछ पीड़ित मलबे में दबे हुए हैं।

### अमेरिकी सीनेट द्वारा इज़राइल के लिए 14 अरब डॉलर के सहायता पैकेज को मंजूरी की ईरान ने की निंदा

**तेहरान, एजेंसी।** ईरान के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता नासिर कनानी ने इजरायल के लिए 14 अरब डॉलर के सहायता पैकेज को मंजूरी देने के लिए अमेरिकी सीनेट की निंदा की है, उन्होंने कहा कि इससे गाजा पट्टी में और अधिक रक्त बहेगा। समाचार एजेंसी शिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, कनानी ने इजरायल को सुरक्षा सहायता के लिए अमेरिकी सीनेट द्वारा 13 फरवरी को दी गई मंजूरी के जवाब में रविवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर टिप्पणी की। उन्होंने कहा कि अमेरिकी करदाताओं द्वारा वित्त पोषित अमेरिकी सीनेट के फैसले से पता चलता है कि इजरायली प्रधान मंत्री बेंजामिन नेतन्याहू और उनकी सरकार को निर्दोष फिलिस्तीनी नागरिकों की हत्या के लिए अमेरिका से प्रति दिन 100 मिलियन डॉलर मिलेंगे। अमेरिकी सीनेट ने विधेयक को 29 के मुकाबले 70 मतों से पारित कर दिया।

### मोरक्को की नौसेना ने अटलांटिक तट से 141 प्रवासियों को बचाया

**रबात, एजेंसी।** मोरक्को की नौसेना ने अटलांटिक तट के पास एक नाव से 141 प्रवासियों को बचाया। मीडिया ने रॉयल मोरक्कन सशस्त्र बलों के एक बयान का हवाला देते हुए यह जानकारी दी। तीन महिलाओं और दो नाबालिगों सहित सभी प्रवासी उप-सहारा अफ्रीकी देशों से थे। रविवार को जारी बयान के अनुसार, प्रतिकूल मौसम की स्थिति के कारण 15 घंटे तक चले ऑपरेशन में उन्हें बचाया गया। के हवाले से कहा गया है कि प्रवासी, जो 10 फरवरी को मॉरिटानिया तट से चले थे, उनका इरादा उत्तर-पश्चिमी अफ्रीका के तट से दूर एक स्पेनिश द्वीपसमूह कैनरी द्वीप तक पहुंचने का था। उनकी नाव दखला बंदरगाह से लगभग 274 किमी दूर फंसी होने के बाद, प्रवासियों ने एक संकट संकेत भेजा, जिसे मोरक्को के अधिकारियों ने पकड़ा। बयान में कहा गया है कि आवश्यक देखभाल के बाद प्रवासियों को रॉयल जेंडरमेरी को सौंप दिया गया। आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार, मोरक्को की सेना ने 2023 में लगभग 87 हजार प्रवासियों को गिरफ्तार किया।

# यूक्रेन के अवदिव्का शहर पर रूस का कब्जा

**राष्ट्रपति पुतिन ने की सैनिकों की तारीफ**



**मास्को, एजेंसी।**
रूसी रक्षा मंत्री सर्गेई शोइगु ने कहा कि मास्को ने यूक्रेन के अवदिव्का शहर पर पूर्ण नियंत्रण कर लिया है। रक्षा मंत्रालय ने कहा कि लेफ्टिनेंट जनरल एंड्री मोर्डविचेव के नेतृत्व में सैनिकों ने यह सफलता हासिल की है। अवदिव्का में यूक्रेनी झंडे को हटाकर रूसी झंडा लगा दिया गया है। मई 2023 में बखमुत शहर पर कब्जे के बाद अवदिव्का का पतन रूस के लिए बड़ी उपलब्धि है। राष्ट्पति व्लादिमीर पुतिन ने इसे लेकर सैनिकों की जमकर तारीफ की है। रूसी रक्षा मंत्रालय की ओर से दावा किया गया है कि पिछले 24 घंटों में इस क्षेत्र में यूक्रेन ने 1,500 से अधिक सैनिक खोए हैं। अवदिव्का के पूर्ण नियंत्रण ने रूसी सैनिकों को डोनेट्स्क से अग्रिम पंक्ति को पीछे धकेलने में सफलता दिलाई है, जिससे सेना को यूक्रेनी हमलों से काफी हद तक सुरक्षा मिली है। यूक्रेनी सशस्त्र बल के कमांडर-इन-चीफ आलेक्जेंडर सि?र्स्की ने शनिवार को कहा कि अवदिव्का शहर से सैनिकों की वापसी का आदेश दिया गया है।इस बीच, रूसी रक्षा मंत्रालय के प्रवक्ता ने कहा है कि शहर को पूरी तरह से खाली कराने और यूक्रेनी सैनिकों को रोकने के उपाय किए जा रहे हैं, जो अवदिव्का कोक और केमिकल प्लांट में जमे हुए हैं। रूसी रक्षा मंत्रालय ने कहा कि रूस ने लगभग 32 वर्ग किलोमीटर क्षेत्र अपने कब्जे में ले लिया है। रूसी नुकसान का आंकड़ा नहीं दिया गया है। हालांकि, यूक्रेन का दावा है कि रूस को भी बड़ा नुकसान पहुंचा है।

## पापुआ न्यू गिनी में एक बार फिर भड़की आदिवासी हिंसा, कम से कम 53 लोगों की गोली मारकर हत्या

**मेलबर्न, एजेंसी।**
पापुआ न्यू गिनी में पिछले कुछ महीने से हिंसा की कई घटनाएं देखने को मिल चुकी हैं। हालांकि, सरकार बार-बार दावे करती रही है कि वो लोकतंत्र को मजबूती के साथ स्थापित करेगी, लेकिन जब भी उसकी ओर से कोई कदम उठाया जाता है तो कहीं न कहीं हिंसा की खबर आ जाती है। अब एक बार फिर यहां आदिवासी हिंसा में कम से कम 53 लोगों की गोली मारकर हत्या करने की जानकारी सामने आई है। यह सूचना ऑस्ट्रेलिया मीडिया ने सोमवार को स्थानीय पुलिस के हवाले से दी है।

ऑस्ट्रेलियाई मीडिया ने बताया कि दक्षिण प्रशांत द्वीप राष्ट्र के सुदूर हाइलैंड्स क्षेत्र में एंगा प्रांत में घात लगाकर हमला किया गया था। इससे कम से कम 53 लोगों की मौत हो गई, जबकि कई लोगों के घायल होने की भी जानकारी है। रॉयल पापुआ न्यू गिनी कांस्टेबुलरी के कार्यवाहक अधीक्षक जॉर्ज ने बताया कि पुलिस को जंगल में भागे घायलों के शव मिले हैं। इसके अलावा, सड़कों और नदी के किनारे से शवों को एकत्र किया गया है। इन शवों को ट्रकों पर लादकर अस्पताल ले जाया गया। अधिकारी अभी भी उन लोगों की गिनती कर रहे हैं, जिन्हें गोली मारी गई और घायल हुए। उन्होंने कहा कि हमारा अनुमान है कि घायलों और मरने वालों की संख्या 60 से 65 हो सकती है। बता दें, पापुआ न्यू गिनी की गिनती विकासशील देशों में होती है। यहां बड़ी संख्या में आदिवासी जातियां भी निवास करती हैं। करीब 800 से अधिक भाषाएं बोली जाती हैं। इससे पहले जनवरी में भी यहां हिंसा भड़की थी, जिसमें 16 लोगों की मौत हुई थी। घटना के बाद प्रधानमंत्री ने देश में इमरजेंसी की घोषणा कर दी थी। इसके साथ-साथ उन्होंने कई सरकारी पुलिसकर्मियों को भी निलंबित कर दिया था।

## नहीं सेट हो रहा जोड़-तोड़ का फॉर्मूला, नवाज-बिलाव की तीसरी बैठक भी बेनतीजा

**इस्लामाबाद, एजेंसी।**
पाकिस्तान के आम चुनाव के नतीजे आए नौ दिन हो गए हैं मगर अभी भी सरकार बनाने को लेकर किसी तरह कोई स्थिति तय नहीं हो पाई है। आम चुनाव के नतीजों में किसी भी पार्टी को बहुमत साबित नहीं हुआ है, इस वजह से वहां गठबंधन की सरकार बनाने की कवायद जारी है। गठबंधन सरकार के लिए सत्ता-बंटवारे के फॉर्मूले को लेकर नवाज शरीफ की पार्टी पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज और बिलावल भुट्टो जरदारी की पार्टी पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी (पीपीपी) के बीच बातचीत बेनतीजा रही। दोनों पक्षों ने हालांकि चर्चा में महत्वपूर्ण प्रगति का दावा किया। एक खबर में यह जानकारी दी गई है। दोनों दलों की संपर्क एवं समन्वय समितियों (सीसीसी) के बीच शनिवार को हुई तीसरी बैठक बेनतीजा रही और दोनों ने सत्ता-बंटवारे के फॉर्मूले को अंतिम रूप देने के लिए सोमवार को एक और बैठक करने का फैसला किया। बैठक के बाद पीएमएल-एन द्वारा जारी एक बयान में कहा गया है कि मजबूत लोकतांत्रिक सरकार की आवश्यकता पर बल देते हुए दोनों पक्षों के साथ बातचीत में महत्वपूर्ण प्रगति हुई है। एक संयुक्त बयान में कहा गया है, दोनों पक्षों द्वारा रखे गए प्रस्तावों पर गहन चर्चा की गई, हालांकि पर्याप्त प्रगति हासिल हुई है, लेकिन मौजूदा मामलों को अंतिम रूप देने के लिए और विचार-विमर्श की आवश्यकता है। नवाज शरीफ के नेतृत्व वाली पीएमएल-एन ने शहबाज शरीफ को प्रधानमंत्री पद के लिए नामित किया है। पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ पार्टी द्वारा समर्थित उम्मीदवारों ने नेशनल असेंबली की 265 में से 93 सीट पर जीत हासिल की।

# नए भारतीय दूत ने श्रीलंका के उत्तरी प्रांत का दौरा किया

**● दोनों देशों के बीच बेहतर कनेक्टिविटी का आह्वान**

**कोलंबो, एजेंसी।**
श्रीलंका में भारत के उच्चायुक्त संतोष झा ने पहली बार इस द्विपीय देश के उत्तरी प्रांत की आधिकारिक यात्रा की और दोनों देशों के बीच संपर्क को बेहतर बनने पर जोर दिया। भारतीय उच्चायोग ने रविवार को एक बयान में कहा कि नवनियुक्त भारतीय उच्चायुक्त ने शनिवार को द्वीपीय देश के उत्तर में अपनी तीन दिवसीय पहली यात्रा पूरी की। बयान के मुताबिक झा ने यात्रा के दौरान विभिन्न कार्यक्रमों में हिस्सा लिया जो ''द्विपक्षीय साझेदारी की गहरी जड़ें और उत्तरी प्रांत के साथ सामाजिक-आर्थिक और सांस्कृतिक संबंधों को गहरा करने के लिए भारत की दृढ़ प्रतिबद्धता की पुष्टि करता है।

झा ने कांकेसंतुराई (केकेएस) बंदरगाह और तलाईमन्नार पियर का दौरा करने के दौरान संपर्क को बेहतर करने पर जोर दिया। उन्होंने दोनों देशों के बीच नौका सेवाओं को शीघ्र फिर से बहाल करने की आवश्यकता भी बताई। बयान के मुताबिक पलाली हवाई अड्डे के दौरे के दौरान झा ने हवाई अड्डे पर बुनियादी ढांचे



के विकास के माध्यम से हवाई संपर्क मजबूत करने की संभावनाओं पर विचार किया। भारत की विमानन कंपनी 'अलायंस एयर ने 2023 में चेन्नई से पलाली के बीच उड़ानो की शुरुआत की थी जिसके बाद श्रीलंका ने इस हवाई अड्डे के रनवे विस्तार के लिए भारत से वित्तीय सहायता मांगी। बयान के मुताबिक, भारत और श्रीलंका के बीच समृद्ध और साझा सांस्कृतिक विरासत को रेखांकित करते हुए उच्चायुक्त ने ऐतिहासिक राम सेतु पर प्रार्थना की।

उन्होंने प्राचीन तिरुकेथीस्वरम मंदिर में भी दर्शन किये जिसका भारत सरकार के अनुदान से जीर्णोद्धार कराया गया है। बयान में कहा गया, '' 70 अरब श्रीलंकाई रुपये से अधिक की सहायता के साथ श्रीलंका के साथ भारत की बहुआयामी विकास सहयोग साझेदारी में उत्तरी प्रांत केंद्र में रहा है। यह यात्रा क्षेत्र के लोगों के प्रति भारत की अटूट प्रतिबद्धता को दोहराने का एक अवसर था। बयान के मुताबिक, उच्चायुक्त ने जाफना में भारतीय शांति रक्षक बल (आईपीकेएफ) के स्मारक पर श्रीलंका में सर्वोच्च बलिदान देने वाले भारत के वीर सपूतों को श्रद्धांजलि दी। झा ने दिसंबर 2023 में श्रीलंका में भारत के उच्चायुक्त के रूप में पदभार ग्रहण किया था।

# अभी और सांसद-विधायक टूटेंगे !

**फरवरी में कांग्रेस, आप और बसपा के नेता कर सकते हैं भाजपा का रुख**



**नईदिल्ली, एजेंसी।** कांग्रेस दिग्गज कमलनाथ के भारतीय जनता पार्टी में जाने की अटकलें हैं। हालांकि, इसे लेकर साफतौर पर अब तक कुछ नहीं कहा जा रहा है। इसी बीच खबरें हैं कि फरवरी में कांग्रेस समेत कई दलों के नेता पाला बदलकर भाजपा में जा सकते हैं। फिलहाल, दल बदल पर आधिकारिक तौर पर कुछ नहीं कहा गया है। कांग्रेस समेत बहुजन समाज पार्टी, आम आदमी पार्टी के कई सांसद और विधायक भाजपा में शामिल होंगे। कहा जा रहा है कि विपक्षी दलों के नेताओं का भाजपा में शामिल होना 29 फरवरी यानी महीने के अंत तक जारी रहेगा। रिपोर्ट के अनुसार, सूत्र ने कहा, सिर्फ सांसद और विधायक ही नहीं, बल्कि हाल ही में चुने हुए विधायक भी भाजपा में शामिल होने के लिए तैयार हैं। रिपोर्ट के मुताबिक, भाजपा के एक अन्य वरिष्ठ सूत्र ने संकेत दिए हैं कि यूपीए सरकार में केंद्रीय मंत्री रह चुके कांग्रेस के एक नेता ने रुचि दिखा रहे हैं। उन्होंने कहा, हमारी तरफ से अभी बातचीत शुरू नहीं हुई है। अटकलें हैं कि बसपा की लालगंज सांसद संगीता आजाद और आंबेडकर नगर सांसद रीतेश पांडे भाजपा में शामिल हो सकते हैं। खास बात है कि आजाद बसपा के संस्थापक सदस्यों के परिवार से हैं। हाल ही में महाराष्ट्र के तीन बड़े नेताओं ने कांग्रेस का साथ छोड़ा है। इनमें ताजा मामला पूर्व मुख्यमंत्री अशोक चव्हाण का है। वह भाजपा में शामिल हुए हैं और पार्टी ने उन्हें महाराष्ट्र से ही राज्यसभा का टिकट भी दिया है। इससे पहले पूर्व केंद्रीय मंत्री मिलिंद देवड़ा, बाबा सिद्दीकी भी कांग्रेस से इस्तीफा दे चुके हैं। एक ओर जहां देवड़ा मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे की अगुवाई वाली शिवसेना का हिस्सा बने।

वहीं, सिद्दीकी उपमुख्यमंत्री अजित पवार की राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी में शामिल हो गए हैं। देवड़ा को भी शिवसेना ने राज्यसभा का टिकट दिया है।

# मायावती ने एक बार फिर साफ किया लोकसभा चुनाव में किसी भी पार्टी से गठबंधन नहीं करेगी

**लखनऊ, एजेंसी।**
बसपा सुप्रीमो मायावती ने एक बार फिर साफ किया है कि आने वाले लोकसभा चुनाव में उनकी पार्टी किसी से गठबंधन नहीं करने जा रही। बसपा अकेले ही यह चुनाव लड़ेगी। मायावती ने गठबंधन को लेकर लग रही अटकलों को अफवाह करार देते हुए इन पर नाराजगी जताई है। अपने एक्स अकाउंट पर एक पोस?ट में मायावती ने कहा कि आए दिन गठबंधन को लेकर अफवाह फैलाना यह साबित करता है कि बीएसपी के बिना कुछ पार्टियों की यहां सही से दाल नहीं गलने वाली है।

सोमवार को एक के बाद एक दो पोस्ट में बसपा प्रमुख मायावती ने लिखा- आगामी लोकसभा आमचुनाव बीएसपी द्वारा किसी भी पार्टी से गठबंधन नहीं करने की बार-बार स्पष्ट घोषणा के बावजूद आएदिन गठबंधन



सम्बंधी अफवाह फैलाना यह साबित करता है कि बीएसपी के बिना कुछ पार्टियों की यहाँ सही से दाल गलने वाली नहीं है, जबकि बीएसपी को अपने लोगों का हित सर्वोपरि है। मायावती ने कहा कि लोकसभा चुनाव अकेले लड़ने का उनका फैसला बदलने वाला नहीं है। साथ ही कार्यकर्ताओं को चेताया कि वे अफवाहों से सावधान रहें। मायावती ने कहा कि उनकी पार्टी अपने बलबूते पर ही चुनाव लड़ेगी। किसी के साथ गठबंधन नहीं करेगी।

मायावती ने आगे लिखा, अतः सर्वसमाज के ख़ासकर ग़रीबों, शोषितों एवं उपेक्षितों के हित व कल्याण के मद्देनज़र बीएसपी का देश भर में अपने लोगों के तन, मन, धन के सहारे अकेले अपने बलबूते पर लोकसभा आमचुनाव लड़ने का फैसला अटल है। लोग अफवाहों से ज़रूर सावधान रहें। कांग्रेस प्रभारी ने कही थी ये बात बता दें कि हाल में कांग्रेस के यूपी प्रभारी अविनाश पांडे ने कहा था कि बसपा के लिए विपक्षी गठबंधन इंडिया के दरवाजे खुले हैं। अब मायावती को तय करना है कि वह आगामी लोकसभा चुनाव में भाजपा के खिलाफ एकजुट होकर लड़ना चाहती हैं या अकेले अपने दम पर।

# 600 गायों का कत्ल और होम डिलीवरी, अलवर की बीफ मंडी के खुलासे से हड़कंप

**अलवर, एजेंसी।**
राजस्थान के अलवर में बीफ मंडी के खुलासे से हड़कंप मच गया है। बीहड़ में सालों से चल रही बीफ मंडी पर राजस्थान की भजनलाल सरकार ने बड़ा ऐक्शन लिया है। जयपुर रेंज के आईजी ने किशनगढ़बास थाने के 4 पुलिसकर्मियों को निलंबित कर दिया है तो एसएचओ समेत 38 को लाइन हाजिर किया गया है। जिन पुलिसकर्मियो को निलंबित किया गया है उनमें एएसआई ज्ञानचंद, बीट कॉन्स्टेबल स्वयं प्रकाश, रविकात और हेड कॉस्टेबल रघुवीर शामिल हैं।

दरअसल, एक अखबार में इस बीफ मंडी की तस्वीरें छपीं तो जयपुर तक हलचल मच गई। खुद आईजी उमेश चंद्र दत्त ने छापेमारी की। इस दौरान 12 बाइक और एक पिकअप बरामद की गई है। गोवंश के अवशेष भी बरामद किए गए हैं और इन्हें परीक्षण के लिए भेजा गया है। बताया जा रहा है कि कई लोगों को हिरासत में लिया गया है। अलवर के किशनगढ़बास थाना



क्षेत्र में यह बीफ मंडी चल रही थी। बीहड़ के बीच बसे बिरसंगपुर के पास रूंध गिदवड़ा में दिनदहाड़े गोकशी होती थी। मीडिया रिपोर्ट में दावा किया गया कि यहां हर महीने 600 गायें काटीं जाती थीं। हर दिन बड़ी संख्या में लोग यहां मांस खरीदने पहुंचते थे। वही मेवात के करीब 50 गांवो में होम डिलीवरी भी होती थी। आरोप है कि किशनगढ़बास थाने के पुलिसकर्मियों को मंडी की पूरी खबर थी। लेकिन कोई ऐक्शन नहीं लिया जाता था। अलवर से करीब 60 किलोमीटर दूर इस इलाके में करीब बीफ की बिरयानी भी बेची जाती थी। मीडिया रिपोर्ट में दावा किया गया कि मांस और खाल बेचकर यहां के कुछ लोग महीने में 4 लाख से ज्यादा तक की कमाई कर रहे थे। रूंध गिदवड़ा में पुलिस के ऐक्शन से हड़कंप मच गया है।

## बच्चों का खेल नहीं है राजनीति- सुप्रिया सुले



**मुंबई, एजेंसी।** लोकसभा चुनाव 2024 से पहले महाराष्ट्र के पवार परिवार में रार जारी है। अटकलें हैं कि पवार परिवार का गढ़ कहे जाने वाले बारामती से शरद पवार के बेटी सुप्रिया सुले के सामने उपमुख्यमंत्री अजित की पत्नी सुनेत्रा चुनाव लड़ सकती हैं। खबर है कि इसे लेकर बारामती सांसद और सीनियर पवार की बेटी सुप्रिया सुले का कहना है कि राजनीति बच्चों का खेल नहीं है।
सुले से जब इन अटकलों के बारे में पूछा गया कि अजित पवार बारामती से अपनी पत्नी को उनके खिलाफ खड़ा कर सकते हैं, तो उन्होंने कहा, मेरे लिए, यह एक वैचारिक लड़ाई है। इसमें कुछ भी व्यक्तिगत नहीं है। (शरद) पवार साहब एक निश्चित विचारधारा के लिए खड़े हुए हैं और हम उसके लिए प्रतिबद्ध हैं। यह पारिवारिक लड़ाई कैसे हो सकती है।
उन्होंने कहा कि लोकतंत्र में कोई भी कहीं से भी चुनाव लड़ सकता है। उन्होंने कहा, मैंने कल (शनिवार को) कहा था कि अगर उनके पास कोई मजबूत उम्मीदवार है तो मैं उससे बहस करने को तैयार हूं। वे विषय, समय और स्थान तय कर सकते हैं। मैं तैयार हूं।
मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, सुले ने कहा, राजनीति में कोई रिश्ते नहीं होते, लेकिन जिम्मेदारियां जरूरी हैं। मैं रिश्ते और अपने काम को नहीं मिलाती हूं। यह विचारधारा की लड़ाई है। लोगों को मेरिट के आधार पर मुझे वोट देना चाहिए। अजित पवार किसी का नाम लिए बिना शरद पवार और सुप्रिया सुले पर पिछले कुछ दिन से तीखा हमला कर रहे हैं। उन्होंने हाल में कहा था कि संसद में भाषणों के लिए पुरस्कार मिलने से विकास कार्य नहीं होते।

मुद्रक तथा प्रकाशक रंजीत राय द्वारा स्वामी आर.डी. प्रिंटर एंड पब्लिशर्स प्राइवेट लिमिटेड, प्लॉट नं. सी-16 एवं 17, रोड नं. 9, पाटलिपुत्रा इंडस्ट्रीयल एरिया, पटना-800013 के पक्ष में आर.डी. प्रिंटर एंड पब्लिशर्स प्राइवेट लिमिटेड प्रेस से मुद्रित एवं सी-20, एस.के. पुरी, नियर बसावन पार्क, पटना, बिहार-800013 से प्रकाशित संपादक- देवन प्रसाद
(नोटः प्रकाशित सभी लेखों आदि से संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं और किसी भी कानूनी वाद-विवाद का निपटारा पटना न्यायालय में ही किया जाएगा।) RNI. No. BIHHIN/2013/ 49676, Email: news@pratahkiran.com, patna@ pratahkiran.com, 9212228045, 8130691216, 9971557129